RNI No. UPHIN/2021/82019

दैनिक

# सिद्धि सरकार

वर्ष - 03 | अंक - 257 | www.siddhisarkar.com | ललितपुर, गुरुवार, 09 मई 2024 | पृष्ठ : 12 , मूल्य : 3/- रूपये

# शहजादे ने अडाणी-अंबानी को गाली देना बंद किया: पीएम

## बताएं- रातों-रात ऐसी क्या डील हुई, जो चुप्पी साध ली, क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है

करीमनगर। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को तेलंगाना के करीमनगर में पहली बार अडाणी-अंबानी का नाम लेते हुए राहुल गांधी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा- पिछले 5 सालों से कांग्रेस के शहजादे दिन-रात एक ही माला जपते थे। 5 उद्योगपति, अंबानी और अडाणी। लेकिन जब से चुनाव घोषित हुआ है, इन्होंने अंबानी-अडाणी को गाली देना बंद कर दिया है...क्यों?

प्रधानमंत्री ने कहा- मैं कांग्रेस के शहजादे से पूछना चाहता हूं कि उन्होंने अडाणी और अंबानी से कितना माल उठाया है? काला धन के बोरे भर के रुपए मारे हैं? कांग्रेस पार्टी को चुनाव के लिए उन उद्योगपतियों से कितना माल मिला? क्या टेंपो भरकर माल पहुंचा है? पीएम के बयान पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा- वक्त बदल रहा है। दोस्त दोस्त ना रहा। तीन चरणों के चुनाव पूरे हो जाने के बाद आज प्रधानमंत्री जी अपने मित्रों पर ही हमलावर हो गए हैं।



### मोदी बोले- राहुल के अमेरिका वाले अंकल को दक्षिण भारतीय अफ्रीकन जैसे लगते हैं

पीएम ने वारंगल की रैली में इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के बयान पर भी जवाब दिया। उन्होंने कहा- अमेरिका में शहजादे (राहुल गांधी) के फिलॉसफर और गाइड अंकल (सैम पित्रोदा) हैं। वे कांग्रेस पार्टी में थर्ड अंपायर की तरह काम करते हैं। उन्होंने कहा है कि दक्षिण भारत के लोग अफ्रीकन जैसे लगते हैं। पीएम ने कहा- आज मैं बहुत गुस्से में हूं। लोग मुझे गाली दें तो मैं सह लूंगा। लेकिन शहजादे के फिलॉसफर ने देश के लोगों को इतनी बड़ी गाली दी है कि मेरे मन में गुस्सा भर गया है।

### तेलंगाना के बाद आंध्र प्रदेश जाएंगे प्रधानमंत्री

करीमनगर और वारंगल में भी जनसभा के बाद प्रधानमंत्री आंध्र प्रदेश के लिए निकल जाएंगे। वे यहां दो रैली और रोड शो करेंगे। दोपहर 3:45 बजे राजमपेट में और शाम 7 बजे विजयवाड़ा में रोड शो होगा। तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में 13 मई को चौथे चरण में वोटिंग होगी। तेलंगाना में 17 और आंध्र प्रदेश की 25 लोकसभा सीटों पर इस दिन वोटिंग होगी। इसके अलावा आंध्र प्रदेश की 175 विधानसभा सीटों पर भी वोट डाले जाएंगे। नतीजे 4 जून को आएंगे। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 7 मई को आंध्र प्रदेश के राजामहेंद्रवरम और अनकापल्ली में जनसभाएं की। उन्होंने राजामहेंद्रवरम में कहा- तुष्टीकरण के लिए कांग्रेस ने राम मंदिर का बहिष्कार किया।


## पित्रोदा के बयान से बैकफुट पर आई कांग्रेस, जयराम रमेश बोले- दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य बयान



**नई दिल्ली।** सैम पित्रोदा द्वारा भारतीयों की तुलना चीनी-अफ्रीकी लोगों से करने वाले बयान पर कांग्रेस बैकफुट पर दिखाई दे रही है। यही वजह है कि सैम पित्रोदा का बयान सामने आते ही पार्टी ने पित्रोदा के बयान से किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया पर साझा एक पोस्ट में लिखा कि %सैम पित्रोदा ने भारत की विविधता को बताने के लिए जिन उपमाओं का इस्तेमाल किया है, वे दुर्भाग्यपूर्ण और अस्वीकार्य हैं। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस इन उपमाओं से पूरी तरह असहमत है और इनसे किनारा करती है।

शिवसेना यूबीटी नेता प्रियंका चतुर्वेदी ने पित्रोदा के बयान पर कहा कि मैं उनके बयान से सहमत नहीं हूं, लेकिन क्या वे घोषणापत्र समिति के सदस्य हैं? क्या कांग्रेस के स्टार प्रचारक हैं? क्या वे देश में रहते हैं? वे विदेश में रहते हैं। ये बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि उनके मुद्दे को देश का मुद्दा बनाया जा रहा है। एक तरफ देश के मुद्दे हैं और दूसरी तरफ सैम पित्रोदा ने अमेरिका में क्या कहा। हम इसमें कुछ नहीं कर सकते और न ही ये कोई मुद्दा है और न ही ये देश पित्रोदा के बयान पर प्रतिक्रिया देना चाहता है।

## एच1एन1 वायरस से 4 महीने के बच्चे की मौत, तीन दिन के भीतर दूसरी मौत से हड़कंप, जानें लक्षण



**सिलचर।** असम में स्वाइन फ्लू का संकट गहराता जा रहा है। यहां एच1एन1 वायरस से संक्रमित 4 महीने के बच्चे की मौत हो गई। राज्य में तीन दिन के भीतर स्वाइन फ्लू से यह दूसरी मौत है। अधिकारियों ने बताया कि बच्चे का सिलचर मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल में इलाज चल रहा था। स्वास्थ्य अधिकारियों के अनुसार, मृत बच्चे की पहचान अरमान हुसैन लस्कर के रूप में हुई है, जो कछार जिले के उत्तर कृष्णापुर इलाके में अपने परिवार के साथ रहता था। उसे 12 अप्रैल को इन्फ्लूएंजा के कारण एसएमसीएच में भर्ती कराया गया था। एसएमसीएच के एक वरिष्ठ डॉक्टर ने बताया कि परिजन बच्चे को गंभीर हालत में लेकर आये थे और इलाज के दौरान उसमें एच1एन1 वायरस पाया गया। अस्पताल के डॉक्टरों का कहना है, शुरुआत में, बच्चे पर इलाज का अच्छा असर हो रहा था, लेकिन अप्रैल के आखिरी हफ्ते में उसकी स्वास्थ्य स्थिति बिगड़ने लगी। हमने इसका कारण जानने के लिए आरटी-पीसीआर परीक्षण किया और रिपोर्ट से पता चला कि बच्चा एच1एन1 वायरस से संक्रमित था। एसएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ. भास्कर गुप्ता ने कहा, हालांकि बच्चा एच1एन1 वायरस से संक्रमित था, लेकिन अन्य बीमारियों के कारण उसकी मृत्यु हुई है।




## दो शहजादे सत्ता में आ गए तो राम मंदिर में लगवा देंगे बाबरी ताला: अमित शाह



हरदोई। केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि राहुल गांधी पाकिस्तान का एजेंडा आगे बढ़ाते हैं, इसीलिए पाकिस्तान राहुल गांधी की प्रशंसा करता है। उन्होंने राहुल गांधी और अखिलेश यादव की तरफ इशारा करते हुए कहा कि अगर दो शहजादे सत्ता में आ गए तो अयोध्या के श्रीराम मंदिर में बाबरी ताला लगवा देंगे। भ्रष्टाचार पर सख्त रवैया दिखाते हुए अमित शाह ने कहा कि अखिलेश और राहुल को समझ लेना चाहिए कि भ्रष्टाचार करोगे तो जेल जाओगे। उन्होंने राहुल गांधी की सही जगह वायनाड और रायबरेली नहीं, बल्कि इटली

### जनसभा में ये लोग रहे मौजूद

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, जिलाध्यक्ष अजीत सिंह बब्बन, पूर्व सांसद नरेश अग्रवाल, आबकारी मंत्री नितिन अग्रवाल, उच्च शिक्षा राज्यमंत्री रजनी तिवारी, जिला पंचायत अध्यक्ष प्रेमावती, गोपामऊ विधायक श्याम प्रकाश, सवायपपुर विधायक माधवेंद्र प्रताप सिंह रानू, संडीला विधायक अलका अर्कवंशी, बालामऊ विधायक राममपाल वर्मा, मिश्रिख विधायक रामकृष्ण भार्गव ने भी संबोधित किया। एमएलसी अशोक अग्रवाल, विधायक आशीष सिंह आशू और प्रभाष कुमार आदि मंच पर मौजूद रहे।

## घोटाले के आरोपी ने दिया केजरीवाल के 7 स्टार होटल में रुकने का पैसा, ईडी का सुप्रीम कोर्ट में दावा



**नई दिल्ली।** मंगलवार को अरविंद केजरीवाल की याचिका पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। उच्चतम न्यायालय के एक बयान से आम आदमी पार्टी (आप) के सबसे बड़े नेता को राहत मिलती हुई नजर आई। सबसे बड़ी अदालत ने कहा कि केजरीवाल चुने हुए मुख्यमंत्री हैं, वह आदतन अपराधी नहीं हैं। लेकिन कोर्ट ने अंतरिम जमानत वाली याचिका पर कोई फैसला नहीं सुनाया। सुनवाई के दौरान ईडी के वकील ने एक बड़ा दावा किया।

### घोटाले वाले पैसे से 7 स्टार होटल में रुके

ईडी के दावे को समझने से पहले हमें चनप्रीत सिंह के बारे में जानना होगा। दरअसल, ईडी ने चनप्रीत पर गोवा चुनाव में 'आप' का फंड मैनेज करने का आरोप लगाया है। ईडी का आरोप है कि दिल्ली शराब घोटाले के पैसे का इस्तेमाल 'आप' ने गोवा चुनाव में किया था। 'लाइव लॉ' की रिपोर्ट के मुताबिक, ईडी के वकील ने सुप्रीम कोर्ट में कहा, 'हमारे पास इसका सबूत है कि केजरीवाल के गोवा में रहने के खर्च का पेमेंट चनप्रीत सिंह ने किया था।

## सुप्रीम कोर्ट बोला- उत्तराखंड सरकार और याचिकाकर्ता केंद्रीय समिति को रिपोर्ट दें, 15 मई को सुनवाई




**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के जंगलों में लगी आग के कारण हालात चिंताजनक होते जा रहे हैं। राज्य सरकार के तमाम प्रयास नाकाफी साबित हो रहे हैं। कई जगहों पर आग नए सिरे से भड़क रही है। इस कारण दमकलकर्मियों के साथ-साथ वायुसेना को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ रही है। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की गई है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि राज्य सरकार और मामले से जुड़े याचिकाकर्ता केंद्रीय अधिकार प्राप्त समिति को रिपोर्ट सौंपें। समिति रिपोर्ट के आधार पर अपनी राय बनाएगी और शीर्ष अदालत को सूचित किया जाएगा। बुधवार को मुकदमे की सुनवाई के दौरान उत्तराखंड सरकार ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि केवल 0.1 प्रतिशत वन्यजीव क्षेत्र जंगल में लगी आग के कारण प्रभावित हुए।

## अक्षय तृतीया से पहले सोने-चांदी के दाम में तेजी

### गोल्ड 71,725 रुपए पर पहुंचा, चांदी 81,663 रुपए प्रति किलोग्राम में बिक रही



**नई दिल्ली।** अक्षय तृतीया से दो दिन पहले सोने-चांदी के रेट में बदलाव नजर आ रहा है। इस बार अक्षय तृतीया 10 मई को पड़ रही है। आज सोने और चांदी के भाव में यह बदलाव इंदौर, गोरखपुर, लखनऊ, दिल्ली, अहमदाबाद अहमदाबाद, जयपुर, आगरा, बरेली, एटा, चेन्नई, कानपुर, कोलकाता से लेकर कन्याकुमारी तक हुई है। सर्राफा मार्केट में आज यानी बुधवार 8 मई को 24 कैरेट सोना मंगलवार के बंद भाव 71668 रुपये के मुकाबले 71725 रुपये प्रति 10 ग्राम के रेट से खुला।

### जीएसटी समेत कितना पड़ेगा भाव

24 कैरेट सोने पर आज के रेट के हिसाब से 2151 रुपये जीएसटी लगेगा। यानी जीएसटी समेत इसका रेट 73876 रुपये प्रति 10 ग्राम हो जाएगा। अगर ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़ लें तो इसकी कीमत 81200 के पार चली जाएगी। 23 कैरेट सोने का रेट भी 2143 रुपये बढ़कर जीएसटी के साथ 73581 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट का भाव 1971 रुपये जुटकर 67671 रुपये प्रति दस ग्राम हो जाएगा। जबकि, 18 कैरेट सोने का जीएसटी समेत भाव 55407 रुपये हो जाएगा। ज्वेलरी मेकिंग चार्ज और मुनाफा जोड़ने के बाद 23 कैरेट सोना करीब 81000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच जा रहा है। 22 कैरेट की कीमत 74438 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई है।

## मप्र में भीषण गर्मी के बीच कई जिलों में गिरे ओले, इंदौर, भोपाल, रतलाम, खरगोन में बारिश



**भोपाल।** मप्र में बुधवार को मौसम के कई रंग देखने को मिले। कुछ जिले हीट वेव की वजह से परेशान रहे तो कुछ जिलों में बारिश और ओलावृष्टि हुई। इंदौर में सुबह तेज गर्मी पड़ी और दोपहर में कई क्षेत्रों में पानी गिरा। मंदसौर, भोपाल, खरगोन, रतलाम और उज्जैन में भी कई जगह पानी गिरा। खंडवा में बूंदाबांदी हुई। विदिशा में ओलावृष्ट हुई और करीब 10 मिनट तक बारिश के साथ ओले गिरे। आगर मालवा जिले में सुबह से ही बादल छाए रहे और दोपहर बाद तेज बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक अभी दो दिन प्रदेश में इसी तरह का मौसम रहेगा। प्रदेश में सर्वाधिक अधिकतम तापमान गुना में 43.7 दर्ज किया गया न्यूनतम तापमान मलांजखंड में 19.1 रहा।

## मां ने राहुल को आपके पास भेजा: प्रियंका

### मोदी के भाषण का जिक्र कर कहा- राहुल तो रोज अडाणी की बात करते हैं



**रायबरेली।** रायबरेली में अपने भाई और कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के लिए जोर-शोर से प्रचार में जुट गई पार्टी की महासचिव प्रियंका गांधी वाद्रा ने भाजपा पर बुधवार को कई आरोप लगाए। प्रियंका ने कहा कि भाजपा की पूरी मशीनरी कांग्रेस सांसद राहुल गांधी के बारे में झूठ फैलाती रही। भाजपा की हर योजना सिर्फ खरबपतियों के लिये है और यही वजह है कि उसके नेता अपने चुनावी भाषणों में सिर्फ धर्म, जाति और मंदिर-मस्जिद की ही बात करते हैं। प्रियंका ने कहा कि आपको मालूम होगा कि राहुल जी ने कितना संघर्ष किया है। वह हमारे देश में एक ऐसे इंसान हैं जिनके बारे में भाजपा की पूरी मशीनरी ने हर तरीके से गलत बातें और झूठ फैलाया। कैसे-कैसे आक्रमण किये। उनको संसद से निकाल दिया गया, उनको घर से निकाल दिया गया लेकिन राहुल पीछे नहीं हटे। यह उनका चरित्र है कि जब वह अन्याय होते हुए देखते हैं तो वह न्याय की लड़ाई लड़ते हैं और उससे कदम पीछे नहीं खींचते।''

उन्होंने कहा कि इसीलिए राहुल कन्याकुमारी से कश्मीर तक चार हजार किलोमीटर पैदल चले और फिर उसके बाद मणिपुर से लेकर मुंबई तक उन्होंने यात्रा की। यह आपकी समस्याओं को समझने वाली यात्राएं थीं। यह देश को बताने वाली यात्राएं थीं कि देश में राजनीति की जो दिशा है वह गलत हो रही है तथा हमें उसे ठीक करना है।

# एअर इंडिया एक्सप्रेस के 200 सीनियर क्रू-मेंबर्स एकसाथ छुट्टी पर

## 80 से ज्यादा फ्लाइट्स कैंसल, एयरलाइन ने कहा- पैसेंजर्स को पूरा रिफंड मिलेगा

**नई दिल्ली।** एअर इंडिया एक्सप्रेस के सीनियर क्रू-मेंबर्स एक साथ छुट्टी पर चले गए हैं। क्रू-मेंबर्स ने छुट्टी की वजह बीमारी बताई है। इसके चलते एयरलाइन को 80 से ज्यादा उड़ानें रद्द करनी पड़ीं। एयरलाइन ने पैसेंजर्स को सलाह दी है कि बुधवार को एयरपोर्ट आने से पहले अपनी फ्लाइट की जानकारी जरूर ले लें। केबिन-क्रू की कमी के चलते आज भी कई फ्लाइट्स कैंसिल हो सकती हैं। एजेंसी के मुताबिक, टाटा ग्रुप की एयरलाइन के 200 से ज्यादा सीनियर क्रू-मेंबर्स छुट्टी पर गए हैं। जिन शहरों में फ्लाइट्स कैंसल हुई हैं, उनमें कोच्चि, कालीकट और बेंगलुरु शामिल हैं।

### एयरलाइन बोली- पैसेंजर्स को पूरा रिफंड मिलेगा

फ्लाइट कैंसिल होने के बाद एअर इंडिया एक्सप्रेस के प्रवक्ता ने बताया कि हमारे केबिन-क्रू ने मंगलवार रात अचानक बीमार होने की सूचना दी है, जिसके बाद कुछ उड़ानों में देरी हुई और कुछ रद्द कर दी गई हैं। हम क्रू से बातचीत कर रहे हैं ताकि यात्रियों की असुविधा कम हो सके।

एयरलाइन ने बताया कि उड़ानें रद्द होने से प्रभावित पैसेंजर्स को या तो एयरलाइन से पूरा रिफंड मिलेगा या वे बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के अपनी उड़ान को री-शेड्यूल्ड कर सकेंगे। इसके अलावा, प्रवक्ता ने बुधवार को एयरलाइन से उड़ान भरने वाले यात्रियों को एयरपोर्ट पहुंचने से पहले एयरलाइन से संपर्क करने की सलाह दी, ताकि वे फ्लाइट कंफर्म कर सकें।




### मिसमैनेजमेंट और भेदभाव पूर्ण व्यवहार का विरोध कर रहे कर्मचारी

न्यूज एजेंसी PTI की रिपोर्ट के मुताबिक कुछ केबिन क्रू मेंबर मिसमैनेजमेंट और स्टाफ के साथ भेदभाव पूर्ण व्यवहार का विरोध कर रहे हैं, इसीलिए उन्होंने बीमारी को वजह बताकर छुट्टी ली है। रिपोर्ट में कहा गया है कि ढ्ढ्ढ कनेक्ट के साथ एयर इंडिया एक्सप्रेस की मर्जर प्रोसेस शुरू होने के बाद से केबिन क्रू के बीच असंतोष बढ़ रहा है। दिसंबर 2022 में, एयरएशिया इंडिया के पूरे शेयर टाटा संस ने खरीद लिए थे। इसके बाद, एअर इंडिया एक्सप्रेस के साथ विलय से पहले एयरलाइन का नाम बदलकर ढ्ढ्ढ कनेक्ट कर दिया गया था। एयरएशिया इंडिया ब्रांड 31 अक्टूबर 2023 को रिटायर हो गया था, और एयरलाइन अब एअर इंडिया एक्सप्रेस के लिए उड़ानें संचालित करती है।

### बदलाव के दौर से गुजर रही एयरलाइन

एअर इंडिया के बाद टाटा ग्रुप ने हाल ही में अपनी बजट एयरलाइन 'एअर इंडिया एक्सप्रेस' का नया लुक दिखाया था। एयरक्राफ्ट का पिछला हिस्सा यानी टेल का डिजाइन पेरेंट कंपनी एअर इंडिया और बांधनी आर्ट से इंस्पायर है। यह बदलाव कंपनी के ट्रांसफॉर्मेशन प्रोग्राम का हिस्सा है। एअर इंडिया एक्सप्रेस के नए विमान की अनवीलिंग मुंबई एयरपोर्ट पर की गई। विमान में एक्सप्रेस ऑरेंज और एक्सप्रेस टरकॉइस रंग का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा सेकेंडरी कलर के तौर पर टेंजेरीन और आइस ब्लू का इस्तेमाल विमान में हुआ है।

### 15 महीनों में 50 और विमान खरीदने की तैयारी

एयरलाइन की अगले 15 महीनों में 50 विमानों को बेड़े में शामिल करने की तैयारी है। इससे उसकी फ्लीट का साइज दोगुना हो जाएगा। वहीं अगले 5 वर्षों के दौरान, लगभग 170 नैरो-बॉडी विमानों को बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य रखा गया है।

# नारायणपुरा के विद्युत ट्रांस्फार्मर में लगी भीषण आग



**ललितपुर।** भीषण गर्मी के मौसम को लेकर जहां आमजन जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है, तो वहीं दूसरी ओर विद्युत की ताबड़तोड़ कटौती ने लोगों का जीना मुहाल बना दिया है। ऐसे में लोग जहां विद्युत अव्यवस्था को कोसते नजर आ रहे हैं तो वहीं दूसरी ओर सम्बन्धित अधिकारियों व जनप्रतिनिधियों को भी नहीं छोड़ रहे हैं। ऐसी ही वानिकी बीती देर रात उस समय देखने को मिली जब शहर के मोहल्ला नारायणपुरा स्थित कांशीराम कालोनी में रखा ट्रांस्फार्मर धूं-धूंकर जल उठा। आग की भयावह लपटें उठते देख लोगों में भगदड़ मच गयी। आनन-फानन में फायर बिग्रेड को सूचित किया गया। सूचना मिलने पर दमकल विभाग ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। वहीं करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी आवास पहुंच कर गेट पर धरना प्रदर्शन करते हुये नारेबाजी शुरू कर दी। इसकी सूचना मिलने पर एसडीएम सदर व शहर कोतवाल ने किसी प्रकार लोगों को समझाया।

गौरतलब है कि इन दिनों भगवान भास्कर अपना रौद्र रूप दिखा रहे हैं, जिससे बिजली व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गयी है। बिगड़ी विद्युत व्यवस्था और सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा फोन न उठाना लोगों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचा रहा है। नारायणपुरा स्थित कांशीराम कालोनी के पास रखे ट्रांस्फार्मर में देर रात अचानक से आग लग गयी, जिससे यहां के लोगों में भगदड़ मच गयी। लोगों ने ट्रांस्फार्मर में आग लगने की सूचना ट्रांस्फार्मर विद्युत विभाग के सम्बन्धित अधिकारियों को देनी चाही, लेकिन वहां के लोगों ने बताया कि कई लोगों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों को फोन किया, लेकिन फोन रिसीव ही नहीं हुआ। तदोपरान्त फायर बिग्रेड को सूचना दी गयी। सूचना मिलने पर दमकल विभाग के कर्मचारियों ने मौके पर पहुंच कर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

इधर ट्रांस्फार्मर में आग लगने से पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद कर दी गयी, जिससे लोगों को खासी मुसीबतों का सामना करना पड़ा। बिजली अव्यवस्था से आक्रोशित करीब एक दर्जन से अधिक लोगों ने जिलाधिकारी आवास पहुंच कर मुख्य गेट पर ही धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। लोगों के एकत्र होने की सूचना मिलने पर एसडीएम सदर व कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और किसी प्रकार लोगों को समझाया।

वार्डों में गन्दगी से बजबजाती नालियां, जगह-जगह लगे गन्दगी के ढ़ेर मच्छरों के पनपने का एक बड़ा कारण माना जा रहा है। इसके लिए लोग नगर पालिका परिषद की शिथिल कार्यशैली और मलेरिया विभाग द्वारा दवाओं का छिड़काव न कराने को लेकर कोसते नजर आये।

# मिश्राजी ने व्यापारी हितों के लिए सड़क से लेकर सड़कों तक संघर्ष किया

## व्यापार मंडल एक अराजनैतिक संगठन था और है और आगे भी रहेगा



ललितपुर। पं.श्याम बिहारी मिश्रा जी की 86 वीं जन्म जयंती पर जिला उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने जिला अस्पताल में स्थित अन्नपूर्णा भोजनालय में गरीबों एवं अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को निशुल्क भोजन प्रसादी कराया। इसके पूर्व पंडितजी के चित्र पर माल्यार्पण एवं पुष्पांजलि अर्पित की गई और ईस वंदना के उपरांत मिश्राजी के व्यक्तित्व और उनके द्वारा व्यापारी समाज के हितों में किए गए कार्यों संघर्षों पर चर्चा की गई और उनके बताए हुए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिला अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी ने कहा कि सन 1973 में बाबा विश्वनाथ नगरी बनारस में व्यापार मंडल की स्थापना लाल विशंभर दयाल एवं पंडित श्याम बिहारी मिश्रा जी ने की थी और लगभग 50 वर्षों के संघर्ष में श्री मिश्रा जी ने व्यापारी समाज के नेताओं के लिए सड़कों से लेकर संसद तक संघर्ष किया और आवश्यक वस्तु अधिनियम, बिक्री कर , सैंपल कानून, और इंस्पेक्टर राज्य, भ्रष्टाचार के विरुद्ध है अनेकों संघर्ष किया अनेकों बार जेल गए और भारतीय जनता पार्टी के सांसद रहते हुए व्यापारी हितों के लिए कई बार भारत बंद का आह्वान किया जिसके फल स्वरुप समय-समय पर कई सरकारों को व्यापारी हितों के लिए अनेकों घोषणाएं करना पड़ी जिस व्यापारी आए दिन होने वाले शोषण उत्पीड़न से मुक्त हो गया। मिश्राजी ने अपने जीवन में दो सिद्धांतों पर चलकर संगठन को मजबूत किया। कौम पार्टी कोई हो पहले हम व्यापारी हैं। नाई मोची और हलवाई व्यापारी सब भाई भाई चलकर व्यापार मंडल को एक अराजनीतिक संगठन के रूप में स्थापित किया जिसमें विभिन्न राजनीतिक विचारधाराओं के लोग एक जुटता के साथ व्यापारी हितों के लिए संघर्ष कर रहे थे उन्होंने पूरे जीवन भर व्यापार मंडल का राजनीतिक लाभ लेने के लिए बैसाखी के रूप में इस्तेमाल नहीं किया वह कहते थे कि हम पहले व्यापारी हैं और बाद में एक राजनीतिक दल के प्रतिनिधि इस सिद्धांत का उन्होंने पूरे जीवन भर पालन किया। नेताओं ने कहा कि आज कुछ व्यापारिक संगठन और व्यापारी नेता अपने निजी और राजनीतिक लाभ के लिए व्यापार मंडल को कमजोर और विघटन की ओर ले जाने का काम कर रहे हैं नेताओं ने कहा कि जिन लोगों को राजनीतिक लाभ लेना है तो वह व्यापार मंडल की बैसाखी पर और उसे कमजोर करके अगर कोई राजनीतिक लाभ लेते हैं तो व्यापारी समाज के लिए और व्यापार मंडल के लिए बहुत ही घातक है और खतरनाक उन्होंने व्यापारियों से ऐसे लोगों से दूर रहने की बात की उन्होंने कहा पंडित श्री मिश्रा जी एक तपस्वी की तरह थे जिन्होंने देश के करोड़ों व्यापारियों को एक माला में पिरोकर कर एकता के सूत्र में रखा उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील कि हम और आप सभी पंडित जी के बताएं रास्ते पर चलकर संगठन को मजबूत करेंगे और व्यापारियों को न्याय दिलाने का काम करेंगे। बैठक में प्रदेश चेयरमैन महेंद्र जैन मयूर, जिला अध्यक्ष प्रदीप त्रिपाठी, नगर अध्यक्ष महेश जैन मोनू, मुन्नालाल जैन एड., नवीन सिंघई, पंकज बिरधा, सतीश जैन बंटी, मनोज सोनी मज्जू, अवध बिहारी उपाध्याय, विजय कटपीस, राजीव सुडेले, अभय जैन एडवोकेट, अशोक जैन अनौरा, अंकित सत भैया, उदयभान सिंह यादव, रोहित जैन शिवाजी, पार्षद आलोक जैन मयूर, पदमचंद जैन पल्लू, जय नारायण शर्मा, रेणु जैन टीवी, विकास बाबू, सरदार दलजीत सिंह, दीपक जैन सिंघई, राजीव जैन, अमित जैन रानू, विजय जैन लागोन, मनीष जैन पूर्व पार्षद, रामप्रकाश साहू, चंद्रेश जैन सेतु, अवनीश जैन जैन को, राकेश यादव, धर्मेंद्र जैन गुड, आदि के अलावा अन्नपूर्णा भोजनालय के संचालक अमित प्रिय जैन, रामशरण अग्रवाल आदि मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### डायरिया को लेकर किया जागरूक

ललितपुर। रेकिट इंडिया व डेटॉल बनेगा स्वस्थ्य इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में चलाए जा रहे कार्यक्रम डायरिया नेट जीरो के अंतर्गत जिला ललितपुर ब्लॉक जखौरा के बनौली ग्राम में वर्ल्ड हैंड हाइजीन दे का आयोजन किया गया, जिसमें 50 से ऊपर महिलाओं छात्राओं और छोटे बच्चों को दैनिक जीवन में हाथ साफ रखने और स्वच्छता का पालन करने के तरीके तथा फायदे भी गिनाए गए। एक छात्रा द्वारा हैंड वाशिंग के जरिए स्वच्छता का डेमो भी करके बताया गया। साथ ही साथ साबुन और पानी के अभाव में सेनेटाइजर को केसे इस्तेमाल करना है वा उसके लाभ भी द्यद्स्र रीना देवी ने विस्तारपूर्वक मौजूद सभी को बताए। कार्यक्रम का संचालन बीसी गौरव जैन के निर्देशन में हुआ।

### गौवंश के भरण-पोषण के लिए भूसा दान करने का आह्वान

#### एक कुन्तल भूसा दान पर डीएम स्वयं करेंगे सम्मानित

ललितपुर। जनपद में संचालित गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश के भरण-पोषण के लिए जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने अपने हस्ताक्षर से प्रेस विज्ञप्ति जारी की है। विज्ञप्ति के माध्यम से जिलाधिकारी ने जनपदवासियों से अपील की है कि वह गौवंश आश्रय स्थलों में संरक्षित गौवंश के भरण-पोषण के लिए अधिक से अधिक भूसा दान करें। डीएम ने कहा है कि 100 कुन्तल से अधिक भूसा दान करने वाले दानदाताओं को वह स्वयं व्यक्तिगत रूप से सम्मानित करेंगे, जबकि 50 कुन्तल भूसा दान करने वालों को सीडीओ द्वारा सम्मानित किया जायेगा। इसके अलावा इस पुनीत कार्य में सहयोग व समन्वय के लिए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से संपर्क किया जा सकता है और दान चेक, नकद व सामग्री के रूप में भी किया जा सकता है।

### सेमराडांग में पेयजल संकट गहराया

ललितपुर। जिले के ब्लॉक बार क्षेत्र अंतर्गत ग्राम सेमरा डांग में गर्मी का मौसम शुरू होते ही पानी की समस्या शुरू हो चुकी है। काफी दिनों से पाइपलाइन नहीं आ रही है और न ही नलों में पानी नहीं आया हैं। फिर भी बताया गया है। अगर पाइपलाइन आती है तो बहुत कम कम पानी आता है। उसी में काफी पानी गंदा भी आता है जिसमें पानी में कोई केमिकल नहीं मिलाई जा रही है। पाइप लाइन बालों से बोल तो बोलते हैं आ जाएगी, जिसमें ग्रामीण अपने कुंए से ट्रैक्टरों से दम टंकी भर के ला रहे हैं। जिसमें पाइपलाइन वालों के ऊपर ग्रामीणों का के खिलाफ काफी आक्रोश व्याप्त है।

### पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पुत्र बैठा धरना पर

ललितपुर। कांग्रेस के पूर्व जिलाध्यक्ष दुर्गा प्रसाद कुशवाहा का विकलांग बेटा सुरेश व बहू रामकुंवर घंटाघर पर धरने पर बैठे हैं। उनका आरोप है कि बहु ने अपने ससुर पूर्व कांग्रेस जिलाध्यक्ष और सौतेली सास पर गम्भीर आरोप लगाते हुए कहा कि परिवार में हुए बटबारे के दौरान पैतृक संपत्ति से बंचित रखने के आरोप लगाए हैं। दिव्यांग दम्पत्ति ने एसपी को शिकायती पत्र देकर उठाई कार्यावाही की मांग उठाई है। वहीं विकलांग दंपत्ति ने वर्तमान पार्षद गिरधारी कुशवाहा पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं।

### निधन पर शोक जताया

ललितपुर। भारतीय जनता पार्टी के व्यवसाय प्रकोष्ठ की एक शोक सभा स्थानीय बाबूलाल फूलमाली स्मारक पर संपन्न हुई। जिसमें दैनिक विश्व परिवार के प्रधान सम्पादक वरिष्ठ समाजसेवी समाज के हर वर्ग की चिंता करने वाले भारतवर्ष की जैन समाज के प्रमुख संयोजन करता प्रवीण कुमार जैन झांसी तथा नगर के प्रतिष्ठित डा.निर्मल चंद जैन के आकस्मिक निधन पर दुख व्यक्त किया गया। बैठक में जिला अध्यक्ष अजय जैन एड., रवींद्र जैन, वैभव जैन, मोहम्मद इशा, अरविंद अरोरा, अनुज जैन, दीपक, वीरेंद्र कुमार, विजय अहिरवार, नवीन जैन, अमित जैन, विपुल जैन, अंकुर जैन सानू बाबा, अक्षय अलया, ध्रुव साहू, सौरभ, पंकज चतुर्वेदी, विजय तिवारी, बंटी संज्ञा आदि व्यापारियों ने शोक संवेदना व्यक्त कर 2 मिनट का मोन धारण कर दिवंगत आत्मा की शांति की कामना की। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय जैन साइकिल तथा संचालन रवींद्र जैन ने किया।

# बिजली, पानी, सफाई सहित मूलभूत व्यवस्थाओं को हो शत-प्रतिशत आच्छादन: डीएम

## जिलाधिकारी ने सुबह-सुबह लोगों के बीच जाकर सुनी जनसमस्याएं

### अतिक्रमण करने वालों पर करें कार्यवाही, आवारा गौवंश को गौशालाओं में भेजें



**ललितपुर।** डीएम आपके द्वार पहल के क्रम में आज जिलाधिकारी ने शहर के वार्ड सं-22 नदीपुरा एवं राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क (कम्पनी बाग) का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक जायजा लिया। उन्होंने नगरवासियों के बीच जाकर उनके वार्ता की एवं उन्हें उपलब्ध व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान कहा कि जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराना प्राथमिकता है, जिसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए लोगों के बीच जाना आवश्यक है।

जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल के द्वारा प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डों में प्रातःकालीन भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है। जिलाधिकारी ने वार्ड नं0-22 नदीपुरा पहुंचकर लोगों के घर-घर जाकर उनसे वार्ता की व उनकी समस्याएं जानी।

उन्होंने वार्ड में पेयजल की स्थिति, नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डों में नियमित रुप से साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा कलैक्शन, पेयजल की आपूर्ति व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये, कहीं समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराया जाए। इसके साथ ही वार्डों में खराब हैण्डपम्पों की तत्काल मरम्मत करायें, गौवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से गौशाल भेजें तथा विद्युत फाल्ट होने पर तत्काल उसे दुरुस्त कराया जाए। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया।

यहां पर मौजूद लोगों से वार्ता की एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अनुसार पार्क को खोला एवं बंद किया जाए, साथ ही निगरानी रखी जाए कि पार्क में कोई अराजक तत्व न आने पाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करायें, साथ ही उचित सफाई करायी जाए। साथ ही शहर के मुख्य मार्गों पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राघवेन्द्र शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, जेई जल संस्थान/जल निगम, एसडीओ/जेई विद्युत, जेई आशीष एवं जेई विशाल तथा सम्बन्धित क्षेत्र के उप निरीक्षक उपस्थित रहे।

# भारतीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर स्वास्थ्य शिविर का हुआ आयोजन

## टीबी मरीजों को बांटी गई पोषण किटें



ललितपुर। भारतीय रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर भारतीय रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा स्थानीय क्लीनिक पर एक निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। साथ ही इस अवसर पर टीबी अस्पताल में टीबी मरीजों के लिए पोषण किटों का भी वितरण किया गया। इस अवसर पर रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव डा.एस.पी.पाठक ने कहा कि रेड क्रॉस सोसाइटी हमेशा ही स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य करती आई है। रेडक्रॉस सोसायटी के अधिक सदस्य बनायें और हर ब्लॉक में जूनियर रेडक्रॉस का गठन कर इस का ।कव्यापीकरण करें। रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर सोसाइटी द्वारा जो निशुल्क शिविर का आयोजन किया गया है। इससे निश्चित ही दूर-दराज से आए मरीजों को लाभ मिलेगा। इस तरह के शिविर सोसाइटी हमेशा आयोजित करती रहेगी जिससे गरीब मरीजों को लाभ मिल सके। इस अवसर पर डीटीओ डा.आर.एन.सोनी, टीबी कंसल्टेंट डा.जे.एस.बक्शी, आई.एम.ए.अध्यक्ष डा.राजकुमार जैन, डा.राजेश शर्मा, अजय बरया, डा.अनूप श्रीवास्तव, डा.अजय कुमार जैन, डा.अनूप मोदी, शिवराम, आदेश श्रीवास्तव, विकास श्रीवास्तव आदि उपस्थित रहे।

# जुआ के फड़ से भागे ईनामियां बदमाश को पुलिस ने दबोचा

## बीस अप्रैल को नेहरू नगर के पास से चौकी पुलिस ने पकड़े थे तीन जुआरी



**ललितपुर।** बीस अप्रैल की रात चौकी नेहरू नगर पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ढिमरियाना मोहल्ले के पीछे खेत से पहले, नाले के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरियों को धर दबोचा था। दविश के दौरान दो जुआरी भागने में कामयाब भी रहे थे। वांछित चल रहे जुआरियों में एक जुआरी को पकडने में कोतवाली व चौकी पुलिस को सफलता मिली है। जबकि एक अन्य जुआरी अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। पकड़े गये जुआरी पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित था।

गौरतलब है कि चौकी नेहरू नगर प्रभारी देवराज मौर्य ने अपने साथ कां.करन प्रताप के साथ बच्चा जेल के पास गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर ढ़िमरोला मोहल्ला के पीछे खाली खेत में टेढ़े नीम के पास जुआ खेल रहे तीन जुआरी मानवेन्द्र सिंह पुत्र शेरसिंह, श्रीराम राजपूत पुत्र मथुरा प्रसाद व सुरेन्द्र सिंह पुत्र कमलेश कुमार को उप निरीक्षक भोलाराम व कां.हरिओम की मदद से धर दबोचा था। मौके से महेन्द्र राय पुत्र राम बख्श व केहर अहिरवार भागने में कामयाब हो गये थे। प्रकरण को लेकर महेन्द्र राय पर 25 हजार रुपये का ईनाम भी घोषित किया गया था। तत्समय पुलिस ने जुआरियों के पास से कुल 21 हजार रुपये नकद, मोबाइल फोन, 52 ताश के पत्ते व एक वाहन बुलट संख्या एम.पी. 15 एन.एच. 3141 को बरामद किया गया था।

इस प्रकरण में वांछित चल रहे 25 हजार रुपये के ईनामियां जुआरी महेन्द्र राय को बीती देर रात कोतवाली पुलिस ने बुढ़वार रोड सिद्धंन मंदिर के पीछे बने ग्राउण्ड में निर्माणाधीन मकान के बगल से हिरासत में ले लिया है। जबकि अभी तक एक अन्य भागे हुये जुआरी में केहर अहिरवार अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर बताया जा रहा है। शातिर जुआरी को पकडने वाली पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक शशिभूषण, निरीक्षक जर्नादन यादव, उप निरीक्षक देवराज मौर्य, उप निरीक्षक संजय सिंह, मुख्य आरक्षी दिनेश अवस्थी, आरक्षी गनेश आदि शामिल रहे।

# साइबर क्राइम पुलिस टीम ने पकड़े आईपीएल सट्टा के माहिर खिलाड़ी

## 202 एक्टिवेटिड सिमों का मिला जखीरा, 30 मोबाइल व नकदी बरामद

**ललितपुर।** फर्जी तरीके से ई-केवाईसी करके सिमों को कई लोगों के नाम से एक्टिवेट करते हुये उन्हें आईपीएल के ऑनलाइन सट्टा खिलाने के लिए उपयोग करने और सट्टा खिलाने वाले गिरोह के सात माहिर खिलाड़ियों को साइबर क्राइम पुलिस व कोतवाली पुलिस टीम की मदद से पुलिस ने धर दबोचा है। पुलिस ने पकड़े गये सटोरियों के पास से 202 विभिन्न कम्पनियों की एक्टिवेटिड सिमों का जखीरा बरामद किया है तो वहीं ढ़ाई दर्जन मोबाइल फोन और नकदी बरामद की है। हालांकि पुलिस इस प्रकरण में आईपीएल के ऑनलाइन चल रहे सट्टे की जड़ तक जाने का भी प्रयास कर रही है।



गौरतलब है कि एडीजी कानपुर जोन, डीआईजी झांसी के आदेश व एसपी मो.मुश्ताक के निर्देशन और एएसपी अनिल कुमार व क्षेत्राधिकारी सदर अभय नारायण राय के संयुक्त पर्यवेक्षण में क्राइम ब्रांच की टीम ने कोतवाली पुलिस की मदद से आईपीएल में ऑनलाइन सट्टा खिलाने वाले गिरोह के सरगना समेत सात लोगों को धर दबोचा है। पुलिस ने बताया कि उन्हें मुखबिर से सूचना मिली थी। उसी सूचना के आधार पर पुलिस ने नाराहट थाना के ग्राम देनपुरा निवासी रोहित पटेल पुत्र लखनलाल, प्रिंस उर्फ प्रहलाद सिंह पुत्र शिशुपाल सिंह, शिवेन्दु कुमार पुत्र गब्बर सिंह, अंकित पटेल पुत्र विनोद कुमार, थाना सौजना के ग्राम रूकवाहा निवासी मानसिंह पुत्र राजेन्द्र सिंह, ग्राम चढ़ुरा निवासी प्रमोद कुमार शुक्ला पुत्र कांशीराम व थाना बार के ग्राम देवरान निवासी विजय कुमार पुत्र चम्पालाल को हिरासत में लिया है। पुलिस ने पकड़े गये सटोरियों के पास से कुल 6200 रूपये नकद, 30 अदद मोबाइल फोन, 202 एक्टीवेटिड सिम, 02 पावर बैंक बरामद किये हैं। वहीं पुलिस ने पकड़े गये सटोरियों के खिलाफ सार्वजनिक जुआ अधिनियम की धारा 3/4 व 420, 467, 468, 471 के तहत एफआईआर दर्ज की है।

### ऑनलाइन सट्टा कारोबार में दूसरे नामों की सिमों का हुआ उपयोग

पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान सटोरियों ने बताया कि उनका सरगना प्रिंस उर्फ प्रहलाद है जो कि भरतलाल पटेल के मकान में एकत्र होकर ऑनलाइन सट्टा खिलाते हैं। बताया कि सभी लोग व्हाट्सऐप के जरिए लोगों को ग्रुप में जोड़कर आईपीएल का ऑनलाइन सट्टा खिलवाते हैं। व्हाट्स ऐप के जरिए खिलाड़ी के जीतने या हारने पर रुपयों का भी नकद और ऑनलाइन हिसाब होता है। बताया कि उन्होंने विजय, मानसिंह, प्रान सिंह व प्रमोद शुक्ला द्वारा विभिन्न कम्पनियों के सिम कार्ड उपलब्ध करायें है, जिन्हें कूटरचित इलैक्ट्रॉनिक उपकरणों के माध्यम से हेरफेर करके फर्जी तरीके से निकालकर देते हैं। बताया कि जिसके नाम से सिम होती है, उसकी सिम मालिक को जानकारी तक नहीं होती कि उनके नाम से निकाले गये सिम का इस्तेमाल अपराधिक गतिविधियों में हो रहा है और इन्ही सिमों के मोबाइल नम्बरो के माध्यम से हम अपने इन्ही मोबाइलों में भिन्न-भिन्न आईडी बनाते हैं और आनलाइन सट्टा खेलते हैं और बडी संख्या में खिलवाते है जिससे हमे अधिक धन लाभ होता है ।

### फर्जी सिमों को साइबर अपराधियों को भी बेचा

फर्जी सिमो के सम्बन्ध में पूछतांछ में सिम विक्रेता मानसिंह, प्रमोद शुक्ला, विजय ने एक राय होकर बताया कि साहब हम लोग सिम दो तरीके से डीवाईसी करके सिम बेचतें हैं जिसमें से एक ई-केवाईसी व दूसरा तरीका डी-केवाईसी है । डी-केवाईसी में हम लोगो को सिर्फ ग्राहक के आधार नं. तथा उसके फिंगर प्रिन्ट की आवश्यकता होती है तथा ई-केवाईसी में हमे पहले आरिजनल आधार कार्ड की दोनो तरफ की फोटो, ग्राहक की फोटो, और हमारी (पी.ओ.एस. एजेन्ट) की फोटो लेनी होती है। इसी प्रकार जब कोई ग्राहक सिम खरीदने आता है तो हम उसको गुमराह करके पहले उससे सिम जारी होगी या नही यह चैक करने के नाम पर उसका आधार नं. लेकर व फिंगर प्रिन्ट लगवाकर उसके नाम पर सिम निकाल लेते हैं फिर दुबारा से सिम चालू करने की कहकर ई.के.वाई.सी. के माध्यम से सिम निकालकर ग्राहक को दे देते हैं। जो पहली सिम हमने ई-केवाईसी के माध्मय से निकाली थी वह हम अपने पास रख लेते हैं जिसके बारे में ग्राहक को पता भी नही चलता है। इसी प्रकार हम सिमे निकालकर आईपीएल मैच में आनलाइन सट्टा खिलाने के लिये अपने गिरोह के सदस्यों के माध्यम से अलग अलग लोगो दे देते थे।

# बिजली, पानी, सफाई सहित मूलभूत व्यवस्थाओं को हो शत-प्रतिशत आच्छादन : डीएम

## जिलाधिकारी ने सुबह-सुबह लोगों के बीच जाकर सुनी जनसमस्याएं

ललितपुर। ''डीएम आपके द्वार'' पहल के क्रम में आज जिलाधिकारी ने शहर के वार्ड सं-22 नदीपुरा एवं राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क (कम्पनी बाग) का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का भौतिक जायजा लिया। उन्होंने नगरवासियों के बीच जाकर उनके वार्ता की एवं उन्हें उपलब्ध व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया।

जिलाधिकारी ने वार्ता के दौरान कहा कि जन सामान्य को मूलभूत सुविधाओं का शत प्रतिशत आच्छादन सुनिश्चित कराना प्राथमिकता है, जिसकी जमीनी हकीकत जानने के लिए लोगों के बीच जाना आवश्यक है। जिलाधिकारी ने कहा कि इस पहल के द्वारा प्रमुख विभागों के अधिकारियों के साथ जनपद के वार्डों में प्रातःकालीन भ्रमण कर लोगों की समस्याएं सुनकर उनका निस्तारण सुनिश्चित कराया जा रहा है।

जिलाधिकारी ने वार्ड नं0-22 नदीपुरा पहुंचकर लोगों के घर-घर जाकर उनसे वार्ता



की व उनकी समस्याएं जानी। उन्होंने वार्ड में पेयजल की स्थिति, नालियों व सड़कों की सफाई, डोर टू डोर कचरा कलेक्शन एवं कैटल कैचर के संचालन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वार्डों में नियमित रुप से साफ-सफाई, डोर टू डोर कचरा कलैक्शन, पेयजल की आपूर्ति व विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करायी जाये, कहीं समस्या आती है तो तत्काल अवगत कराया जाए। इसके साथ ही वार्डों में खराब हैण्डपम्पों की तत्काल मरम्मत करायें, गौवंशों को कैटल कैचर के माध्यम से गौशाल भेजें तथा विद्युत फाल्ट होने पर तत्काल उसे दुरुस्त कराया जाए।

इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजकीय चन्द्रशेखर आजाद पार्क का स्थलीय निरीक्षण किया। यहां पर मौजूद लोगों से वार्ता की एवं अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि निर्धारित समय के अनुसार पार्क को खोला एवं बंद किया जाए, साथ ही निगरानी रखी जाए कि पार्क में कोई अराजक तत्व न आने पाये। उन्होंने निर्देश दिये कि पार्क में आने वाले लोगों के लिए पर्याप्त पेयजल उपलब्ध करायें, साथ ही उचित सफाई करायी जाए। साथ ही शहर के मुख्य मार्गो पर अतिक्रमण करने वालों के विरुद्ध कार्यवाही की जाए।

निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी/अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका राघवेन्द्र शर्मा, अधिशाषी अभियंता जल संस्थान शिवराज वर्मा, जेई जल संस्थान/जल निगम, एसडीओ/जेई विद्युत, जेई आशीष एवं जेई विशाल तथा सम्बन्धित क्षेत्र के उप निरीक्षक उपस्थित रहें।

# इंडिया गठबंधन अंतर्गत लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के चुनावी कार्यालय का हुआ उदघाट्न

## पूर्व सांसद डॉ चंद्रपाल यादव रहे उद्घाटनकर्ता

महरौनी,ललितपुर। महरौनी नगर के ललितपुर रोड स्थित सिंघई मैरिज गार्डन के पास झाँसी-ललितपुर लोकसभा निर्वाचन हेतु इंडिया गठबंधन अंतर्गत पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ!

कार्यालय का उदघाटन पूर्व सांसद एवम कृभको अध्यक्ष डॉ चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया गया, इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजबादी पार्टी एवम कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे!

डॉ चन्द्र पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं में हुंकार भरते हुए कहा कि आज की तारीख तक हमारे प्रत्याशी की चुनावी समर में सर्वश्रेष्ठ पृष्ठभूमि है जो कि मतदान की तारीख तक हमे बनाये रखना है, उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को अपार जन समर्थन मिल रहा है उनके अच्छे कार्य एवम




कार्यकाल की जनता खुलकर प्रसँशा कर रही है, जिसके आधार पर उनसे किसी भी अन्य दल की कोई टक्कर नही है, समस्त कार्यकर्ता से ग्रामीण क्षेत्रो में जी जान से जुट जाने की अपील की है! कार्यालय उद्घाटन समारोह मे नेपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा, राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा,आशाराम तिवारी, अभिषेक सिंघई, अखिलेश मलैया,मुनीर खां, राकेश सेन,हलकरन चंचल,निशांत जैन, बृजभान सिंह यादव, इंद्रजीत नामदेव,भगवत भौडेले,कालका प्रसाद,रब्बी राजा,गिन्नी राजा, प्रदीप साहू,फरीद, दयाशंकर रजक, राकेश तिवारी, रामप्रसाद कुशवाहा,असगर अहमद , बृजेंद्र यादव, ओमप्रकाश नामदेव,संजू बर्मा,प्रशन्न यादव,कार्यालय प्रभारी अवधेश खरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# मतदान प्रक्रिया में लगी महिला कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी ने दिये टिप्स

## मतदान की गतिविधियों सहित ईवीएम संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया



ललितुपर। लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल एवं शान्तिपूर्ण सम्पन्न कराये जाने हेतु सभी 48 महिला मतदान कार्मिकों को जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अक्षय त्रिपाठी की अध्यक्षता में विकासभवन सभागार में निर्वाचन सम्बंधी गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में शतप्रतिशत कार्मिक उपस्थित रहे।

जिलाधिकारी ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रथम मतदान अधिकारी निर्वाचन नामावली का प्रभारी होगा, मतदाता के मतदेय स्थल पर प्रवेश करते ही उसके द्वारा प्रस्तुत निर्वाचक फोटो पहचान पत्र (श्वक्कढ्ढष्ट) या आयोग द्वारा निर्धारित विकल्पों 1. पासपोर्ट, 2. ड्राइविंग लाइसेन्स, 3. राज्य/केन्द्र सरकार, सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमो/पब्लिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा अपने कर्मचारियों को जारी किये गये फोटो युक्त सेवा पहचान पत्र, 4. बैंको/डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, 5. पैन कार्ड, 6. आरजीआई एवं एनपीआर द्वारा जारी किए गए स्मार्ट कार्ड, 7. मनरेगा जॉब कार्ड, 8. श्रम मंत्रालय की योजना द्वारा जारी स्वास्थ्य बीमा कार्ड, 9. फोटोयुक्त पेंशन दस्तावेज, 10. सांसदो विधायको/विधान परिषद सदस्यों को जारी किए गए सरकारी पहचान पत्र, 11. आधार कार्ड,12. आयोग द्वारा निर्दिष्ट अन्य पहचान दस्तावेज) के आधार पर मतदाता की पहचान करेगा, तत्पश्चात् निर्वाचक नामावली की चिन्हित प्रति में पुरूष मतदाता होने की स्थिति में तिरछी लाइन खींचेग, महिला मतदाता होने की स्थिति में तिरछी लाईन के साथ-साथ कम संख्या को गोल भी करेगा। अन्य लिंग स्थिति में स्टार (?) किया जायेगा। इसके अलावा प्रशिक्षकों द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से ईवीएम संचालन का व्यवहारिक प्रशिक्षण दिया गया।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों को निर्देशित करते हुए कहा कि आपकी नियुक्ति निर्वाचन कार्मिक के रूप में की गयी है, निर्भीक होकर अपने दायित्वों की पूर्ति करें। किसी भी कार्मिक को किसी राजनैतिक दल अथवा व्यक्ति से निर्वाचन प्रक्रिया पूर्ण होने तक कोई सम्पर्क नहीं रखना है। सभी कार्मिक उनको सौंपे गए दायित्वों को गंभीरतापूर्वक निभाएं, किसी भी निर्वाचन सम्बंधी कार्य को नकारने अथवा टालने की स्थिति में सम्बन्धित कार्मिक पर दण्डनीय कार्यवाही की जा सकती है।

# ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान महरौनी के तत्वाधान में एक शोक सभा सम्पन्न

*महरौनी (ललितपुर)। ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान महरौनी के तत्वाधान में ब्राह्मण महामंडल विधान सभा इकाई महरौनी की एक शोक सभा मंडल अध्यक्ष पं लालाराम बाजपेयी की अध्यक्षता मे आहूत की गई।*

*जिसमे महरौनी नगर निवासी सन्तोष, श्रीकांत, कमलेश पंडा के छोटे भाई एवम सुशील, सुधीर पण्डा के आदरणीय बड़े भाई व हेमंत, कपिल त्रिपाठी के पूज्यनीय पिताजी पं सुरेश कुमार त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर एवम महरौनी नगर के लुहारयाना निवासी सन्तोष, बद्री, रविशंकर, हरिशंकर, रामकुमार भोंडेले बुदनी वालों की पूज्यनीय माता जी एवम युवा ब्राह्मण महा मण्डल के अध्यक्ष ब्रजेश रिछारिया की पूज्यनीय नानी के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मोंन धारण कर शोक सम्वेदनाएँ व्यक्त की गयी।*

*शोक सभा मे पुरुषोत्तम नारायण तिवारी, श्रीप्रकाश दीक्षित, बाबूलाल नायक, संतोष रावत छायन, रामविलास कटारे, जगदीश पुरोहित, महेश तिवारी, रामकुमार नायक, रामजी दुबे, पुष्पेंद्र पटेरिया, प्रेमशंकर तिवारी, अभय दुबे, शैलेन्द्र नायक, देवेंद्र तिवारी, अजय पांडेय, सूर्यकान्त त्रिपाठी, संजय भोंडेले, आनंद पंडा, निशू दुबे, शशिकांत तिवारी (रिंकू कांकर), ब्रजेश तिवारी भैरा, अवधेश नायक, पीयूष शुक्ला, राजीव बाजपेयी, दीपक तिवारी (मोना), ऋषि तिवारी आदि उपस्थित रहे!*

# रक्तदान करने वाले भगवान तो नहीं पर महान जरूर होते हैं : अजय जैन 'साईकिल'



जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) की तरफ से एडवोकेट अंकित पटैरिया ने किया 12 वीं जिला चिकित्सालय में भर्ती राजेन्द्र जैन कडंकी के लिए रक्तदान। रक्त का अर्थ है खून या लहू। दान का अर्थ है दूसरों को देना। इसलिए रक्तदान का अर्थ हुआ खून को देना। दान कई तरह के होते हैं ङ्क जैसे अन्नदान, कन्यादान, श्रमदान, नेत्रदान आदि। इनमें रक्तदान सर्वश्रेष्ठ माना जाता है। कारण यह है कि दिये हुए रक्त से एक घायल या रक्तहीन बीमार व्यक्ति को नया जीवन मिलता है। रक्तहीन आदमी का जीवन भाररूप होता है। इसलिए हम रक्तदान को सर्वश्रेष्ठ दान मानते हैं।

इसी क्रम में समिति द्वारा राजेंद्र जैन जो जिला चिकित्सालय में भर्ती थे और डॉक्टर ने उन्हें रक्त की कमी बताई मरीज के परिवार में कोई ब्लड देने वाला नहीं था जिससे मरीज के परिवारजन काफी चिंतित और परेशान थे। जब इसकी सूचना समिति के अध्यक्ष दीपक राठौर को मिली तो उन्होंने तत्काल ओ पॉजिटिव ब्लड की व्यवस्था कराई और तत्काल एडवोकेट अंकित पटैरिया से संपर्क किया और उन्होंने संपर्क करने की 10 मिनट के अंतराल में ही ब्लड बैंक पहुंचकर राजेन्द्र जैन कडंकी को अपना बहुमूल्य ओ पॉजिटिव रक्तदान करके मानवता की मिसाल पेश की। मरीज के परिवारजनों ने रक्तदाता एडवोकेट अंकित पटैरिया और जय अम्बे रक्तदान समिति के अध्यक्ष एवं समस्त समिति का धन्यवाद और साधुवाद किया और कहा की आपने बहुत ही कम समय में हमारे मरीज को ब्लड दिलाकर सच्ची मानवता दिखाई है जिसके हम सदा आपके आभारी रहेंगे। इस मौके पर जय अम्बे रक्तदान समिति ललितपुर (रजि.) के अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल के युवा नगरध्यक्ष दीपक राठौर, अजय जैन ÷साईकिल÷ व्यापार प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष (भाजपा), नरेंद्र कडंकी (जिलाध्यक्ष उत्तर प्रदेश व्यापार मंडल) सौरभ जैन चुन्नू, आशीष गोस्वामी, देवराज बुन्देला (राजा) शरद तिवारी, विनीत तिवारी, नितिन झा, चन्दन सिंह अहिरवार, कन्हैयालाल रजक, बलराम राज, आदि मौजूद रहे।

ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान महरौनी के तत्वाधान में एक शोक सभा सम्पन्न

महरौनी (ललितपुर)। ब्राह्मण समाजोत्थान सेवा संस्थान महरौनी के तत्वाधान में ब्राह्मण महामंडल विधान सभा इकाई महरौनी की एक शोक सभा मंडल अध्यक्ष पं लालाराम बाजपेयी की अध्यक्षता मे आहूत की गई। जिसमे महरौनी नगर निवासी सन्तोष, श्रीकांत, कमलेश पंडा के छोटे भाई एवम सुशील, सुधीर पण्डा के आदरणीय बड़े भाई व हेमंत, कपिल त्रिपाठी के पूज्यनीय पिताजी पं सुरेश कुमार त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर एवम महरौनी नगर के लुहारयाना निवासी सन्तोष, बद्री, रविशंकर, हरिशंकर, रामकुमार भोंडेले बुदनी वालों की पूज्यनीय माता जी एवम युवा ब्राह्मण महा मण्डल के अध्यक्ष ब्रजेश रिछारिया की पूज्यनीय नानी के आकस्मिक निधन पर दिवंगत आत्मा की शांति हेतु दो मिनट का मोंन धारण कर शोक सम्वेदनाएँ व्यक्त की गयी।
शोक सभा मे पुरुषोत्तम नारायण तिवारी, श्रीप्रकाश दीक्षित, बाबूलाल नायक, संतोष रावत छायन, रामविलास कटारे, जगदीश पुरोहित, महेश तिवारी, रामकुमार नायक, रामजी दुबे, पुष्पेंद्र पटेरिया, प्रेमशंकर तिवारी, अभय दुबे, शैलेन्द्र नायक, देवेंद्र तिवारी, अजय पांडेय, सूर्यकान्त त्रिपाठी, संजय भोंडेले, आनंद पंडा, निशू दुबे, शशिकांत तिवारी (रिंकू कांकर), ब्रजेश तिवारी भैरा, अवधेश नायक, पीयूष शुक्ला, राजीव बाजपेयी, दीपक तिवारी (मोना), ऋषि तिवारी आदि उपस्थित रहे!

इंडिया गठबंधन अंतर्गत लोकसभा प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के चुनावी कार्यालय का हुआ उदघाट्न

महरौनी,ललितपुर। महरौनी नगर के ललितपुर रोड स्थित सिंघई मैरिज गार्डन के पास झाँसी-ललितपुर लोकसभा निर्वाचन हेतु इंडिया गठबंधन अंतर्गत पूर्व केंद्रीय राज्य मंत्री कांग्रेस प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन हुआ!
कार्यालय का उदघाटन पूर्व सांसद एवम कृभको अध्यक्ष डॉ चंद्रपाल सिंह यादव द्वारा फीता काटकर किया गया, इस मौके पर विशिष्ठ अतिथि के रूप में समाजबादी पार्टी एवम कांग्रेस पार्टी के जिला पदाधिकारी उपस्थित रहे!
डॉ चन्द्र पाल सिंह ने कार्यकर्ताओं में हुंकार भरते हुए कहा कि आज की तारीख तक हमारे प्रत्याशी की चुनावी समर में सर्वश्रेष्ठ पृष्ठभूमि है जो कि मतदान की तारीख तक हमे बनाये रखना है,



उन्होंने कहा कि पूर्व केंद्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य को अपार जन समर्थन मिल रहा है उनके अच्छे कार्य एवम कार्यकाल की जनता खुलकर प्रसँशा कर रही है, जिसके आधार पर उनसे किसी भी अन्य दल की कोई टक्कर नही है, समस्त कार्यकर्ता से ग्रामीण क्षेत्रो में जी जान से जुट जाने की अपील की है!
कार्यालय उद्घाटन समारोह मे नेपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष सपा, राजेश यादव, लक्ष्मीनारायण विश्वकर्मा,आशाराम तिवारी, अभिषेक सिंघई, अखिलेश मलैया,मुनीर खां, राकेश सेन,हलकरन चंचल,निशांत जैन, बृजभान सिंह यादव, इंद्रजीत नामदेव,भगवत भौडेले,कालका प्रसाद,रब्बी राजा,गिन्नी राजा, प्रदीप साहू,फरीद, दयाशंकर रजक, राकेश तिवारी, रामप्रसाद कुशवाहा,असगर अहमद , बृजेंद्र यादव, ओमप्रकाश नामदेव,संजू बर्मा,प्रशन्न यादव,कार्यालय प्रभारी अवधेश खरे सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

# कुम्हेड़ी ग्रामवासियो ने उपजिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

## गांव में जगह जगह टूटी पेयजल पाइप लाइन दुरूस्त कराने की मांग की



महरौनी,ललितपुर। महरौनी तहसील अंतर्गत ग्राम कुम्हेड़ी के प्रधान प्रकाश नारायण निरंजन ने ग्रामीणों सहित महरौनी उपजिलाधिकारी राजबहादुर को सौंपा ज्ञापन, ग्रामीणों ने ज्ञापन के माध्यम से बताया कि ग्राम कुम्हेड़ी में कई जगह पेयजल पाइप लाइन टूटी पड़ी है जिससे समूचे ग्राम की गलियों में पानी लीकिज हो रहा है जिससे पाइप लाइन में नालियों का गंदा पानी जा रहा है, साथ ही लीकिज पानी गलियों के सीसी रोड पर बह रहा है तो गांव के कीचड़ गन्दगी हो रही है जिससे कई प्रकार के रोग भी पनप रहे है! उक्त सूचना महरौनी जलकल संस्थान जेई को भी दूरभाष पर दी है पर उनकी तरफ से सुधार हेतु कोई कदम नही उठाया गया! ग्राम प्रधान ने उपजिलाधिकारी महरौनी से पाइप लाइन जल्द दुरुस्त कराने की अपील की है!

# शहर में विद्युत व पेयजल की विकराल समस्या के समाधान हेतु जिलाधिकारी से मिला भाजपा का प्रतिनिधि मण्डल, जिलाधिकारी महोदय ने लिया प्राथमिकता से संज्ञान लेकर त्वरित सुधार का दिया आश्वासन



ललितपुर- भारतीय जनता पार्टी का एक प्रतिनिधि मण्डल आज सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड एवं जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन के नेतृत्व मे जिला अधिकारी महोदय से मिला। सदर विधायक रामरतन कुशवाहा ने जिलाधिकारी महोदय को वताया कि कुछ दिनों से शहर की विद्युत और जल व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो गई है। और विद्युत व्यवस्था तो इतनी लचर हो गयी है कि कल सात मई को दिन भर लाईट मुख्य शहर में लुका छुपी का खेल खेलती रही। ऐसा ही पेय जल को लेकर हो रहा है।

शहर के कई मुहल्लों में पेय जल की गम्भीर समस्या उतपन्न हो गयी है और इस सब मे सम्बंधित अधिकारियों की लापरवाही प्रथम द्रष्ट्या द्रष्टि गोचर दिखाई पड़ती है। उन्होंने कहा कि जब इस समय इतनी गर्मी पड़ रही है तो ऐसे में विद्युत और पेयजल दोनों से सम्बन्धित अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए जाने चाहिए ताकि व्यवस्था सुचारू हो सके और जनता राहत की सांस ले सके। इस पर जिला अधिकारी महोदय ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत और अधिशासी अभियन्ता जल संस्थान के साथ अन्य तत् सम्बन्धित अधिकारी कर्मचारियों को बुला कर आवश्यक सख्त निर्देश दिए तथा चेतावनी दी कि आज के बाद शहर की जल, विद्युत व्यवस्था पूर्णतः व्यवस्थित हो जानी चाहिए अन्यथा की दशा में सम्बंधित अधिकारी, कर्मचारियों के खिलाफ सख्त एक्शन लिया जायेगा।

उन्होंने अधिकारियों से कहा कि मौसम में गर्मी का विकराल रुप सामने आने के कारण हर हालत में विद्युत और पेय जल व्यवस्था सुव्यवस्थित होनी चाहिए। इस पर सदर विधायक ने जिलाधिकारी महोदय को धन्यवाद देते हुए त्वरित इस समस्या को हल करवाने की अपेक्षा की। प्रतिनिधि मण्डल मे सदर विधायक रामरतन कुशवाहा एड, भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष राजकुमार जैन, बुन्देलखण्ड विकास वोर्ड के सदस्य प्रदीप चौवे, जिला मीडिया प्रभारी देवेंद्र गुरु आदि उपस्थित रहे।

# किसान गरीबों बेरोजगारों युवाओं को दरकिनार कर अडानी जैसे अमीरों को मिला मौजूदा सरकार का लाभ : डॉ चन्द्रपाल सिंह

## बाईक रैली नुक्कड़ सभा मे गठबंधन के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य को मांगें वोट



मड़ावरा।किसान गरीबों बेरोजगारों युवाओं को दरकिनार कर आज देश मे पूंजीपति उधोगपति अडानी जैसे अमीरों को मौजूदा भाजपा सरकार का लाभ मिल रहा है।वही आज देश के किसानों बेरोजगारो युवाओं ठगा जा रहा है।रोजगार के नाम पर वेकेंसी निकाल कर पेपर लीग कर युवाओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ कर रहे आज प्रदेश में अधिकांश बेरोजगार ओवर ऐज होकर अपनी डिग्रियां लेकर घूम रहे हैं।किसानों के खातों में एक भी राहत राशि नही आई है।यह बुधवार को सपा के पूर्व सांसद डॉ चन्द्रपाल सिंह यादव ने मड़ावरा में गठबंधन कार्यालय के शुभारंभ के दौरान कहा।

उन्होंने कहा कि आज मड़ावरा ललितपुर राजमार्ग ललितपुर में सिंचाई हेतू बांधों का निर्माण युवाओं को रोजगार सपा सरकार में मिला मौजूदा सरकार ने केवल भर्ती निकाल कर पेपर लीग करवाया।सैकड़ो की संख्या में गल्ला मंडी मड़ावरा से बाइक रैली निकाल कर गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व मंत्री प्रदीप कुमार जैन आदित्य के पक्ष में अधिक से अधिक मतदान करने की अपील की गई।वही मड़ावरा के ग्राम सादुमल गौना कुष्मांड टिकरा कारिटोरन सोजना में नुक्कड़ सभा कर गठबंधन प्रत्याशी प्रदीप जैन को विजयी बनाने की अपील की गई।इस दौरान सपा जिलाध्यक्ष नेपाल सिंह यादव पूर्व अध्यक्ष ज्योति सिंह लोधी जिला पूर्व ब्लाक प्रमुख प्रधान मड़ावरा गौरीशंकर सोनी सचिव विजय सिंह खँगार परिहार प्रवक्ता गिरधारी यादव विधानसभा अध्यक्ष निर्भान सिह यादव गिन्नी राजा वारोंन नीलेश झा जिला उपाध्यक्ष करन पटेल महासचिव कैलाश कुशवाहा ब्लाक अध्यक्ष द्वारिका प्रसाद पटेल प्रकाश जैन मेडिकल गजेंद्र सौरया रामसिंह सिंह लोधी रोशन सिह लोधी जिला सचिव प्रकाश पाल बच्चू लाल कुशवाहा मुधरा कुशवाहा तुलसी नामदेव भजन सिह लोधी सूरत सिह लोधी स्वामी लोधी खूब चंद सेन मुकेश रजक मुन्ना रजक अमन जैन विक्की जैन मिलन लोधी भीकमपुर महेश धबा खँगार दिनेश रजक सचिन रजक जीतू सोनी एसपी कसगर मयंक मंगू सोनी कल्लू खटीक माखन कुशवाहा समेत सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## क्यूब रूट्स फाउंडेशन द्वारा छात्र छात्राओं को बैठने के लिए120 डेक्स ब्रैंच मुक्त उपलब्ध कराई गई



**बबीना (झांसी)** आज क्यूब रूट फाउंडेशन की तरफ से शिक्षा के क्षेत्र को और बेहतर बनाने के लिए प्राइमरी विद्यालय गोची खेड़ा, प्राइमरी विद्यालय नई बस्ती ,प्राइमरी विद्यालय मुटरन एवं प्राइमरी विद्यालय बबीना में क्यूब रूट्स फाउंडेशन की तरफ से छात्र एवं छात्राओं को बैठने के लिए 120 डेक्स ब्रैंच मुक्त में उपलब्ध कराई गई इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रहे झांसी ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के परियोजना प्रमुख प्रदीप कुमार चौधरी जी रहे इस काम के लिए सभी स्कूलों के अध्यापक प्रधानाचार्य ने क्यूब रूट्स फाउंडेशन के सभी अधिकारियों का तहे दिल से आभार व्यक्त किया उन्होंने बताया की ऐसी अच्छी सोच सामाजिक कार्य आज के दौर में बहुत कम लोग करते हैं सभी अध्यापकों ने इस काम की सराहना की स्कूलों के साथ-साथ कॉलेज में भी स्मार्ट क्लास का शुभारंभ किया गया जिसमें एलइडी टीवी के माध्यम से शिक्षा को नई ऊंचाइयों में ले जाएगा और छात्र एवं छात्राएं अच्छे से शिक्षा को ग्रहण कर पाएंगे जिन विद्यालयों में पानी की असुविधा थी उन विद्यालयों को चिन्हित कर उनमें केंट आरो लगवाया गया ताकि जो बच्चे हमारे देश के भविष्य हैं उन्हे ज्यादा से ज्यादा अच्छी सुविधा मिल सके स्वस्थ रह सके शुद्ध पेयजल के माध्यम से शिक्षा को और ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए क्यूब रूट फाउंडेशन की तरफ से बबीना में मुक्त कंप्यूटर कोचिंग सेंटर चलाया जा रहा है इस कोचिंग सेंटर में भारी मात्रा में बच्चे कंप्यूटर सीखने आ रहे हैं एवं सभी लोगों ने इस कार्य की सराहना की है और क्यूब रूट्स फाउंडेशन के सभी अधिकारियों को धन्यवाद दिया है इस कार्यक्रम में झांसी ललितपुर टोलवे प्राइवेट लिमिटेड के प्रबन्धक अभिषेक सिंह , सीएसआर टीम से आशीष चौधरी वही प्रधानाचार्य श्रीमती अध्यापक और हर्षित अंकित विवेक जितेन्द्र इस कार्यक्रम में मौजूद रहे।



बबीना (झांसी) लोकसभा चुनाव के दृष्टिगत बुधवार को एस.लक्ष्मी पुलिस महानिरीक्षक द्वारा थाना क्षेत्रान्तर्गत प्राथमिक विधालय ग्राम खैलार व लाल बहादुर शास्त्री विधालय कस्बा बबीना मतदान केन्द्रो पर बूथो को चेक किया गया व अन्तराज्यीय बार्डर चकरपुर सिमरावारी बार्डर व बबीना टोल प्लाजा पर एस.एस.टी. टीम को चेक किया गया व थाने में महिला हेल्प डेस्क का निरीक्षण व भ्रमण किया गया इस मौके पर स्नेहा तिवारी क्षेत्राधिकारी सदर व थानाध्यक्ष अरूण कुमार तिवारी व प्वाईन्टो पर समस्त फोर्स मौजूद रहा।

## भारत विकास परिषद मुख्य शाखा का 24 वा अधिष्ठापन समारोह आयोजित



**झांसी।** भारत विकास परिषद मुख्य शाखा झांसी का 24वां अधिष्ठापन समारोह शाखा अध्यक्ष नीलेश मोदी, मुख्य अतिथि डा0 एन एस सेंगर, प्राचार्य मेडिकल कॉलेज झांसी (बुन्देलखण्ड प्रांत) , अधिष्ठापन अधिकारी डा0 सी0पी0 गुप्ता, प्रान्तीय अध्यक्ष (बुन्देलखण्ड प्रांत) एवं दीक्षा अधिकारी विनोद सरावगी प्रान्तीय महासचिव (बुन्देलखण्ड प्रांत) के आतिथ्य में होटल यात्रिक में आयोजित किया गया। भारत माता एवं विवेकानंद जी के चित्रों पर माल्यार्पण एवं द्वीप प्रज्वलन के पश्चात समारोह का प्रारंभ किया गया। मंचासीन अतिथियों का परिचय व स्वागत के पश्चात शाखा सचिव अजय पुरवार के द्वारा 2023-2024 में शाखा द्वारा किये गए कार्यो की विस्तृत रिपोर्ट सदन के समक्ष रखी गई। वर्ष भर के कार्यक्रमों के कार्यक्रम संयोजक, प्रायोजक, प्रकल्प प्रभारी एवं समस्त सदस्यगणों को सम्मानित किया गया। नवनियुक्त शाखा अध्यक्ष डाक्टर कृष्णमोहन अग्रवाल के द्वारा कहा गया कि शाखा द्वारा जो दायित्व सौपा गया है उसे आप सभी के सहयोग से पूर्ण निष्ठा के साथ निर्वहन करते हुए शाखा के विश्वास को बनाये रखने हेतु कटिबद्ध रहूंगा।

# सब्जी मंडी और फल मंडी में दुर्व्यवस्थाओं को दूर कर नया रूप देने का कार्य करेंगे, प्रदीप जैन आदित्य



झांसी ! इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य ने आज सुबह 6 बजे से लेकर देर रात तक बिना विश्राम किए जनसम्पर्क किया। सुबह सब्जी मण्डी और फल मण्डी के बाद वार्ड 8 व 34 नई बस्ती वार्ड नं0 45 छनियापुरा 47 तलैया में द्वार द्वार जाकर आम जनता से आर्शीवाद और वोट मांगा। सब्जी मण्डी और फल मण्डी में उन्होंने वहां पर व्याप्त दुर्व्यवस्थाओं को देखा और आश्वस्त किया कि दोनों मण्डीयों को नया रूप देने का काम करेंगे। जहां अढ़तियों और खरीदार दुकानदारों को अधिक सुविधाएं प्राप्त होंगी। जनसम्पर्क के दौरान उनकी लोकप्रियता देखने को मिली। नई बस्ती में रहने वाले महीनों से आपरेशन के कारण आईसीयू में भर्ती रहे, हजरत खान जिनके आपरेशन करके थैलियां लगी हुयी हैं, गगन चुम्बी नारों को सुन कर प्रदीप जैन आदित्य की मोहब्बत में घर से बाहर निकल कर उनका स्वागत करने की परिजनों से ज़िद करने लगे लेकिन प्रदीप जैन आदित्य खुद उनके बिस्तर तक गये, उनका स्वागत स्वीकार किया। यह देख कर लोगों की आंखों में आसूं भर आये। प्रदीप जैन आदित्य के साथ पूरे जनसमूह ने ईश्वर से उनके जल्द स्वस्थ हो जाने की प्रार्थना और कामना की। जनसम्पर्क में शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, तनवीर आलम, बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह, पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज हुसैन, प्रभारी अरविन्द बब्लू, आप के जिला अध्यक्ष अरशद खान, अनिल बटटा, मुकेश अग्रवाल, शंभू सेन, शफीक अहमद मुन्ना, दिलीप सिंह भदौरिया, रिंकू यादव समोसे वाले, विवेक मिश्रा, शरद परिहार, नईम मंसूरी, आबिद, शैलेन्द्र जैन, रिंकू जैन, राहुल जैन, मालिनी जैन, नीतू, विवेक मिश्रा, राममोहन बाल्मिकी, हैदर हुसैन, नीता अग्रवाल, सरला भदौरिया, विनय उपाध्याय, प्रदीप गुर्जर, मुकेश चौबे, दयाल कुशवाहा, रिंकू परिहार, जुब्बू कुशवाहा, दिलीप ठाकुर, नरेन्द्र झा, हबीबुर्रहमान चंदा, अब्दुल जाविर, अखलाक मकरानी, नफीस मकरानी,मो0 शाहिद, शाहरूख खान, रशीद कुरैशी, धनश्याम प्रजापति, संजू गुप्ता, कुतुबुददीन और बहुत से गठबंधन के कार्यकर्ता शामिल रहे।

पूर्व सांसद डा0 चन्द्रपाल सिंह यादव द्वारा महरौनी और मड़ावरा में चुनाव कार्यालय का उद्घाटन किया तथा ग्राम दरौना, सैदपुर, साडूमल, मड़ावरा, प्यासा, डोंगरा, लुहरा, कारीटोरन, टीकरा, मैकारा, कुसमाद, गौना, सोजना में भारी जनसमूह के साथ जनसम्पर्क किया और प्रदीप जैन को भारी मतों से विजयी बनाने की अपील की। जनसम्पर्क में जिला अध्यक्ष ज्योति सिंह, सूर्य प्रताप जमीदार, ब्रजेश मिश्रा, नगर अध्यक्ष प्रदीप साहू, रीतेश साहू, लक्ष्मीनारायण पटेरिया, यूथ अध्यक्ष आशाराम तिवारी, ब्रजेन्द्र यादव, संतोष रायकवार, संजू बरार, दया शंकर रजक, सनी खान, अशोक अहिरवार, घनश्याम अहिरवार, प्यारे लाल आदिवासी, नीलेश झा, शीलचंद लोधी, भजन सिंह लोधी, पूर्व प्रधान हीरा लाल लोधी, सुनील आदिवासी, अखिलेश मलइया, राकेश सेन, अमर सिंह यादव, जगदीश यादव, राम कुमार यादव, जिला सचिव तरन पटेल, डा0 प्रकाश नारायण पाल, गौरी शंकर सोनी, ब्रजभान सिंह यादव, पुष्पेन्द्र सिंह लोधी, विक्की जैन, द्वारका प्रसाद पटेल, संदीप लोधी, बब्लू राजा भदौरा, साहब सिंह, जिन्नी राजा बारौन और भारी संख्या सभी दलों के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। रेलवे स्टेशन झांसी और डीआरएम आफिस में हर कर्मचारी की सीट पर जाकर उन्हें वोट देने और समर्थन देने का अनुरोध किया।

# 1974 की ऐतिहासिक रेल हड़ताल की 50वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठीः संदीप सिन्हा'



झाँसी। वैगन मरम्मत कारखाना नॉर्थ सेन्ट्रल रेलवे मेन्स यूनियन श्वरू-1 कारखाना शाखा झाँसी में मुख्यालय मण्डल मंत्री कॉ. संदीप सिन्हा जी के नेतृत्व में एवं शाखा अध्यक्ष आशीष नायक की अध्यक्षता में 1974 की ऐतिहासिक रेल हड़ताल की 50वीं वर्षगांठ पर संगोष्ठी कार्यक्रम सम्पन्न हुआ, कार्यक्रम में सभी वरिष्ठ वक्ताओं द्वारा 1974 की रेल हड़ताल के बारे में संक्षेप में सभी साथियों को अवगत कराया व यूनियन कार्यालय लाल सलाम के गगनचुम्बी नारों से गूँज उठा और साथ ही 1974 की हड़ताल में शहीद हुये सभी कॉमरेडस को श्रद्धा सुमन अर्पित किये। इस अवसर पर मुख्यालय मण्डल मंत्री संदीप सिन्हा, मु.मण्डल उपाध्यक्ष हरि शंकर यादव, खेमचन्द्र, शाखा सचिव के.मुरलीधर अय्यर, शाखा अध्यक्ष आशीष नायक, कार्यकारी अध्यक्ष रामकुमार परिहार, शाखा कोषाध्यक्ष सुनील कुमार, शाखा उपाध्यक्ष राजा भैया, दयाशंकर यादव, शाखा संयुक्त सचिव परवेज अहमद, पंकज कुमार पाण्डे, जयसिंह सचान, अभिषेक रायकवार, अरविन्द कुमार, मदन, बृजभूषण शाक्य, निखिल श्रीवास्तव, संजीव सिंह तोमर, मनोज साहू , छोटे लाल मीना, गुरूदयाल आदि उपस्थित रहे। अंत मे शाखाध्यक्ष कॉ. अशीष नायक ने सभी का आभार प्रकट किया।

# प्रभु राम के दर्शन के साथ डॉ. संदीप ने की अवतरण दिवस की शुरुआत

**संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर धूमधाम से मनाया गया डॉ0 संदीप का जन्मदिवस**





**झाँसी।** जनपद के प्रतिष्ठित समाजसेवी एवं संघर्ष सेवा समिति के संस्थापक डॉ0 संदीप सरावगी के जन्मदिवस के अवसर पर संघर्ष सेवा समिति एवं संघर्ष महिला संगठन के संयुक्त तत्वाधान में एस.एम. टावर, झोकन बाग स्थित कार्यालय पर सुंदरकांड और भोजन प्रसादी वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया दिन की शुरुआत सरावगी दंपति में ओरछा मंदिर में राजा राम के दर्शन कर की तत्पश्चात ओरछा मंदिर प्रांगण में उपस्थित असहायों को दान भी दिया।

सुबह से ही डॉ0 संदीप को जन्मदिवस की शुभकामनायें देने के लिए गणमान्य नागरिकों, मित्रों, संगठन के सदस्यों, जनप्रतिनिधियों का तांता लगा रहा एवं जनपद में शुभचिंतकों द्वारा कई स्थानों पर होर्डिंग लगवाकर भी शुभकामनाएं दी गयीं। आगे के कार्यक्रम में संघर्ष सेवा समिति कार्यालय पर दोपहर 2:00 बजे से सुंदरकांड पाठ प्रारंभ पण्डित श्याम सोनकिया के सानिध्य में किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में शुभचिंतकों ने हिस्सा लिया। सुंदरकांड की समाप्ति के पश्चात सभी को भोजन प्रसादी वितरित की गयी। डॉ0 संदीप द्वारा सैकड़ों की संख्या में आदिवासी बच्चों को एवं वृद्ध आश्रम की महिलाओं को वस्त्र वितरित किए गये। वृद्ध महिलाओं द्वारा डॉक्टर संदीप को दीर्घायु एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई एवं आदिवासी बच्चों ने डॉक्टर संदीप का आभार व्यक्त किया। वहीं कार्यक्रम में पहुंचे झांसी ललितपुर के लोकप्रिय सांसद अनुराग शर्मा ने 18 किलो की माला पहनाकर डॉक्टर संदीप को जन्मदिवस एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं देर शाम तक जनप्रतिनिधियों, समाजसेवियों, व्यापारियों एवं मित्रगणों का आवागमन बना रहा।

इस अवसर पर मुख्य रूप से भाजपा नेता संतराम पेंटर, नीतू दांगी, उर्वशी अवस्थी, गोपाल जी गोस्वामी, अर्पित चौहान, सत्येंद्र ठाकुर, लखनलाल सक्सैना, कौसर जहां, पूजा रायकवार, नीलम रायकवार, संदीप नामदेव, अनिल वर्मा, मीना मसीह, अब्दुल रब, हाजरा रब, नीलू रायकवार, मास्टर मुन्नालाल, लखन अहिरवार, शांति अहिरवार, सना परवीन, फरजाना शाहजहाना, मधु वर्मा, अंजुम खान, नंदा यादव, इंद्रा परिहार, राकेश जिज्ञासी, ज्योति गोस्वामी, सुधा गुप्ता, राखी, प्रिया सेन, धर्मेंद्र, ऐ के श्रीवास्तव, अभिषेक पुरोहित, मोना रायकवार, रीता ओझा, रेखा रायकवार, लक्ष्मी अहिरवाल, हरिकिशन रजक आदि सैकड़ों की संख्या में शुभचिंतक उपस्थित रहे।

# मतदान राष्ट्र निर्माण मे सबसे बड़ा योगदानः शिवा राजे बुंदेला



झांसी। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बुंदेलखंड विश्वविद्यालय इकाई झांसी द्वारा कृषि विज्ञान संस्थान के सभागार में छात्रों के मध्य मतदाता जागरूकता अभियान व छात्र संवाद का आयोजन किया गया, मतदान के महत्व एवं मतदान जागरूकता के विषय पर चर्चा की गई, आगामी अर्थव्यवस्था,शैक्षणिक,सामाजिक विकास,रोजगार आदि विषयों पर प्रमुखता से बात रखी गयी जिसमें इस लोकतंत्र के महापर्व में हमे जो भी व्यक्ति चुनाव आयोग के मार्गदर्शक तत्वों का पालन कर सूचीबद्ध हैं वह अपने क्षेत्र में जाकर जरूर मतदान करें, मतदान की घटती संख्या को बढ़ाने के लिए भी जागरूकता संदेश दिए गए और सभी से आग्रह किया की आप मतदान करने जरूर जाएं एवं अपने माता-पिता,मित्र परिवार को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करे जिसमें प्रमुख रूप से अभाविप कानपुर की प्रांत मंत्री शिवा राजे बुंदेला,?जी ने कहा कि मतदान हमारे लोकतंत्र का महापर्व है और इस महापर्व में हमे अपनी शत प्रतिशत भूमिका सुनिश्चित करनी है,वही बुंदेलखंड विश्वविद्यालय इकाई अध्यक्ष हर्ष शर्मा ने कहा, हमारा मत सिर्फ राष्ट्रहित मे होना चाहिए, इकाई मंत्री निषेंद्र राजपूत ने कार्यक्रम का आभार ज्ञापित किया जिसमें,एग्रिविजन अध्यक्ष अमित पोखरकर,पूर्व इकाई अध्यक्ष पूर्व अध्यक्ष विकास शर्मा,सह मंत्री फिरोज खान, सहमंत्री दर्शन तहकित इकाई उपाध्यक्ष अनिल पस्तोर, शिवेंद्र सिंह हरेंद्र और अन्य विश्वविद्यालय कार्यकारणी के सदस्य एवं छात्र छात्रा उपस्थित रहे ।

# सांसद के गोद लिए गांव के बहुत से युवाओं ने कांग्रेस का झण्डा थामा



झांसी ! इण्डिया गठबंधन के प्रत्याशी पूर्व केन्द्रीय मंत्री प्रदीप जैन आदित्य के समक्ष सांसद के गोद लिए गांव सरवां भड़रा के बहुत से नवयुवकों ने कांग्रेस पार्टी में आस्था व्यक्त करते हुए कांग्रेस पार्टी का झण्डा अपने हाथों में थाम लिया। सरवां भडरा के इन युवाओं में आक्रोश है कि सांसद द्वारा गोद लिए गांव की पांच साल में एक रत्ती हालत नहीं सुधरी जैसे पहली थी आज भी वैसी ही है। उनका कहना है कि जिस सांसद ने गोद लिए गांव की तरफ पलट कर नहीं देखा उससे क्या उम्मीद की जा सकती है इसलिये वो अब कांग्रेस के साथ कदम से कदम मिला कर चलेंगे और प्रदीप जैन को विजयी बनायेंगे।

पूर्व सांसद ब्रज लाल खाबरी और पूर्व विधायक दीप नारायण सिंह यादव ने चुनावी रणनीति के तहत बैठक कर पूरी रूपरेखा तैयार की। बैठक में रामकुमार शुक्ला, अफजाल हुसैन, प्रिंस कटियार, रधुराज शर्मा, विनय उपाध्याय, अनिल रिछारिया, प्रदीप गुर्जर उपस्थित रहे।

चुनावी समर में अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य की पुत्री सौम्या जैन ने भी वार्ड नं0 7 कछियाना पुलिया नं0 9 में तपती हुई धूप में पसीना बहाते हुए जनसम्पर्क किया और उनके पिता को भारी बहुमत से जिताने की घर घर जाकर अपील की। सौम्या ने कहा कि गठबंधन सरकार में महिलाओं को पूरा सम्मान मिलेगा। शहर अध्यक्ष मनोज गुप्ता, अरविन्द बब्लू, कमर राजा, प्रीति श्रीवास, मोहर सिंह राठौर, सुनील पाल, आरिफ सलीम, विजय नारायण, दीपक पासवान, फारूख शेख, मंसूर अली, रईस काजी, राजकुमार फौजी, अमीर चंद आर्य, हरि ओम श्रीवास, अशोक कन्सोरिया, प्रशांत वर्मा, हैदर अली, इमरान खान, वसीम उददीन, रोवेश खान जनसम्पर्क के दौरान उपस्थित रहे।

# इंडिया गठबंधन की समन्वय बैठक आयोजित

**उत्तर प्रदेश में गठबंधन को 80 सीटों पर को जिताना है, अविनाश पांडे**



**झांसी !** इण्डिया गठबंधन की समन्वय बैठक पूर्व सांसद चन्द्रपाल सिंह यादव की अध्यक्षता और राष्टीय महासचिव, प्रभारी उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी अविनाश पाण्डेय के मुख्य आतिथ्य में कुंज वाटिका में सम्पन्न हुई। जिसमें शहर और जिला कांग्रेस कमेटी, समाजवादी पार्टी, आम आदमी पार्टी, जनअधिकार पार्टी, कम्यूनिस्ट पार्टी, शिव सेना (उद्धव) और बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के पदाधिकारीगण सम्मिलित हुए। मंच पर आसीन पूर्व विधायक ब्रजेन्द्र व्यास डमडम महाराज, पूर्व राष्टीय सचिव डा0 सुधांशु त्रिपाठी, राजेन्द्र सिंह यादव, बुन्देलखण्ड क्रान्ति दल के केन्द्रीय अध्यक्ष सत्येन्द्र पाल सिंह, राहुल रिछारिया, राहुल राय, पूर्व विधायक सतीश जतारिया, एआईसीसी सचिव नीलांशु चतुर्वेदी, जिला अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह पारीछा, पूर्व शहर अध्यक्ष इम्तियाज़ हुसैन, जिाल अध्यक्ष ब्रजेन्द्र सिंह, बलवान सिंह, महानगर अध्यक्ष तनवीर आलम, जिला अध्यक्ष अरशद खान, प्रान्तीय उपाध्यक्ष अर्चना गुप्ता, अनुज मिश्रा का स्वागत सत्कार किया गया।

समन्वय बैठक में उपस्थित भारी संख्या में कार्यकर्ताओं को आम आदमी पार्टी की प्रांतीय अध्यक्ष अर्चना गुप्ता ने संबोधित करते हुए कहा कि सितम का हद से बढ़ जाना बरबादी की निशानी है। भाजपा की इस सरकार में कोई शिक्षा और चिकित्सा की बात नहीं करता। नफरत की राजनीति खत्म होना चाहिए और प्रेम का दीप जलाने की ज़रूरत है। उन्होंने अन्त में कहा कि निकलो घर और मकानों से जंग लड़ो बेईमानों से।

इण्डिया गठबंधन के झांसी ललितपुर लोकसभा के प्रत्याशी प्रदीप जैन आदित्य ने कहा कि बानपुर गांव में एक नवयुवक ने सांसद से पूछ लिया कि नवयुवकों की नौकरी की बात क्यों नहीं करते तो पुलिस ने उसको बेरहमी के साथ पीटा। ये है गुण्डा राज। आज की तारीख में कोई सांसद से कोई सवाल भी नहीं कर सकता है।

मुख्य अतिथि राष्टीय महासचिव और प्रभारी उ0प्र0 कांग्रेस कमेटी अविनाश पाण्डेय ने कहा कि यह समन्वय बैठक गठबंधन को मजबूत करने के लिए की जा रही है। मोदी के नेतृत्व में केन्द्र और राज्य में भाजपा सरकार वहां तानाशाही फरमान निकाले जा रहे हैं लेकिन उनके पास जनता की बात सुनने का दो मिनट का वक्त नहीं है। दो करोड़ नौकरी और किसानों की आय दोगुनी करने का वादा करके आयी इस सरकार ने केवल जनता को ठगा है। भाजपा ने जहां गैर भाजपाई सरकारें थी वहां विधायको को खरीदा और सरकारें गिरा दी और कहीं कहीं तो मुख्य मंत्रियों तक को जेल में डाल दिया गया। उनका संदेश है कि इसी तरह तानाशाह सरकार चलेगी। संसद में माइक बन्द कर दिए जाते हैं। सड़कों पर बोलने नहीं दिया जाता है। 700 किसानों ने शहादत दी, मणिपुर जलता रहा लेकिन प्रधानमंत्री को एक मिनट की फुर्सत नहीं मिली कि वहां के हालात जान लें। ऐसे दौर में राहुल गांधी ने कश्मीर से कन्या कुमारी तक 4000 किलोमीटर और मणिपुर से महाराष्ट तक पैदल यात्रा कर जनता को आश्वस्त करने का काम किया लेकिन जनता अगर इस बार चूक गयी तो अगला चुनाव जनता को मिलेगा कि नहीं किसी को नहीं मालूम। उ0प्र0 में पूरी 80 सीटों पर गठबंधन को जिताना है। तीसरे चरण के चुनावों में भी गठबंधन को बढ़त मिल रही है।

# सोशल मीडिया के माध्यम से विश्व को मुट्ठी में किया जा सकता है- बृजेश पाठक

**युवा सोशल मीडिया वॉरियर्स मोदी जी के एजेंडे को के हर घर में पहुंचाएंः अनुराग शर्मा**




झांसी।महानगर में आज झांसी के दीनदयाल सभागार में सोशल मीडिया वालंटियर का सम्मेलन हुआ जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक उपस्थित रहे इस सम्मेलन में पांचों विधानसभाओं से यूट्यूबर्स, ब्लॉगर एवम सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर जैसे सोशल मीडिया वारियर उपस्थित रहे तथा ब्रजेश पाठक ने कई सोशल मीडिया इनफ्लुएंसर को सम्मानित किया ।

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सोशल वारियर्स को संबोधित करते हुए कहा की सोशल मीडिया का कोई भी सीमित क्षेत्र नहीं है आप झांसी में बैठकर जो सोशल मीडिया एक्टिविटी करते हो वह पूरी दुनिया में देख सकते हैं और यह एक ऐसा मीडिया है जो पूरी विश्व को मुट्ठी में ला सकता है भारत में चुनाव है लेकिन इसकी चर्चा पूरे विश्व में हो रही है पाकिस्तान में तो लोग शर्त लगा रहे हैं वह लोग चाहते हैं कि कैसे भी कांग्रेस की सरकार बन जाए मोदी की सरकार नहीं बन पाए, अगर हम पिछले 10 साल में मोदी जी का काम देखें तो उसके पिछले 60 सालों के कांग्रेस के शासन के कार्य शून्य दिखाई देंगे , 2014 से पहले तक कि भ्रष्टाचार सूचकांक में भारत सबसे तेजी से बढ़ रहा था पहले इंटरनेट मोबाइल पर नहीं चलता था की-पैड का मोबाइल आता था ,2 द्द स्पेक्ट्रम घोटाला, कोयला घोटाला जैसे कई घोटाले कांग्रेस के शासनकाल में देखे है कांग्रेस ने पूरे देश को पूरे विश्व के सामने सर झुकाने का काम किया था, कॉमनवेल्थ में भी घोटाला हो गया और उनके मंत्री खेल करते करते जेल के पीछे चले गए, जब गरीबी और अमीरी में खाई बढ़ रही थी तो कांग्रेस ने भ्रष्टाचार से गरीबों को हटाया न की गरीबी को , चार करोड़ मकान गरीबों को देकर उनके जीवन स्तर को उठाने का काम मोदी ने किया है।



# बेहद अनोखा है तुर्किए का ये म्यूज़ियम, पानी के अंदर मौजूद हैं 117 मूर्तियां

**म्यूजियम ये नाम सुनते ही दिमाग में पुरानी चीज़ों को सहेजकर रखने वाली जगहों का ध्यान आता है। हालांकि बदलते समय के साथ अब म्यूजियम्स में आकर फन और एडवेंचर का एक्सपीरियंस भी लिया जा सकता है।**



आपने म्यूज़ियम तो बहुत देखें होंगे लेकिन कभी सोचा है कि पानी के अंदर भी म्यूज़ियम हो सकता है? तुर्किए का पहला अंडरवाटर म्यूज़ियम देखने लायक है। साइड अंडरवाटर म्यूज़ियम अंताल्या के मानवघाट जिले के साइड शहर में है। यह म्यूज़ियम तट से 1.5 मील दूर और 12-20 मीटर की औसत गहराई पर है। इस म्यूज़ियम में 117 मूर्तियां हैं।


ये मूर्तियां ऐसी सामग्रियों से बनी है, जो कि पानी के अंदर सुरक्षित रह सकती हैं। वे समुद्री जीवों को नुकसान पहुंचाए बिना वहां रह सकती है। यह म्यूज़ियम मेक्सिको में मैक्सिकन अंडरवाटर म्यूज़ियम के बाद दूसरे स्थान पर है, जो 400 मूर्तियों के साथ पहले स्थान पर है। म्यूज़ियम में आने वाले लोगों के पास प्रोफेशनल डाइविंग सर्टिफिकेट होना ज़रूरी है।





# बिहार की इस गुफा में छिपा है सोने का खजाना

## तोप भी नहीं उड़ा पाई गुफा का दरवाजा



**उत्तर प्रदेश के सोनभद्र में मिला सोने का भंडार अब पूरी दुनिया में चर्चा का विषय बन गया है। लेकिन क्या आपको पता है कि बिहार में भी एक जगह सोने का भंडार है, लेकिन वहां से सोना निकालना लगभग नामुमकिन है। दरअसल, वहां एक रहस्यमय दरवाजा है, जिसे आजतक कोई भी खोल नहीं पाया है। कई बार इसे खोलने की कोशिश की गई, लेकिन हर बार नाकामी ही हाथ लगी।**

सोने का यह भंडार बिहार के राजगीर में एक गुफा के अंदर है, जिसके बारे में कहा जाता है कि इसमें मगध साम्राज्य के सम्राट यानी मौर्य शासक बिम्बिसार का बेशकीमती खजाना छुपा है, जिसे आज तक कोई नहीं खोज पाया है। इसे सोन भंडार के नाम से जाना जाता है। दरअसल, राजगीर प्राचीन समय में मगध की राजधानी था। यही पर भगवान बुद्ध ने बिम्बिसार को धर्मोपदेश दिया था। यह शहर भगवान बुद्ध से जुड़े स्मारकों के लिए विशेष रूप से जाना जाता है। हालांकि कुछ लोग इस खजाने को पूर्व मगध सम्राट जरासंघ का भी बताते हैं, लेकिन वहां इस बात के प्रमाण ज्यादा हैं कि यह खजाना बिम्बिसार का ही है, क्योंकि इस गुफा से कुछ दूरी पर उस जेल के अवशेष हैं, जहां अजातशत्रु ने अपने पिता बिम्बिसार को बंदी बना कर रखा था। सोन भंडार गुफा में प्रवेश करते ही पहले एक बड़ा सा कमरा आता है। कहते हैं कि यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे की पिछली दीवार से खजाने तक पहुंचने का रास्ता बना हुआ है, जिसका द्वार एक पत्थर के दरवाजे से बंद किया हुआ है। इस दरवाजे को आज तक कोई नहीं खोल पाया है। गुफा की एक दीवार पर शंख लिपि मे कुछ लिखा हुआ है जो आज तक पढ़ा नहीं जा सका है। कहा जाता है कि इसमें ही खजाने के दरवाजे को खोलने का तरीका लिखा हुआ है, लेकिन इस लिपि को पढ़ने में दुनियाभर के लोग नाकाम रहे हैं। कुछ लोगों का यह भी मानना है कि बिम्बिसार के खजाने तक पहुंचने का रास्ता वैभवगिरी पर्वत सागर से होकर सप्तपर्णी गुफाओं तक जाता है, जो सोन भंडार गुफा की दूसरी ओर पहुंचती है।

कहा जाता है कि अंग्रेजों ने एक बार तोप से खजाने के दरवाजे को तोड़ने की कोशिश की थी, लेकिन वो इसे तोड़ नहीं पाए। तोप के गोले के निशान आज भी दरवाजे पर मौजूद हैं।



## हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपाया था खजाना

भारत विविधताओं वाला देश है। उत्तर में हिमालय है तो दक्षिण में कन्याकुमारी है। पश्चिम में कच्छ है तो पूर्व में बंगाल की खाड़ी है। इसके साथ ही कई ऐसे रहस्यमयी स्थान है जो विज्ञान के लिए आज भी पहेली बनी हुई है। इन पहेलियों में एक पहेली सोन भंडार है जो कि बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। ऐसा कहा जाता है कि इस जगह पर सोने का खजाना है, जिसे हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार की पत्नी ने छिपा रखा है। आज तक कोई इस खजाना तक नहीं पहुंच पाया है। अंग्रेजों ने एक बार कोशिश भी की थी, लेकिन वे इसमें सफल नहीं हो पाए थे।

यह स्थान बिहार राज्य के राजगीर में स्थित है। इतिहास की माने तो हर्यक वंश के संस्थापक बिम्बिसार को सोने चांदी से बेहद लगाव था। इसके लिए वह सोना और उसके आभूषणों को इकट्ठा करते रहते थे। उनकी कई रानियां थी, जिनमें एक रानी बिम्बिसार की पसंद का पूरा ख्याल रखती थी। जब अजातशत्रु ने अपने पिता को बंदी बना लिया और कारागार में डाल दिया। तब बिम्बिसार की पत्नी ने राजगीर में यह सोन भंडार बनवाया था। इस गुफा में राजा द्वारा इकट्ठा किए गए सभी खजानों को छिपा दिया गया था। आज तक यह गुफा विज्ञान के लिए पहेली है। इस गुफा में दो बड़े कमरे एक समान बनाए गए थे। एक गुफा में सैनिक रहते थे। जबकि दूसरे कमरे में खजानों को छिपाया गया था। इस कमरे को एक बड़े से चट्टान से ढका गया है, जिसे आज तक कोई खोलने में कामयाब नहीं हो पाया है। इस दरवाजे पर शंख लिपि में कुछ लिखा है। इस बारे में कहा जाता है कि अगर कोई इस लिपि को पढ़ने में सफल हो जाता है तो वह सोन भंडार को खोल सकता है। आजादी से पूर्व अंग्रेजों ने एक बार तोप से इस दरवाजे को उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन उन्हें इसमें सफलता नहीं मिली। इसके बाद से किसी ने दरवाजे को खोलने की कोशिश नहीं की है।



# क्या कहानी है खजाने की...

भारत में ऐसे कई स्पॉट्स है, जहां राजा-महाराजाओं का खजाना छिपे होने की बातें होती हैं। ऐसी ही एक कहानी सोन भंडार गुफा के बारे में भी प्रचलित है। जो बिहार के नालंदा जिले के राजगीर में आती है।

- मौर्य शासक बिंबिसार ने अपने शासन काल में राजगीर में एक बड़े पहाड़ को काटकर अपने खजाने को छुपाने के लिए गुफा बनाई थी।
- जिस कारण इस गुफा का नाम पड़ा था सोन भंडार। इस गुफा के बारे में कहा जाता है कि सोने को सहेजने के लिए इस गुफा को बनवाया गया था।
- पूरी चट्टान को काटकर यहां पर दो बड़े कमरे बनवाए गए थे।
- गुफा के पहले कमरे में जहां सिपाहियों के रुकने की व्यवस्था थी। वहीं, दूसरे कमरे में खजाना छुपा था।
- दूसरे कमरे को पत्थर की एक बड़ी चट्टान से ढंका गया है। जिसे आज तक कोई नहीं खोल पाया।

### अंग्रेजों ने की थी तोप से उड़ाने की कोशिश, हुए थे नाकाम

- अंग्रेजों ने इस गुफा को तोप के गोले से उड़ाने की कोशिश की थी, लेकिन वे इसमें नाकामयाब रहे थे। आज भी इस गुफा पर उस गोले के निशान देखे जा सकते हैं।
- अंग्रेजों ने इस गुफा में छुपे खजाने को पाने के लिए यह कोशिश की थी, लेकिन नाकाम होने पर वे वापस लौट गए।

### अंदर जाते ही 10 मीटर लंबा चट्टान का कमरा मौजूद है यहां पर

- सोन भंडार गुफा में अंदर घुसते ही 10.4 मीटर लंबा चौड़ा और 5.2 मीटर चौड़ा कमरा है। इस कमरे की ऊंचाई लगभग 1.5 मीटर है।
- यह कमरा खजाने की रक्षा करने वाले सैनिकों के लिए बनाया गया था। इसी कमरे के दूसरी ओर खजाने का कमरा है, जो कि एक बड़ी चट्टान से ढंका हुआ है।

### किस भाषा में लिखा है खजाने का कमरा खोलने का रहस्य

- मौर्य शासक के समय बनी इस गुफा की एक चट्टान पर शंख लिपि में कुछ लिखा है।
- इसके संबंध में यह मान्यता प्रचलित है कि इसी शंख लिपि में इस खजाने के कमरे को खोलने का राज लिखा है।

### जैन धर्म के भी हैं अवशेष

इस जगह पर जैन धर्म के अवशेष भी देखने को मिलते हैं। यहां पर दूसरी ओर बनी गुफा में 6 जैन धर्म तीर्थंकरों की मूर्तियां भी चट्टान में उकेरी गई हैं। इससे यह स्पष्ट होता है कि यहां पर जैन धर्म के अनुयायी भी रहे थे। तीसरी और चौथी शताब्दी में बनी हैं दोनों गुफा दोनों ही गुफा तीसरी और चौथी शताब्दी में चट्टानों को काटकर बनाई गई हैं। इन गुफाओं के कमरों को पॉलिश किया गया है।

### चट्टानों पर लिखी गयी है शंखलिपि भाषा

बिहार के साथ-साथ दूर-दराज़ के राज्यों से भी लोग इस गुफा को देखने आते हैं। इसके साथ ही भारतीय एवं अंतराष्ट्रीय पुरातत्त्वज्ञ भी इस गुफा के पीछे छिपे राज़ का पता लगाने यहाँ आते हैं। लेकिन हैरानी की बात तो यह है कि आज जब साइंस और टेक्नोलॉजी इतनी उन्नति कर चुकी है, उसके बावजूद भी इस गुफा के कमरों को खोला नहीं जा सका।



# दुनिया का अनोखा रेलवे स्टेशन जिसका नहीं है कोई नाम

भारतीय रेल एशिया का दूसरा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। इतना ही नहीं एकल सरकारी स्वामित्व के मामले में भारतीय रेल विश्व का चौथा सबसे बड़ा रेल नेटवर्क है। भारत में कुल रेलवे स्टेशन की संख्या 8000 के करीब है। कई ऐसे रेलवे स्टेशन हैं जो काफी मशहूर हैं। लेकिन आज हम आपको भारत के एक ऐसे अनोखे रेलवे स्टेशन के बारे में बताएंगे, जिसकी अपनी कोई पहचान ही नहीं है। इस स्टेशन का कोई नाम नहीं है। इस बात को जानकर आपको हैरानी भी हो रही होगी कि भला ऐसे कैसे हो सकता है। तो आपको बता दें कि यह स्टेशन पश्चिम बंगाल में है जिसका अपना कोई नाम नहीं है। यह स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है।

बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है। शुरुआत में इस स्टेशन को रैनागढ़ के नाम से जाना जाता था। रैना गांव के लोगों को यह बात पसंद नहीं आई क्योंकि इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था। रैना गांव के लोगों का मानना था कि इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ की जगह रैना होना चाहिए।

### ये है नाम न होने की वजह

ये रेलवे स्टेशन पश्चिम बंगाल के बर्धमान जिले से लगभग 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित है. बांकुरा-मैसग्राम रेल लाइन पर स्थित यह स्टेशन दो गांवों रैना और रैनागढ़ के बीच में पड़ता है. रैना और रैनागढ़ के बीच में होना ही इसका नाम न होने की वजह है. ऐसा कहा जाता है कि इस स्टेशन को 2008 में तैयार किया गया था. उस समय इस स्टेशन का नाम रैनागढ़ रखा गया. लेकिन इस स्टेशन की बिल्डिंग का निर्माण रैना गांव की जमीन पर किया गया था, इसलिए रैना गांव के लोगों को ये बात अच्छी नहीं लगी और इसके नाम को लेकर विवाद छिड़ गया.

### रेलवे ने मिटा दिया साइन बोर्ड्स से नाम

रैना गांव के लोगों का कहना था कि इस स्टेशन का नाम रैना होना चाहिए, जबकि रैनागढ़ वालों का कहना था इसके नाम को नहीं बदला जाए. ये विवाद इतना बढ़ गया कि रेलवे बोर्ड तक पहुंच गया. इस विवाद के चलते रेलवे ने यहां लगे सभी साइन बोर्ड्स से स्टेशन का नाम मिटा दिया. इसके कारण स्टेशन पर आने वाले सभी यात्रियों को काफी समस्या होती है. जो भी यात्री यहां आता है, बिना नाम का साइन बोर्ड को देखकर उसका सिर चकरा जाता है और कन्फ्यूजन हो जाता है कि वो सही जगह आया है या नहीं. हालांकि रेलवे की तरफ से आज भी स्टेशन का टिकट रैनागढ़ के नाम से ही जारी किया जाता है.

संपादकीय


# लालू पर माया का ग्रहण

लोकसभा चुनाव के दो चरण पूरे हो जाने के बाद अब सबकी नजर बिहार में आज होने वाले तीसरे चरण पर है। विशेषकर एनडीए के इस चरण के पांच लोकसभा क्षेत्रों को फिर से जीतने की जिम्मेदारी है तो महागठबंधन की नजर गत लोकसभा में मिली हार को जीत में बदलने की जद्दोजहद शामिल है। पर दुर्भाग्य है राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव का कि इस चरण में होने वाले पांचों लोकसभा क्षेत्र पर बहन मायावती का ग्रहण लग चुका है। बहुजन समाज पार्टी यहां जितना अच्छा परफॉर्म करेगी महागठबंधन के उम्मीदवारों की उतनी परेशानी बढ़ेगी। देखा जाय तो यहां वर्ष 2024 लोकसभा का जंग त्रिकोणीय हो गया है। यह चुनावी जंग जदयू के सीटिंग सांसद रामप्रीत मंडल और वीआईपी के सुमन महासेठ के बीच है। मगर इस चुनाव में एक तीसरा कोण राजद से नाराज गुलाब यादव ने बना डाला है। गत चुनाव में गुलाब यादव राजद के उम्मीदवार थे। इस बार टिकट नहीं मिला तो बसपा का दामन थाम चुनावी जंग में उतरे हैं। हालांकि बसपा का जनाधार बहुत नहीं है पर गुलाब यादव को टिकट मिलने से बसपा फिलहाल रेस में बनी हुई है।

बिहार की पांच सीटों में इस बार तीन सीटों पर एनडीए के मुकाबले राजद, जबकि एक सीट पर विकासशील इंसान पार्टी और अन्य पर माकपा के उम्मीदवार सामने हैं। प्रदेश की सबसे चर्चित लोकसभा सीट मधेपुरा से राजद प्रमुख लालू यादव से लेकर शरद यादव और पप्पू यादव चुनाव लड़ चुके हैं। 2019 में इस सीट पर जदयू के दिनेश चंद्र यादव ने बड़ी जीत हासिल की थी। इसके पहले साल 2014 में राजद के टिकट पर पप्पू यादव जीते थे, जबकि 2009 में यहां से जदयू के टिकट पर शरद यादव ने जीत दर्ज की थी। इस बार जदयू ने एकबार फिर दिनेश चंद्र यादव और राजद के प्रो. कुमार चंद्रदीप को मैदान में उतारा है। झंझारपुर संसदीय क्षेत्र में मुकाबला त्रिकोणात्मक बनाने को लेकर बसपा के गुलाब यादव पूरा जोर लगाए हुए हैं। इस सीट पर जदयू ने एकबार फिर रामप्रीत मंडल को चुनावी मैदान में उतारा है जबकि महागठबंधन की ओर से विकासशील इंसान पार्टी के सुमन कुमार महासेठ चुनावी रण में ताल ठोंक रहे हैं। मुख्य मुकाबला इन्हीं दोनों के बीच माना जा रहा था, लेकिन, बसपा ने गुलाब यादव को चुनावी अखाड़े में उतारकर सभी दलों की चिंता बढ़ा दी है। खगडिया संसदीय सीट पर भी महागठबंधन को एक दशक से जीत का इंतजार है। यहां से एनडीए की घटक लोजपा के उम्मीदवार महबूब अली कैसर चुनाव जीतते रहे हैं। उन्होंने 2014 और 2019 में यह सीट जीत कर एनडीए की झोली में डाली थी। इसके पहले 2009 में एनडीए के दूसरे घटक जदयू के दिनेश यादव जीते थे। एक बार फिर लोजपा की ओर से राजेश वर्मा चुनाव मैदान में हैं तो महागठबंधन की ओर से माकपा के संजय कुमार उम्मीदवार हैं। बताया जाता है कि यहां पिछड़े और अति पिछड़े चुनावी परिणाम को प्रभावित करते रहे हैं। सुपौल सीट भी काफी महत्वपूर्ण मानी जाती है। सीमांचल की सीट अररिया में भी तीसरे चरण के तहत मतदान होना है। इस संसदीय क्षेत्र में मुस्लिम आबादी कभी 45 प्रतिशत के करीब है। कुल मिलाकर इस बार के चुनाव में एनडीए के लिए इन सीटों को बरकरार रखना चुनौती है। वहीं, महागठबंधन इन सीटों पर जीत को लेकर प्रयासरत है।

चुनाव-चौबीस

# मध्यप्रदेश : सात को नौ का फैसला



डॉ. सुधीर सक्सेना

लेखक स्वतंत्र पत्रकार हैं

1 मई को गैरिकवसना संन्यासिनी उमाश्री भारती शिवपुरी में थीं। गुना से बीजेपी की टिकट पर चुनाव लड़ रहे ज्योतिरादित्य सिंधिया के प्रचार के वास्ते। कहा तो उन्होंने यही था कि चुनाव 24 में वह प्रचार से दूर रहेंगी। अपने इस कौल को उन्होंने लगभग आखिरी चक्र तक निभाया। 24 अप्रैल को अपने गृहग्राम डूडा आईं। वोट डाला और चली गईं। उल्लेखनीय है कि ज्योतिरादित्य की सगी बुआ श्रीमती यशोधरा राजे भतीजे के चुनाव प्रचार में फटकी तक नहीं, जबकि ज्योतिरादित्य की पत्नी और बेटे-बहू ने प्रचार में खूब शिरकत की।

फिर क्या वजह है कि उमाश्री ने अपना वचन भंग किया? ज्योतिरादित्य और उमाश्री में बुआ-भतीजे का रिश्ता है। उमाश्री की राजनीतिक दीक्षा और करियर में राजमाता विजयाराजे सिंधिया यानी ज्योतिरादित्य की दादी की सर्वप्रथम भूमिका रही है। उमाश्री का आना क्या सिर्फ इसी रिश्ते का निर्वाह था या उन्हें फिर ऐसी कोई भनक लगी थी कि भतीजे की जीत की संभावना को गारंटी में बदलने वह पहाड़ों से भागी-भागी चंबल के खादर में चली आईं? कहीं ऐसा तो नहीं है कि दुश्चिंताग्रस्त ज्योतिरादित्य ने बुआ को संदेशा भेजा हो? गौरतलब है कि बीजेपी के सितारा-लिस्ट में इस बार उमाश्री को स्थान नहीं मिल पाया है।

बहरहाल, उमाश्री के रोड शो और सभा के अभिप्राय को बूझा जा सकता है। ग्वालियर-चंबल संभाग में हर एक सीट पर मुकाबला कड़ा है। यही वजह है कि मोदी और शाह आये। बहन मायावती आईं। 2 मई को प्रियंका मुरैना आईं। सीएम डॉ. मोहन यादव संभाग में फिर-फिर आये। कल के केंद्रीय मंत्री और वर्तमान में मध्यप्रदेश विधानसभा के स्पीकर नरेन्द्रसिंह तोमर ने तो भोपाल की प्रोफेसर्स कॉलोनी की सरकारी कोठी छोड़कर मुरैना में डेरा ही डाल दिया। 28-01 की अंकतालिका और मिशन 29 समूची भगवा ब्रिगेड के जेहन में है। किला दरकने का डर सबको सता रहा है। पसलियों में दिल धाड़-धाड़ बज रहा है। मध्यप्रदेश में सात मई को नौ लोकसभा क्षेत्रों में मतदान होगा। वाकओवर कहीं भी नहीं है। अधिकांशत- मुकाबला कांग्रेस और भाजपा के बीच ही है, मगर कुछ ठौर बहुजन समाज पार्टी ने पेंच फंसा रखा है। सात मई को जिन क्षेत्रों में मतदान होगा वे हैं - ग्वालियर, भिंड, मुरैना, गुना, राजगढ़, भोपाल, विदिशा, बैतूल और सागर। यह सभी सीटें बड़ा मायना रखती हैं।

पिछले चुनाव में हार से सतर्क सिंधिया फूंक-फूंक कर कदम रख रहे हैं। उनका मुकाबला बीजेपी से कांग्रेस में आये राव यादवेन्द्र सिंह से है। करीब सवा दो लाख यादव और करीब डेढ़ लाख मुस्लिम यादवेन्द्र की ताकत है। करीब तीन लाख कुशवाहों और डेढ़ लाख किरार-धाकड़ों को बीजेपी का वोट बैंक माना जा रहा है। उमाश्री की मनुहार से लोध और लोधा बीजेपी को वोट दे सकते हैं। राजवेन्द्र के पिता राव देशराज सिंह यादव प्रभावशाली और प्रतिष्ठित नेता रहे हैं। अलग-अलग जातियों पर डोरे डालने का खेल दोनों ही पार्टियां कर रही हैं।

जातीय समीकरणों को साधने का खेल मुरैना में शबाब पर है। यहां स्पीकर नरेन्द्रसिंह तोमर की प्रतिष्ठा दांव पर है, क्योंकि शिवमंगल सिंह तोमर को उन्हीं की पैरवी से टिकट मिला है। प्रारंभिक दौर में शिवमंगल सत्यपालसिंह सिकरवार के मुकाबले कमजोर नजर आ रहे थे, लेकिन प्रतिष्ठित तेल व्यवसायी रमेश गर्ग को बसपा ने मैदान में उतारकर मुकाबले को रोमांचक और त्रिकोणीय बना दिया है। यहां वैश्यों और दलितों का एका गुल खिला सकता है और गर्ग नया सर्ग लिख सकते हैं।

बसपा के मैदान में उतरने से ग्वालियर सीट पर भी पेंच फंस गया है। यहाँ काँग्रेस के प्रवीण पाठक और भाजपा के भारतसिंह कुशवाह के बीच आमने सामने की लड़ाई थी, लेकिन बसपा ने कल्याणसिह कंसाना को मैदान में उतार कर कुछ हद तक समीकरण गड़बड़ा दिये है। कंसाना वोट- कटवा प्रत्याशी माने जा रहे हैं। ब्राह्मणों और राजपूतों के बीच पारंपरिक लांगडांट और दलितों-मुस्लिमों के कांग्रेस की ओर झुकाव से राजनीतिक पंडित नये सिरे से कयास लगा रहे हैं। दिलचस्प तौर पर ग्वालियर सीट पर जय-पराजय में महल की भूमिका गौण हो गयी है।

पड़ोसी राजगढ़ सीट पर दिलचस्प चुनावी संग्राम का नजारा देखने को मिल रहा है। यहां से कांग्रेस की ओर से वरिष्ठ और शक्तिशाली नेता दिग्विजय सिंह चुनाव लड़ रहे हैं, जिन्हें कमतर नहीं आँका जा सकता। संघ के कट्टर और मुखर विरोधी होने से वह संघ परिवार की आंखों की किरकिरी है; लिहाजा उन्हें हराने के लिये संघ ने पूरी ताकत झोंक रखी है। दिग्विजय, जो राजा साहब के नाम से विख्यात है, यहाँ से दो बार और उनके अनुज लक्ष्मणसिंह चार बार चुनाव जीत चुके हैं। इस चुनाव में लक्ष्मण की निष्क्रियता समझ से परे है जबकि दिग्गी राजा की पत्नी और विधायक पुत्र प्रचार में जुटे हुए हैं। व्यक्तित्व के मान से बीजेपी के प्रत्याशी और दो बार के विजेता निवर्तमान सांसद रोडमल नागर उनके सामने हलके पड़ते हैं। दस साल के सांसद-काल में उनकी सक्रियता भी कम रही है। दिग्विजय सिंह प्रतिदिन पांव-प्यादे करीब 25 किमी की पदयात्रा कर मतदाताओं से संपर्क साधते हैं। गांवों-कस्बों के सयाने उनके नाम और काम से सुपरिचित हैं। दिग्विजय सिंह की इस आशय की भावनात्मक अपील पुरअसर है कि वह अपने जीवन का आखिरी चुनाव लड़ रहे हैं।

राजगढ़ की भांति सबकी निगाहें विदिशा पर भी टिकी हुई है, जहां से सर्वाधिक काल तक सूबे के मुख्यमंत्री रहे सौभाग्यशाली शिवराजसिंह चौहान चुनाव लड़ रहे हैं। पहले अटलबिहारी वाजपेयी, फिर शिवराजसिंह और फिर सुषमा स्वराज, विदिशा में बीजेपी में बेटन थमाने की परंपरा रही है। अब बेटन एक बार फिर शिवराज के हाथों में है। कांग्रेस ने यहां सन् 80 और सन् 84 में विजयी प्रतापभानु शर्मा पर दांव लगाया है। राजीव गांधी के क्लीन-शेव क्लब के सदस्य रहे प्रतापभानु सकारात्मक सोच और उजली कमीज के नेता हैं। शिवराज को पिछड़ी जातियों और लाड़ली बहनों का भरोसा है, किंतु ब्राह्मणों, दलितों और मुस्लिमों के एक- मुश्त मतों के भरोसे प्रतापभानु ने बिलाशक शिवराज को सांसत में डाल रखा है।

इसी संभाग की अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित भिंड सीट भी हार जीत को लेकर जेरे- बहस है। यहां मौजूदा बीजेपी सांसद सुश्री संध्या राय को कांग्रेस के तेजतर्रार और तुर्शजुबां नेता फूलसिंह बरैया ने चुनौती दे रखी है। बरैया कभी प्रदेश बसपा के मुखिया हुआ करते थे। बरैया की जीत की संभावना इस नाते ज्यादा आंकी जा रही है क्योंकि क्षेत्र में दलित वोटों की तादाद लगभग एक तिहाई है। प्रियंका के आने से भी बरैया के प्रचार को गति मिली है।

राजधानी भोपाल में हार-जीत को लेकर अधिक आसमंजस नही है, क्योंकि पिछले करीब चार दशकों से भोपाल बीजेपी प्रत्याशी का वरण करता रहा है। इस क्रम को तोड़ना कांग्रेस के लिए वक्त के साथ कठिन से कठिनतर होता गया है। यहां तक कि पिछले चुनाव में यहाँ दिग्गी राजा को भी करारी पराजय का सामना करना पड़ा था। हिन्दुत्ववादी नेता को बढ़ाने के क्रम में बीजेपी ने साध्वी प्रज्ञा को रिपीट करने के बजाय आलोक शर्मा पर दांव लगाया है। उनके मुकाबले कांग्रेस ने अरुण श्रीवास्तव को मैदान में उतारा है। पार्टी को उम्मीद है कि उन्हें पांच लाख मुस्लिम और ढाई लाख कायस्थों के वोट मिलेंगे। कहना कठिन है कि कांग्रेस का यह अनुमान कसौटी पर खरा उतरेगा, क्योंकि कायस्थ वोट बैंक में बिखराव के आसार है।

अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित बैतूल में कांग्रेस और बीजेपी के बीच सीधा मुकाबला है। बैतूल के निवर्तमान बीजेपी सांसद दुगार्दास उइके का हश्र ग्वालियर के सांसद विवेक शेजवलकर की भांति नहीं हुआ। वह पुन- मैदान में हैं और उनका सामना रामू टेकाम से हैं, जिनके लिये सभा करने छिंदवाड़ा में मतदान के अगले दिन पूर्व केंद्रीय मंत्री कमलनाथ आये। नाथ के आने से कांग्रेस नेताओ में एकजुटता और कार्यकर्ताओं में सक्रियता नजर आई, अलबत्ता साधनों के मामले में कांग्रेस बीजेपी से हर कहीं पीछे है। कांग्रेस को मुद्दों का आसरा है तो बीजेपी को सर्वत्र मोदी मैजिक का सहारा।

बुंदेलखंड की सागर सीट भी इससे मुक्त नहीं है। बीजेपी की लता वानखेड़े भी मोदी मैजिक के सहारे चुनावी वैतरणी में पार घाट लग जाये तो बात दीगर, अन्यथा कांग्रेस ने गुड्डूसिंह बुंदेला को मैदान में उतारकर कड़ी चुनौती पेश की है। झूठ बोले कौवा काटे फेम के विठ्ठलभाई पटेल की नगरी सागर मंत्रियों की नगरी है और बीजेपी के पास विपुल साधन है, जबकि बीजेपी को %राजनीतिक हांके के फलस्वरूप कांग्रेस के पास कार्यकर्ताओं तक का टोटा है। इस न्यूनता के बावजूद गुड्डी बुंदेला ने जिस हौसले से चुनाव लड़ा है, वह काबिले तारीफ है। किस्सा कोताह यह कि सात मई को मध्यप्रदेश की नौ सीटों पर मतदान मायने राखता है और अंक तालिका में फेर बदल का बायस बन सकता है।

# सुप्रीम फैसले से वैवाहिक संस्कार के बचे रहने की आस, समाज सुधार की राह दिखाता आदेश

हरबंश दीक्षित

अदालती निर्णय कई बार सामाजिक सुधारों की पीठिका तैयार करते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने विगत 19 अप्रैल, 2024 को अपने एक निर्णय के माध्यम से ऐसा ही किया। न्यायमूर्ति नागरत्ना तथा न्यायमूर्ति जॉर्ज मसीह की पीठ का निर्णय मूलत: हिंदू धर्म के विवाह में सप्तपदी तथा दूसरे संस्कारों के महत्व के बारे में था, किंतु इस निर्णय में न्यायालय ने मौजूदा समाज की विसंगतियों और उनसे पैदा होने वाली जटिलताओं को उजागर करते हुए अपनी गंभीर चिंता व्यक्त की।

मुकदमा ऐसे दंपती का था, जिसमें पति-पत्नी, दोनों प्रशिक्षित पायलट थे। दोनों ने 2021 के मार्च महीने में सगाई की तथा उसके बाद जुलाई में एक मंदिर में जाकर तथाकथित रूप से विवाह करके एक प्रमाणपत्र ले लिया और फिर उसी प्रमाणपत्र के आधार पर अपने विवाह का पंजीकरण करा लिया।

दोनों के परिवार वालों ने उनकी शादी हिंदू रीति-रिवाजों से करने के लिए 25 अक्तूबर, 2024 की तिथि तय की, किंतु दोनों के बीच इस दौरान आपसी मतभेद इतने बढ़ गए कि नौबत विवाह विच्छेद के मुकदमे तक पहुंच गई। इस तथाकथित विवाह में सप्तपदी (पवित्र अग्नि के चारों तरफ सात फेरे लगाकर सात वचन निभाने का संकल्प) का संस्कार संपन्न नहीं किया गया था। इसलिए अदालत के सामने एक तर्क यह दिया गया कि हिंदू विधि में सप्तपदी के बगैर विवाह संपन्न नहीं हो सकता, अत: इस रिश्ते को वैवाहिक रिश्ते की कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती।

अन्य बातों के अलावा अदालत के सामने एक प्रश्न यह भी था कि क्या सप्तपदी के बिना किसी हिंदू विवाह को वैधानिक मान्यता दी जा सकती है? इसका उत्तर देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने हिंदू विवाह के अनुष्ठानों और उसके कानूनी और सामाजिक प्रभावों की व्यापक विवेचना की। अदालत ने कहा कि हिंदू विवाह एक संस्कार है और हिंदू विवाह के अंतर्गत उसे तब तक मान्यता नहीं दी जा सकती, जब तक कि सभी अनुष्ठानों का पूरी तरह पालन न कर लिया गया हो। यही नहीं, सर्वोच्च न्यायालय ने आगे कहा कि भारतीय समाज में हिंदू विवाह को बहुत सम्मान से देखा जाता रहा है और आज की युवा पीढ़ी को वैवाहिक जीवन में प्रवेश करने से पहले हिंदू विवाह पद्धति पर गंभीरता पूर्वक चिंतन करना चाहिए। चूंकि अदालत के सामने विचाराधीन इस मामले में सप्तपदी के अनुष्ठान का पालन नहीं किया गया था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इस दलील को माना और विवाह वैध रीति के अभाव में मान्यता नहीं दिए जाने की बात की।



इस मामले की खास बात यह है कि अदालत ने अपने को केवल कानून के तकनीकी पहलुओं तक सीमित रखने के बजाय सामाजिक पहलुओं पर भी अपना रुख स्पष्ट किया। सुप्रीम कोर्ट ने विवाह जैसी महत्वपूर्ण संस्था को बहुत हल्के में लेने की बढ़ती प्रवृत्ति पर चिंता व्यक्त की। अदालत की पीठ ने कहा कि विवाह कोई वाणिज्यिक गतिविधि नहीं है, जिसे उपहारों और अन्य आर्थिक लेन-देन का माध्यम मात्र मान लिया जाए, बल्कि यह एक पवित्र बंधन है। इसमें वर-वधू को सामाजिक मान्यता देकर पति और पत्नी के ऊंचे पद पर प्रतिष्ठित किया जाता है। अदालत ने कहा कि विवाह केवल नाचने-गाने और जश्न मनाने का ही मौका नहीं होता, अपितु यह पवित्र वैवाहिक संबंधों की आधारशिला है। इसलिए युवक-युवतियों को इसे बहुत गंभीरता पूर्वक लेना चाहिए।

इस प्रकरण का एक पहलू यह भी था कि पक्षकारों ने मंदिर में विवाह के बाद मंदिर के पुजारी से उसका प्रमाणपत्र ले लिया था तथा उसी आधार पर विवाह पंजीकरण करा लिया था। यह सब कुछ बहुत आनन-फानन में और जल्दबाजी में किया गया था।

इसलिए अदालत के सामने एक सवाल यह भी था कि क्या पंजीकरण हो जाने के बाद विवाह की वैधता को चुनौती दी जा सकती है? अदालत ने इस पर कहा कि पंजीकरण, विवाह के संपन्न हो जाने के बाद की महज औपचारिकता है, इसलिए पंजीकरण मात्र से ही उसे कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती। इस मामले में चूंकि हिंदू विवाह के लिए जरूरी अनुष्ठान पूरे नहीं किए गए थे, इसलिए कानून की निगाह में उसे विवाह माना ही नहीं जा सकता। अत: पंजीकरण करवा लेने मात्र से ही तथाकथित विवाह को कानूनी मान्यता नहीं दी जा सकती। सर्वोच्च न्यायालय ने इस प्रकरण में हिंदू विवाह के पारंपरिक अनुष्ठानों के कानूनी और सामाजिक पहलुओं को निरूपित करते हुए आह्वान किया कि सामाजिक ताने-बाने को मजबूती देने के लिए समाज को भी आगे आना चाहिए।

सप्तपदी के महत्व को बताते हुए सुप्रीम कोर्ट ने ऋग्वेद के सूत्रों के हवाले से बताया कि इस अनुष्ठान के संपन्न होने पर वर नववधू से कहता है कि अब वे एक-दूसरे के सखा यानी मित्र हो गए हैं और फिर वह कामना करता है कि दोनों सदैव ही एक-दूसरे के बने रहें तथा कभी अलग न हों। इस तरह पत्नी, पति की अर्धांगिनी का दर्जा हासिल कर लेती है। इन उदात्त भावों की आधारशिला पर मजबूत संबंधों के भविष्य की भूमिका तैयार होती है। यही नहीं, सुप्रीम कोर्ट ने आज की युवा पीढ़ी का आह्वान करते हुए?कहा कि वे हिंदू विवाह के अनुष्ठानों में निहित भावों को गंभीरता से समझें और उसे अपने आचरण में ढालें।

ऐसे मौके बहुत कम आते हैं, जब अदालतें कानून की तकनीकी जटिलताओं से आगे बढ़कर समाज-सुधार के मुद्दों पर अपनी राय रखती हों। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने इस गुरुतर दायित्व का निर्वहन किया है, जो स्वागत योग्य है। विवाह जैसी महत्वपूर्ण संस्था के प्रति बदलते दृष्टिकोण से बढ़ते हुए सामाजिक विघटन की पृष्ठभूमि में यह और भी प्रासंगिक हो गया है। समाज सुधार के मामलों में अदालतों की भूमिका अक्सर बहुत सीमित होती है, इसलिए अब समाज की जिम्मेदारी है कि वह इस पहल को अंजाम तक पहुंचाए।

# व्रत करने के होते हैं क्या फायदे, सुनकर रह जाएंगे हैरान

संपादक की कलम से

संपादक:- अखिलेश चौबे

कुछ लोग ये सोचकर व्रत रखते हैं कि इसी बहाने उनका वजन कम हो जाएगा लेकिन कम ही लोगों को पता होगा कि व्रत करना सेहत के लिए बहुत फायदेमंद है। आमतौर पर व्रत रखने का संबंध भगवान के प्रति श्रद्धा और भक्ति से जोड़ा जाता है। इनका सिर्फ धार्मिक महत्त्व ही नहीं है बल्कि शारीरिक रूप से भी बहुत अधिक महत्त्व है। व्रत करने से शरीर को कई प्रकार के लाभ होते है।

व्रत रखने के फायदे की बात करें तो ये हमारे मन और मस्तिष्क को एकाग्र करने में मदद मिलती है, लेकिन क्या आप जानते हैं व्रत रखने से हम अपने शरीर को कैंसर जैसी गंभीर बीमारियों से भी बचा सकते हैं।

## कम कर सकते हैं वजन

व्रत करने का सबसे बड़ा फायदा यह है कि इससे वजन कम कर सकते हैं। अगर आपकी तोंद निकली हुई है, व्रतों के दौरान वेट लॉस कर सकते हैं। दरअसल व्रत रखने से हमारे शरीर में मौजूद फैट एनर्जी में बदल जाता है, जिससे हमारा वजन कंट्रोल में रहता है। इसके अलावा व्रत के दौरान हम फास्ट फूड और जंक फूड जैसे चीजों से दूर बनाए रखते हैं, जो वेटलॉस में मददगार हो सकता है।

## कंट्रोल में रहता है ब्लड प्रेशर

व्रत रखने से शरीर में मौजूद बैड कलेस्ट्रॉल का लेवल कम होता है और ब्लड प्रेशर भी कंट्रोल में रहता है। जिसका सीधा असर हमारे दिल पर पड़ता है और हमारा दिल स्वस्थ रहता है।

## पाचन तंत्र को आराम

शरीर के मेटाबॉल्जिम को मजबूत करने में व्रत रखना सबसे सरल तरीका माना जाता है, क्योंकि व्रत रखने से शरीर के पाचन तंत्र को आराम मिलता है। इससे पाचन तंत्र अपनी गति में सुधार ला पाता है और सुचारु रुप से काम कर पाता है।

## डिप्रेशन और ब्रेन स्ट्रोक जैसे रोगों से बचाव

व्रत रखना मानसिक रुप से भी आपकी कार्यक्षमता बढ़ाने में मदद कर पाता है। व्रत रखने से ब्रेन हार्मोन का उत्पादन बढ़ जाता है। जो मस्तिष्क में मौजूद स्टेम सेल कोशिकाओं सक्रिय करती है और उन्हें न्यूरॉन्स में बदलने काम करती हैं। जिससे डिप्रेशन, ब्रेन स्ट्रोक और अन्य मानसिक बीमारियों का खतरा कम हो जाता है।

## नष्ट हो जाते हैं हानिकारक बैक्टीरिया

व्रत करने से शरीर में कुछ अच्छे बैक्टीरिया की वृद्धि होती है जो सिर्फ व्रत उपवास करने से ही उत्पन्न होते है। इसी तरह कुछ विशेष प्रकार के हानिकारक बेक्टिरिया के नष्ट होने की प्रक्रिया भी सिर्फ व्रत के समय ही होती है। व्रत उपवास करने से शरीर प्रकृति के अनुसार ढलने लगता है। स्वाभाविक रूप से भूख प्यास आदि लगने लगते है।

# एक वीडियो से गरमाई पश्चिम बंगाल की राजनीति : क्या मनगढ़ंत थी संदेशखाली की घटना?

**उत्तर 24-परगना जिले के जिस संदेशखाली का नाम इस साल पांच जनवरी के पहले देश तो दूर राज्य के ज्यादातर लोग भी नहीं जानते थे वही भाजपा का प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया था।**

प्रभाकर मणि तिवारी

क्या पश्चिम बंगाल के संदेशखाली में महिलाओं के यौन उत्पीड़न और बलात्कार की घटना और उसके बाद इस मुद्दे पर महिलाओं के जिस दोलन ने देश-विदेश में सुर्खियां बटोरी थी, वह सब मनगढ़ंत था? इस मामले में भाजपा के एक नेता और एक पीड़िता के स्टिंग ऑपरेशन का वीडियो सामने आने के बाद राज्य की राजनीति अचानक गरमा गई है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने जहां इसे एक बड़ी साजिश बताया है। वहीं भाजपा का दावा है कि यह वीडियो ही फर्जी है।

उत्तर 24-परगना जिले के जिस संदेशखाली का नाम इस साल पांच जनवरी के पहले देश तो दूर राज्य के ज्यादातर लोग भी नहीं जानते थी वही भाजपा का प्रमुख चुनावी मुद्दा बन गया था। बीती जनवरी में ईडी की टीम पर हमले और उसके बाद तृणमूल कांग्रेस नेताओं के कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ सड़कों पर उतरने वाली महिलाओं के कारण सुंदरबन इलाके में बांग्लादेश की सीमा से सटे इस द्वीप को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सुर्खियां मिलती रही हैं।

पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुनावी रैलियों में संदेशखाली की महिलाओं का कथित यौन उत्पीड़न की गूंज सुनाई देती रही है। इस मामले को अपने सियासी हित में भुनाने के लिए ही पार्टी ने संदेशखाली की एक पीड़िता रेखा पात्रा को ही बशीरहाट संसदीय सीट पर मैदान में उतारा है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी शुरुआती दौर में खुद रेखा से फोन पर बात की थी। इससे साफ है कि पार्टी इस मुद्दे को लेकर कितनी गंभीर है। लेकिन अब स्टिंग ऑपरेशन के जरिए तैयार ताजा वीडियो ने इस पूरे मामले को एक नया रंग तो दिया ही है, इससे तृणमूल कांग्रेस को भाजपा पर जवाबी हमले को एक मजबूत हथियार भी मिल गया है। यह वीडियो तृणमूल कांग्रेस ने शनिवार को सोशल मीडिया पर जारी किया था। हालांकि, स्वतंत्र रूप से उसकी पुष्टि नहीं की जा सकी है।

खुफिया कैमरे से रिकॉर्ड किए गए उस वीडियो में यह बात सामने आई है कि संदेशखाली में तृणमूल कांग्रेस के नेताओं की ओर से महिलाओं के बलात्कार की घटना पूरी तरह झूठी और मनगढ़ंत है और इसके पीछे राज्य के प्रमुख भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी का हाथ है। भाजपा के संदेशखाली ब्लॉक-2 के मंडल अध्यक्ष गंगाधर कयाल को उस वीडियो में यह कहते सुना जा सकता है कि कुछ महिलाओं को पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी के निर्देश पर बलात्कार और यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज करने के लिए तैयार किया गया था।



यहां इस बात का जिक्र प्रासंगिक है कि संदेशखाली ब्लॉक-2 की महिलाओं ने ही कथित यौन उत्पीड़न के खिलाफ एकजुट होकर विरोध प्रदर्शन शुरू किया था। वीडियो में सवाल करने वाले का चेहरा नजर नहीं आता। लेकिन भाजपा नेता का चेहरा साफ है।

वे कहते हैं-

हमने महिलाओं को ट्रेनिंग देकर बलात्कार और यौन उत्पीड़न की शिकायत दायर करने के लिए तैयार किया था। उसका कहना है कि कुछ महिलाएं आखिरी मौके पर डर कर शिकायत करने से पीछे हट गई।

गंगाधर कयाल का दावा है कि शुभेंदु अधिकारी ने उसे और क्षेत्र के अन्य भाजपा नेताओं को शाहजहां शेख, शिबू हाजरा और उत्तम सर्दार नामक तीन तृणमूल नेताओं के खिलाफ बलात्कार के आरोप लगाने के लिए तीन-चार स्थानीय महिलाओं को उकसाने को कहा था। फिलहाल यह तीनों नेता जेल में हैं। कलकत्ता हाईकोर्ट के निर्देश पर संदेशखाली की घटना की जांच सीबीआई कर रही है।

संदेशखाली से हाल में भारी तादाद में हथियार और गोला-बारूद भी बरामद किए गए थे। उस वीडियो में दावा किया गया है कि शुभेंदु अधिकारी ने खुद संदेशखाली के एक घर में हथियार रखवाए थे। बाद में केंद्रीय एजेंसियों ने मौके से उसे बरामद किया था।

दिलचस्प बात यह है कि बशीरहाट की भाजपा उम्मीदवार रेखा पात्रा ने भी अपना यौन उत्पीड़न होने का दावा किया था। इस घटना से उपजी सहानुभूति को भुनाने के लिए ही पार्टी ने उसको बशीरहाट सीट से मैदान में उतारा था। संदेशखाली इलाका इसी लोकसभा के तहत है। वीडियो में एक महिला को यह कहते हुए सुना जा सकता है कि उसने अंग्रेजी में लिखी एक शिकायत पर बिना समझे हस्ताक्षर कर दिए थे। उसमें लिखा था कि शाहजहां शेख समेत तृणमूल कांग्रेस के तीन नेताओं ने उसके साथ बलात्कार किया है। उस महिला ने बलात्कार की घटना से साफ इंकार किया है।

संदेशखाली की घटना से बैकफुट पर आई तृणमूल कांग्रेस इस वीडियो के सामने आने के बाद भाजपा के प्रति आक्रामक हो गई है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपनी एक चुनावी रैली में कहा है कि यह वीडियो भाजपा की मानसिकता को दर्शाता है। यह बंगाल को बदनाम करने की एक सुनियोजित साजिश है।

दूसरी ओर, भाजपा ने इस वीडियो को फर्जी करार दिया है। पार्टी के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी ने अपने एक ट्वीट में उस नेता गंगाधर कयाल का एक वीडियो पोस्ट किया है। उसमें वह कहता नजर आ रहा है कि स्टिंग आपरेश वाले वीडियो में उसकी आवाज विकृत की गई है यानी वह उसकी आवाज नहीं है। शुभेंदु ने भी पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह वीडियो फर्जी है और इसे बनाने के लिए तकनीक का सहारा लिया गया है। उन्होंने इसके लिए तृणमूल कांग्रेस के लोगों को जिम्मेदार ठहराया है।

राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि फिलहाल इस वीडियो का सत्यापन होना बाकी है। इसे बनाने वाले लोगों के नाम भी सामने नहीं आए हैं। लेकिन अगर इसमें जरा भी सच्चाई है तो इससे चुनाव के बाकी चरणो में भाजपा को नुकसान हो सकता है।

# धोनी आरसीबी के कप्तान होते, तो तीन खिताब आरसीबी अपने नाम कर लेतीः वसीम अकरम





**नई दिल्ली।** टीम इंडिया और चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी की फैन फॉलोइंग काफी ज्यादा है। धोनी की कप्तानी में भारत ने तीन आईसीसी ट्रॉफी जीती हैं और धोनी की ही कप्तानी में सीएसके ने पांच आईपीएल खिताब जीते हैं। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 से पहले धोनी ने कप्तानी छोड़ने का ऐलान किया और सीएसके के नए कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ को सौंप दी।

पाकिस्तान के पूर्व तेज गेंदबाज वसीम अकरम ने एक एकदम अनोखा प्रिडिक्शन किया है। अकरम का मानना है कि अगर धोनी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के कप्तान होते, तो ये फ्रेंचाइजी टीम अभी तक कम से कम तीन खिताब जीत चुकी होती। इसके अलावा अकरम ने ये भी कहा कि भारत में धोनी जैसा क्रिकेटर आज तक हुआ ही नहीं है।

स्पोर्ट्सकीड़ा को दिए इंटरव्यू में अकरम ने कहा, %आरसीबी अभी तक तीन आईपीएल ट्रॉफी जीत चुका होता अगर एमएस धोनी इस टीम के कप्तान होते। आरसीबी आज तक एक भी आईपीएल ट्रॉफी नहीं जीत पाया है। उनके पास विराट कोहली जैसा मॉर्डन जमाने का महान खिलाड़ी है... लेकिन दुर्भाग्य से वो कोई खिताब जीत नहीं पाए हैं, लेकिन अगर धोनी आरसीबी में होते, तो वह इस टीम को ट्रॉफी दिला सकते थे।% अकरम से जब स्पोर्ट्सकीड़ा की एंकर ने कहा कि जब भी धोनी के बारे में बात करते हैं, तो जहन में सबसे पहले शोर आता है... दरअसल धोनी जहां भी खेलने जाते हैं, उनके समर्थक हर तरफ मौजूद रहते हैं।

इस पर अकरम ने कहा, %कहीं भी चला जाए, किसी भी ग्राउंड पर चला जाए, चाहे दिल्ली चला जाए, कोलकाता चला जाए, मुंबई चला जाए या पंजाब चला जाए... हैदराबाद चला जाए, लखनऊ, अहमदाबाद कहीं भी चला जाए... स्टेडियम पागल हो जाता है, और होना भी चाहिए, इंडिया में ऐसा कप्तान, ऐसा क्रिकेटर आया ही नहीं है। जिसने फ्रंट से लीड किया, बैटिंग से, कप्तानी से और विकेटकीपिंग से भारत को मैच जिताया। तो अगर धोनी को इस तरह का स्वागत स्टेडियम में नहीं मिलेगा, तो किसको मिलेगा?

## संजू सैमसन के पास है टी20 क्रिकेट का शक्तिशाली अस्त्रः मैथ्यू हेडन



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स (आरआर) के कप्तान और विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैसमन आईपीएल में 2024 में शानदार फॉर्म में हैं। उन्होंने मंगलवार को दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ तूफानी पारी खेली। उन्होंने 45 गेंदों में 8 चौकों और 6 सिक्स की मदद से 86 रन बनाए। वह विवादित रूप से कैच आउट हुए। सैमसन के पवेलियन लौटने के बाद आरआर को 20 रन रन से हार का मुंह देखना पड़ा। आरआर को 222 रन का लक्ष्य मिला था। आरआर को भले ही हार मिली हो लेकिन ऑस्ट्रेलिया के पूर्व दिग्गज ओपनर मैथ्यू हेडन सैमसन की बैटिंग से काफी प्रभावित हैं। खासकर उनकी पावर हिटिंग से।

हेडन का कहना है कि सैमसन के पास टी20 क्रिकेट का सबसे दमदार अस्त्र ताकत है। उन्होंने सैमसन को %मास्टर ब्लास्टर करार दिया क्योंकि उनमें स्पिनर और तेज गेंदबाजों के विरुद्ध आसानी से बड़े शॉट खेलने में काबिलियत है। हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स के शो क्रिकेट लाइव पर कहा, संजू सैमसन एक सपने की तरह बल्लेबाजी कर रहे थे, उन्होंने 46 गेंदों में 86 रन बनाए। उन्होंने बार-बार अपनी योग्यता साबित की है...पूरे टूर्नामेंट के दौरान वह एक मास्टर ब्लास्टर रहे हैं, उन्होंने स्पिन और तेज गेंदबाजी दोनों का कुशलता से सामना किया है। पूर्व क्रिकेटर ने आगे कहा, वह अपनी पारी को अछी तरह से खेलता है। उसके पास ताकत है। और ताकत टी20 क्रिकेट में बड़ी चीज है। फिर भी जो बात सबसे अलग है, वह है अपनी टीम के प्रति उसकी प्रतिबद्धता। उसे बस थोड़े से भाग्य की जरूरत है, खासकर मैच के अंत में।

## माराडोना को 1986 विश्व कप में मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी की होगी नीलामी



**नई दिल्ली।** अर्जेंटीना के दिग्गज फुटबालर रहे दिवंगत डिएगो माराडोना को 1986 विश्वकप में सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के लिए मिली गोल्डन बॉल ट्रॉफी को नीलामी में शामिल किया गया है। अगुट्टेस नीलामी ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। यह नीलामी अगले महीने फ्रांस में होगी।
यह नीलामी के लिए जाने वाली पहली गोल्डन बॉल है और अभी कीमत की पुष्टि नहीं की गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि 6 जून को नीलामी के दौरान इसकी कीमत लाखों में होगी। उनकी कप्तानी में अर्जेंटीना ने फाइनल में वेस्ट जर्मनी को 3-2 को हराकर 1986 विश्वकप की ट्रॉफी अपने नाम की थी। गोल्डन बॉल ट्रॉफी 1982 विश्वकप से शुरू की गई थी और अर्जेंटीना के ही लियोनल मेसी एकमात्र ऐसे खिलाड़ी हैं जिन्होंने दो बार गोल्डन ट्रॉफी जीती थी।

## पिछले तीन वर्षों में पहली बार घरेलू टूर्नामेंट खेलते दिखेंगे नीरज, फेडरेशन कप में लेंगे हिस्सा



**नई दिल्ली।** ओलंपिक और विश्व चैंपियन भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने 12 से 15 मई तक भुवनेश्वर में होने वाले राष्ट्रीय फेडरेशन कप में भाग लेने की पुष्टि कर दी है। इस टूर्नामेंट के जरिये वह घरेलू टूर्नामेंट में वापसी करेंगे। यह पिछले तीन साल में पहला अवसर होगा, जब यह स्टार एथलीट घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेगा। नीरज ने इससे पहले पिछली बार घरेलू प्रतियोगिता में 17 मार्च 2021 को भाग लिया था और तब उन्होंने 87.80 मीटर भाला फेंककर स्वर्ण पदक जीता था। इस 26 वर्षीय स्टार खिलाड़ी के 10 मई को प्रतिष्ठित डायमंड लीग सीरीज के दोहा में होने वाले पहले चरण में अपने सत्र की शुरुआत करने के बाद भारत आने की संभावना है। भारतीय एथलेटिक्स महासंघ ने ट्वीट किया- टूर्नामेंट के लिए नाम देने वालों में नीरज चोपड़ा और भारत के दूसरे स्टार भाला फेंक खिलाड़ी किशोर कुमार जेना दोनों के नाम हैं। दोनों भुवनेश्वर में 12 मई से शुरू होने वाली घरेलू प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। नीरज के कोच क्लाउस बार्टोनिट्ज ने भी पुष्टि की कि यह स्टार एथलीट भुवनेश्वर में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगा। हांगझोऊ एशियाई खेलों में नीरज के बाद दूसरे स्थान पर रहकर रजत पदक जीतने वाले 28 वर्षीय किशोर जेना भी 10 मई को दोहा डायमंड लीग में भाग लेंगे।

# पावरप्ले खत्म, छह ओवर के बाद लखनऊ 27/2, डिकॉक के बाद स्टोइनिस पवेलियन लौटे



नई दिल्ली। आईपीएल 2024 के 57वें मैच में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना लखनऊ सुपर जाएंट्स से है। यह मैच हैदराबाद के राजीव गांधी अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में खेला जा रहा है। दोनों ही टीमें अपना-अपना पिछला मैच गंवाकर यहां आई हैं। दोनों टीमें जीत की पटरी पर लौटना चाहेंगी। प्लेऑफ के नजरिये से दोनों टीमों के लिए जीत जरूरी है।

लखनऊ को पांचवें ओवर में 21 के स्कोर पर दूसरा झटका लगा। भुवनेश्वर कुमार ने मार्कस स्टोइनिस को सनवीर सिंह के हाथों कैच कराया। सनवीर ने बेहतरीन लो कैच लपका। स्टोइनिस तीन रन बना सके। फिलहाल कप्तान केएल राहुल और क्रुणाल पांड्या क्रीज पर हैं। पांच ओवर के बाद लखनऊ का स्कोर दो विकेट पर 23 रन है।

लखनऊ सुपर जाएंट्स को तीसरे ओवर में 13 के स्कोर पर पहला झटका लगा। भुवनेश्वर कुमार ने क्विंटन डिकॉक को नीतीश रेड्डी के हाथों कैच कराया। नीतीश ने बाउंड्री पर बेहतरीन कैच लिया। फिलहाल मार्कस स्टोइनिस और कप्तान केएल राहुल क्रीज पर हैं। डिकॉक दो रन बनाकर आउट हुए।

लखनऊ की पारी की शुरुआत हो चुकी है। क्विंटन डिकॉक और कप्तान केएल राहुल क्रीज पर हैं। हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस जन्मदिन पर खेल रहे हैं। टीम उन्हें जीत का तोहफा देना चाहेगी। सनराइजर्स हैदराबाद- ट्रेविस हेड, नीतीश रेड्डी, हेनरिक क्लासेन (विकेटकीपर), अब्दुल समद, शाहबाज अहमद, सनवीर सिंह, पैट कमिंस (कप्तान), भुवनेश्वर कुमार, जयदेव उनादकट, विजयकांत व्यासकांत, टी नटराजन। इम्पैक्ट सब- ग्लेन फिलिप्स, उमरान मलिक, अभिषेक शर्मा, मयंक अग्रवाल, वाशिंगटन सुंदर।

लखनऊ सुपर जाएंट्स- क्विंटन डिकॉक, केएल राहुल (विकेटकीपर/कप्तान), मार्कस स्टोइनिस, निकोलस पूरन, आयुष बदोनी, दीपक हुड्डा, क्रुणाल पांड्या, कृष्णप्पा गौतम, यश ठाकुर, रवि बिश्नोई, नवीन-उल-हक। इम्पैक्ट सब- मणिमारन सिद्धार्थ, युद्धवीर सिंह, देवदत्त पडिक्कल, एश्टन टर्नर, अमित मिश्रा। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ सुपर जाएंट्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी का फैसला किया है। कप्तान केएल राहुल ने टीम में कुछ बदलाव किए हैं। आज हैदराबाद के कप्तान पैट कमिंस का जन्मदिन भी है। हैदराबाद ने टीम में दो बदलाव किए हैं। मयंक अग्रवाल की जगह सनवरी सिंह और मार्को यानसेन की जगह व्यासकांत को टीम में जगह दी गई है। व्यासकांत का यह आईपीएल डेब्यू है।

आयुष बदोनी का इस आईपीएल में प्रदर्शन औसत ही रहा है और वह अपनी उपयोगिता साबित करना चाहेंगे। गेंदबाजी में तेज गेंदबाज मयंक यादव आईपीएल से बाहर हो गए हैं जबकि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मोहसिन खान को भी चोट लगी है। अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज नवीन उल हक, युवा यश ठाकुर, स्टोइनिस और स्पिनर क्रुणाल पंड्या तथा रवि बिश्नोई पर दारोमदार होगा।

# अंपायर्स से बहस करना पड़ा संजू सैमसन को महंगा, बीसीसीआई ने ठोका जुर्माना



**नई दिल्ली।** राजस्थान रॉयल्स के कप्तान संजू सैमसन को अंपायर्स से बहस करना भारी पड़ गया है। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने उन पर मोटा जुर्माना ठोका है। सैमसन को अपनी मैच फीस का 30 प्रतिशत हिस्सा जुर्माने के तौर पर बोर्ड को देना होगा। दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेले गए मैच में वह शाई होप के हाथों कैच आउट होने के बाद अंपायर्स से भिड़ गए थे।

दरअसल, यह घटना लक्ष्य का पीछा कर रही राजस्थान रॉयल्स की पारी के 16वें ओवर में घटी। दिल्ली के गेंदबाज मुकेश कुमार की गेंद पर संजू सैमसन ने जोरदार शॉट मारा, गेंद सीधे छक्के के लिए जा रही थी लेकिन बाउंड्री पर तैनात शाई होप ने उनका कैच लपक लिया। इस दौरान उन्हें खुद को बाउंड्री छूने से बचाते देखा गया। इस करीबी मामले के बावजूद अंपायर ने बिना समय गंवाए आउट दे दिया। संजू भी डगआउट की तरफ जाने लगे। इस दौरान रीप्ले में उनके कैच आउट का वीडियो चला जिसके बाद विकेटकीपर बल्लेबाज अंपायर से बात करने के लिए पहुंचे। इस मैच में राजस्थान के कप्तान 46 गेंदों में आठ चौकों और छह छक्कों की मदद से 86 रनों की पारी खेलने में कामयाब हुए।

### सिद्धू ने भी प्रतिक्रिया दी

इस विवाद पर अब नवजोत सिंह सिद्धू ने भी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने अपना गुस्सा जाहिर करते हुए स्टार स्पोर्ट्स कहा, जब बदला है खेल, वो था संजू सैमसन का फैसला... संजू सैमसन के आउट होने का फैसला, अब कोई कुछ भी कहे, अलग-अलग ओपिनियन हो सकती है इस पर, लेकिन जब आप साइड ऑन देखेंगे, तो दो बार पैर बाउंड्री लाइन पर लगता है, और वो बहुत क्लियर है। और मैं बहुत साफ हूं, या तो आप टेक्नॉलजी को इस्तेमाल मत कीजिए, और अगर आप टेक्नॉलजी इस्तेमाल करते हैं और टेक्नॉलजी गलत होती है, तो ये ऐसे ही है जैसे आप दूध में मक्खी देखकर निगल जाएं।

# वेस्टइंडीज बल्लेबाज डेवोन थॉमस पर लगा पांच साल का बैन, मैच फिक्सिंग मामले में आईसीसी ने लिया एक्शन



नई दिल्ली। टी20 विश्व कप 2024 की शुरुआत से पहले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बड़ा एक्शन लेते हुए वेस्टइंडीज के बल्लेबाज डेवोन थॉमस पर पांच साल का बैन लगा दिया है। बोर्ड ने यह फैसला दो मई को लिया। आईसीसी ने थॉमस पर श्रीलंका क्रिकेट, अमीरात क्रिकेट बोर्ड और कैरेबियन प्रीमियर लीगके भ्रष्टाचार विरोधी संहिता के सात मामलों का उल्लंघन स्वीकार करने के बाद उन्हें 22 मई 2028 तक अंतरराष्ट्रीय और घरेलू क्रिकेट से बैन कर दिया।
34 वर्षीय खिलाड़ी को पिछले साल इन आरोपों के चलते सस्पेंड किया गया था। अब उन्होंने मैच फिक्सिंग के आरोपों को स्वीकार कर लिया जिसके बाद थॉमस पर पांच साल का बैन लगा दिया गया। वहीं, इन आरोपों को कबूल करने के बाद उनकी सजा 18 महीने कम कर दी गई है।

### आईसीसी का बयान

इस मामले में आईसीसी की इंटीग्रिटी यूनिट के जनरल मैनेजर एलेक्स हेल्स ने कहा, 卐प्रोफेशनल तौर पर अंतर्राष्ट्रीय, डोमेस्टिक क्रिकेट और फैंचाइजी क्रिकेट खेल चुके डेवोन थॉमस ने कई भ्रष्टाचार विरोधी सत्रों में भाग लिया था। वो जानते थे कि एंटी करप्शन कोड्स के तहत उनकी जिम्मेदारियां क्या थीं लेकिन वो अपने दायित्वों को पूरा करने में नाकाम रहे। ये बैन सही लगाया गया है और इससे भ्रष्टाचार करने वाले अन्य खिलाड़ियों को संदेश भी जाता है कि ऐसा करने वालों से सख्ती से निपटा जाएगा।

### खिलाड़ी का करियर

डेवोन थॉमस ने वेस्टइंडीज के लिए दिसंबर 2022 में एकमात्र टेस्ट खेला। इसके अलावा वह 21 वनडे और 12 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल चुके हैं।

## सीएसके का साथ छोड़ने वाले मुस्तफिजुर रहमान की बांग्लादेश टी20 स्क्वॉड में वापसी, शाकिब अल हसन भी लौटे

**नई दिल्ली।** जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम इन दिनों बांग्लादेश के दौरे पर है। आईसीसी टी20 वर्ल्ड कप की तैयारी के तहत बांग्लादेश पांच मैचों की टी20 इंटरनेशनल सीरीज की मेजबानी कर रहा है। पहले तीन टी20 इंटरनेशनल मैच जीतकर बांग्लादेश पहले ही सीरीज में 3-0 की अजेय बढ़त बना चुका है। आखिरी दो टी20 इंटरनेशनल मैचों के लिए बांग्लादेश ने 15 सदस्यीय स्क्वॉड का ऐलान किया है। शाकिब अल हसन की वाइट बॉल क्रिकेट में लंबे समय बाद वापसी हो रही है, इसके अलावा चेन्नई सुपरकिंग्स (सीएसके) की ओर से इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2024 में हिस्सा ले रहे मुस्तफिजुर रहमान की भी स्क्वॉड में वापसी हुई है। शाकिब अल हसन आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के दौरान आंख में दिक्कत से परेशान थे, जिसके बाद उन्होंने न्यूजीलैंड और श्रीलंका के खिलाफ वाइट बॉल सीरीज में हिस्सा नहीं लिया था। शाकिब अल हसन को जिम्बाब्वे के खिलाफ पहले तीन टी20 इंटरनेशनल मैचों के लिए स्क्वॉड में नहीं चुना गया था, क्योंकि उन्होंने खुद बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड से ब्रेक के लिए कहा था। आईपीएल से लौटने के बाद मुस्तफिजुर रहमान को पहले तीन मैचों से आराम दिया गया था। आखिरी दो टी20 इंटरनेशनल मैचों के लिए उनकी भी टीम में वापसी हुई है।

# जसप्रीत बुमराह है पैट कमिंस का फेवरिट इंडियन क्रिकेटर



**नई दिल्ली।** सनराइजर्स हैदराबाद की कप्तानी कर रहे ऑस्ट्रेलिया के वर्ल्ड कप विनिंग कैप्टन पैट कमिंस ने अपने फेवरिट इंडियन क्रिकेटर का नाम बताया है। पैट कमिंस ने जिस खिलाड़ी का नाम लिया है, वह बल्लेबाज नहीं, बल्कि गेंदबाज है। इस तरह एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा और क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले इस लिस्ट से बाहर हैं। पैट कमिंस ने भारत के एक युवा खिलाड़ी का भी जिक्र किया है, जो उनको इस समय काफी पसंद है।

दरअसल, पैट कमिंस ने ह्यूमंस ऑफ बॉम्बे को दिए इंटरव्यू में अपने फेवरिट इंडियन क्रिकेटर के बारे में बताया। उनसे पूछा गया कि आपका फेवरिट भारतीय खिलाड़ी कौन है? तो उनके इसके जवाब में तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का नाम लिया। वहीं, जब उनसे मौजूदा समय के यंग भारतीय खिलाड़ियों के बारे में पूछा गया तो उन्होंने अपनी टीम सनराइजर्स हैदराबाद के ओपनर अभिषेक शर्मा का नाम लिया, जो एसआरएच के लिए खूब रन बना रहे हैं।

पैट कमिंस की बात करें तो वे आज यानी 8 मई को 31 साल के हो गए हैं। उन्होंने अपने देश को पिछले साल वनडे विश्व कप का खिताब दिलाया था और उसी साल उन्होंने टीम इंडिया को आईसीसी वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल में भी मात दी थी। वे टी20 वर्ल्ड कप बतौर प्लेयर जीत चुके हैं। इसके अलावा आईपीएल विनिंग टीम का भी हिस्सा रहे हैं। वे 2023 में आईसीसी के क्रिकेटर ऑफ द ईयर चुने गए थे। इस समय एसआरएच के कप्तान हैं।

एसआरएच ने पैट कमिंस की कप्तानी में आक्रामक क्रिकेट खेली है। एसआरएच ने आईपीएल का सबसे बड़ा स्कोर बनाया था, जिसे उन्होंने ही बाद में तोड़ा और एक नया रिकॉर्ड कायम किया। उन्हीं की कप्तानी में अभिषेक शर्मा खेल रहे हैं। ट्रेविस हेड टीम के लिए रन बना रहे हैं और हेनरिक क्लासेन लगातार ताबड़तोड़ पारियां खेलकर टीम के लिए आसान काम कर रहे हैं। एसआरएच के पास गेंदबाज भी काफी अच्छे हैं।

## विश्व कप क्वालिफायर के संभावितों की सूची में फुटबालर झींगन बाहर



नई दिल्ली। भारतीय सीनियर पुरुष टीम के मुख्य कोच इगोर स्टिमक ने मंगलवार को कुवैत और कतर के खिलाफ फीफा विश्वकप 2026 के प्रारंभिक संयुक्त क्वालिफिकेशन के दूसरे दौर के मुकाबलों के लिए 15 संभावित खिलाड़ियों की दूसरी सूची जारी की जिसमें चोटिल डिफेंडर संदेश झींगन का नाम नहीं है। झींगन को जनवरी में सीरिया के खिलाफ भारत के एशियाई कप ग्रुप मैच के दौरान दाहिने घुटने में चोट लगी थी। पहली सूची में शामिल 26 खिलाड़ी भुवनेश्वर में 10 मई से अभ्यास शुरू करेंगे। दूसरी सूची में शामिल 15 खिलाड़ियों में मुंबई सिटी एफसी और मोहन बागान एसजी के खिलाड़ी शामिल हैं जिन्होंने आईएसएल कप फाइनल खेला। वे 15 मई को शिविर से जुड़ेंगे। कुल 41 खिलाड़ी राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे।

# जिनवाणी ही गुरुवाणी है निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी महाराजः मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया

## भगवान कुंथुनाथ का जन्म, तप एवं मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया

**कुंडलपुर दमोह ।** सुप्रसिद्ध सिद्ध क्षेत्र जैन तीर्थ कुंडलपुर में जैन धर्म के 17 वें तीर्थंकर भगवान कुंथुनाथ का जन्म ,तप और मोक्ष कल्याणक महोत्सव धूमधाम से मनाया गया ।निर्यापक श्रमण मुनि श्री योगसागर जी महाराज एवं निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर जी महाराज का मुनि दीक्षा दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्रातः भक्तांमर महामंडल विधान , पूज्य बड़े बाबा का अभिषेक ,शांति धारा एवं पूजन विधान हुआ ,निर्वाण लाडू चढ़ाया गया ।ज्ञान साधना केंद्र परिसर में निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज एवं निर्यापक मुनि श्री नियम सागर जी महाराज का 45 वां मुनि दीक्षा दिवस मनाया गया ।इस अवसर पर पूज्य बड़े बाबा एवं आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के चित्र का अनावरण, दीप प्रज्वलन हुआ ।आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज का पूजन एवं आचार्य जी समय सागर जी महाराज का पूजन हुआ ।मुनि श्री का पाद प्रक्षालन हुआ ।शास्त्र समर्पण किया गया।इस अवसर पर पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री नियम सागर महाराज ने प्रवचन देते हुए कहा दीक्षा का आज पावन दिवस है जिसको दीक्षा कहते हैं वह आत्म कल्याण के क्षेत्र में संसारत सभी भव्य जीव को अनिवार्य हुआ करती है ।दीक्षा अनिवार्य है दीक्षा का अर्थ मुक्ति और मुक्ति के लिए दीक्षा होती है।

दीक्षा का अर्थ है छुटकारा विसर्जन है जिसको अज्ञान बस बटोर कर रखा था उन सब का विसर्जन और सबसे मुक्ति ,मुक्ति के लिए मुक्ति और वास्तविक मुक्ति रत्नत्रय है ।जिसकी साधना से जिसकी अनुभूति से आत्मा संतृप्त हो जाए वह आत्मा का भोजन कहलाता है। ऐसे भोजन को परोसने वाले परंपरा की दृष्टि से देखें तो परंपरा का अंत ही नहीं परोसते चले आ रहे हैं और भोजन करते-करते सभी चले आ रहे हैं। इस युग में हमको भी अपने भाग्य के वजह से इस व्यंजन को इस मधुर भोजन को परोसने से पहले भोजन के स्वाद का पता लगा लो वह कितना आनंद दाई है वह कितना सुखदाई है वह कितना आत्मा को संतुष्टि पहुंचा सकता है ।उस सब का परिचय करके सर्वप्रथम भटकती आत्मा को आकर्षित किया और आकर्षित करना ही धर्म की प्रभावना है हमें कोई आकर्षण ना करें हमें कोई भोजन ना मिले यह संभव ही कैसे हम आकर्षित होते हैं आकर्षित होने की शक्ति हमारे पास आकर्षित करने वाले निमित्त के रूप में जब आहार प्राप्त होते तो हमारा जीवन भी सार्थक हो जाता अनादि कालीन वह प्यास अनादिकालीन वह भूख मिट जाती। ऐसे भोजन को परोसने वाले इस पावन भूमि पर भरत क्षेत्र में इस धरा पर थे ,हैं और रहेंगे यह हम सोच भी नहीं सकते लेकिन जब सानिध्य प्राप्त हुआ तो है ,थे और आगे भी यह परंपरा बनी रहेगी ।



इस पर विश्वास हुआ भोजन करने से पूर्व भोजन का परिचय मिला वह भोजन ऐसा भोजन की पुनः भोजन ही ना करना पड़े हमेशा हमेशा के लिए भोजन के बिना अनंत काल तक हम रह सकें ऐसा भोजन एक बार भोजन करने के बाद अनंत काल तक हम भोजन के बिना रह सकते हैं ।ऐसा भोजन का परिचय हमने सुना प्राप्त किया और उन्हीं के द्वारा एक-एक ग्रास जैसे मां अपने बच्चों को एक-एक ग्रास बड़े प्रेम के साथ भोजन कराती है वैसे ही गुरु ने हमारे लिए भोजन कराया छोटे से बड़ा बनाया। भोजन ही नहीं करते तो बड़े कैसे बन सकते ।भोजन के बिना तो सारा संसार छोटा है विकसित ही नहीं हो रहा गर्भ के काल से भोजन मिलना शुरू होता है गुरु शिष्य को गर्भ काल से जब भोजन कराते हैं तो हमारा विकास तो गुरु के गर्भ से होता और हमारा जन्म गुरु के गर्भ से होता है इसलिए कहते हैं गुरु के बिना जीवन शुरू नहीं हुआ ।ऐसा सतगुरु का मिलना बहुत दुर्लभ होता है बाहर का मार्ग तो लाखों करोड़ों हैं लेकिन भीतर का मार्ग तो एक ही है।

करोड़ मार्ग को बताने वाले बहुत मिलेंगे पग पग पर मिलेंगे लेकिन भीतर के मार्ग को बताने वाले दुर्लभ ही मिला करते है ।मिल जाए तो भाग्य के द्वार खुल जाते हैं जीवात्माओं के। ऐसे गुरुवर हमको मिले उनके उपकार को शब्दों में बांधना और किसके सामने कहना मन को समझाना भी संभव नहीं है ।जैसा नाम है उस नाम के अनुसार ही वचन है और वचनों को गुमफित करके शास्त्र बनाकर कलेक्शन करके गुरु के भोजन के रूप में हमको प्रदान किया। गुरु वाणी भगवान की वाणी है जो भगवान की वाणी हुआ करती है वही गुरु की वाणी होती है जो गुरु की वाणी होती है वही जिनवाणी कहलाती है जिनवाणी भगवान से निकलती है गुरु के पास आती है और आगे बढ़कर के शिष्य के पास पहुंचती है ।

## विश्व के सर्वाधिक लोकप्रिय नेता और देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मध्यप्रदेश के धार आगमन पर स्वागत और अभिनंदन करते हुए

**माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी की उपस्तिथि में उपमुख्यमंत्री माननीय जगदीश देवड़ा जी ने स्वागत अभिनंदन किया**




**धार।**

मध्य प्रदेश के धार जिले में जनसभा का माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी के प्रेरक संबोधन सुनने को अपार जन समूह एकत्रित हुआ! माननीय प्रधानमंत्री जी ने कहा कि मध्य प्रदेश के धार में मुझे अपार संख्या में आशीर्वाद देने आए परिवारजनों के उत्साह से साफ है कि भाजपा-एनडीए को जिताने का उनका संकल्प कितना दृढ़ है माननीय प्रधानमंत्री जी का सानिध्य पाकर हम गौरवान्वित हैं, आपके नेतृत्व में मध्यप्रदेश की सभी लोकसभा सीटों पर भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक विजय प्राप्त करेगी! धार जिले के सभी कार्यकर्ता और मंडल अध्यक्ष उपस्थित रहे

## प्रमुख संक्षिप्त

### ब्राह्मण समाज सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विविध आयोजन

**बुढ़ार।** प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम अक्षय तृतीया, दिनांक 10 मई 2024, दिन शुक्रवार को मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर देवेन्द्र द्विवेदी अजय द्विवेदी दीपक शर्मा रामायण शुक्ला शुशील मिश्रा राकेश तिवारी हर्ष पाठक विजय तिवारी संजय पांडे अदित्य पांडे सतेन्द्र शुक्ला गौरव तिवारी जुगुल मिश्रा निलेश मिश्रा विनय शुक्ला राहुल त्रिपाठी पवन पांडेय बबलू चतुर्वेदी आहूत किया गया है। 10 में को इस अवसर पर पूजा अर्चनाअपरान्ह 2.30 बजे से 3.30 बजे तक ।शोभा यात्राअपरान्ह 3.30 बजे हनुमान मंदिर सामतपुर से प्रारंभ होकर शंकर मंदिर से श्री बूढ़ी मांई मंदिर पुरानी बस्ती होते हुये आशीर्वाद मैरिज गार्डन अमरकंटक तिराहा तक निकाली जाएगी। प्रवचन सायं 6.00 बजे से, स्थान आशीर्वाद मैरिज गार्डन अमरकंटक तिराहा में संपन्न होगा ।भण्डारा प्रसाद वितरण सायं 7.30 बजे से किया जाएगा। ब्राह्मण समाज सेवा समिति जिला-अनूपपुर के जिला अध्यक्ष राम प्रकाश द्विवेदी ने समस्त लोगों से आवाहन किया है कि इस पुनीत अवसर पर अपनी सहभागिता प्रदान करें।

### ब्राह्मण समाज सेवा समिति के तत्वाधान में भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर विविध आयोजन

**बुढ़ार।** प्रति वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान परशुराम जी का जन्मोत्सव कार्यक्रम अक्षय तृतीया, दिनांक 10 मई 2024, दिन शुक्रवार को मनाया जाना सुनिश्चित हुआ है। इस अवसर पर देवेन्द्र द्विवेदी अजय द्विवेदी दीपक शर्मा रामायण शुक्ला शुशील मिश्रा राकेश तिवारी हर्ष पाठक विजय तिवारी संजय पांडे अदित्य पांडे सतेन्द्र शुक्ला गौरव तिवारी जुगुल मिश्रा निलेश मिश्रा विनय शुक्ला राहुल त्रिपाठी पवन पांडेय बबलू चतुर्वेदी पंकज शर्मा आहूत किया गया है।

### सीतामऊ नगर में मंदसौर नीमच संसदीय क्षेत्र के भाजपा उम्मीदवार सुधीर गुप्ता का जनसंपर्क हुआ

**मंदसौर।** मंदसौर जिले की तहसील सीतामऊ में इस अवसर पर सुधीर गुप्ता के साथ सुवासरा विधानसभा क्षेत्र के विधायक हरदीप सिंह डंग , नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला, नगर परिषद उपाध्यक्ष सुमित रावत ,भाजपा मंडल अध्यक्ष लाल सिंह देवड़ा ,भाजपा सीतामऊ मंडल महामंत्री, जन भागीदारी के अध्यक्ष अंकित पटवा ,पार्षद विवेक सोनगरा, पार्षद प्रतिनिधि विजय गिरोटिया, वह भाजपा के कई पार्षद व पार्टी के पदाधिकारी ने हिस्सा लिया

## अल्ट्राटेक में बीएमएस प्रबंध कार्यकारिणी का सम्मेलन सम्पन्न

**सीधी।**




अल्ट्राटेक सीमेंट लिमिटेड की इकाई सीधी सीमेंट वर्क्स में भारतीय मजदूर संघ से सम्बद्ध तथा व्यवसायिक संघ मध्यप्रदेश शासन भोपाल द्वारा पंजीकृत अल्ट्राटेक सीमेंट कर्मचारी एवं खदान श्रमिक संघ मझिगवां जिला सीधी मध्यप्रदेश ट्रेड यूनियन की सम्पन्न साधारण सभा 10 अप्रैल 2024 में चयनित हुई त्रैवार्षिक प्रबंध कार्यकारिणी का सम्मिलिन बीएमएस प्रादेशिक प्रतिनिधि पदेन यूनियन अध्यक्ष वीरभानु सिंह की अध्यक्षता में गत सात मई को सैकड़ों संघीय सदस्यों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। तत्संबंधी जानकारी से अवगत कराते हुए यूनियन महामंत्री तथा पदेन प्रादेशिक संयुक्त महासचिव उमानिवास मिश्रा ने बताया कि अल्ट्राटेक सीधी सीमेंट प्लांट में वर्ष 2017-2018 से कार्यान्वित बीएमएस ट्रेड यूनियन के तीसरे त्रैवार्षिक कार्यकाल की प्रबंध कार्यकारिणी का चयन भारतीय मजदूर संघ की रीति नीति तथा व्यवसायिक संघ द्वारा अनुमोदित विधान के अनुसार बीएमएस की जिला इकाई सीधी के मंत्री दीपनारायण द्विवेदी की उपस्थिति में प्राप्त पैनल के अनुसार साधारण सभा में किया गया था। राष्टीय उपाध्यक्ष सीमेंट मजदूर महासंघ से अनुमोदित प्रतिलिपियों का प्रेषण व्यवसायिक संघ कार्यालय व ठेंगड़ी भवन संघ कार्यालय भोपाल में किए जाने पश्चात पूर्व सूचना अनुसार सम्मिलन सम्पन्न हुआ । महामंत्री ने बताया कि सीधी सीमेंट प्लांट में कार्यरत सीमेंट वेज बोर्ड,इ एण्ड पी,सीएच सप्लाई आदि सभी श्रमिक/कर्मचारी बंधुओं की समुचित सदस्य संख्या को दृष्टिगत रखा जाकर सीमेंट प्लांट, माइंस, एडमिन विभाग को मुख्य रूप से विभक्त कर विधान में पदीय विस्तार के संबंध में प्रस्तावित कार्यवाही अनुसार अध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, संरक्षक, संयोजक, उपाध्यक्ष, महामंत्री, संयुक्त महामंत्री, मंत्री, मीडिया प्रभारी,विधि सलाहकार, संघीय सलाहकार,संगठन मंत्री, कार्यालय मंत्री, कोषाध्यक्ष, संघीय, मार्गदर्शक आदि पदों का सृजन किया जाकर इक्यावन सदस्यीय प्रबंध कार्यकारिणी चयनित घोषित की गई है।

## टीएमयू में फार्म डी के निर्मल मि., तुबा और दिव्यांशा मिस फेयरवेल

**भोपाल।**

तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी, मुरादाबाद के फार्मेसी कॉलेज की ओर से आयोजित फेयरवेल पार्टी- अडियोस फार्मेशिया में फार्म डी के छात्र निर्मल को मिस्टर फेयरवेल और छात्राओं- तुबा अख्तर एवम् दिव्यांशा को संयुक्त रूप से मिस फेयरवेल चुना गया। एम फार्म के छात्र प्रखर स्टार ऑफ द ईव और फार्म डी की छात्राओं प्रेरणा पांडेय एंड टीम को परफॉर्मेंस ऑफ द डे के खिताबों से नवाजा गया। इन सभी स्टुडेंट्स को स्मृति चिन्ह और सैशे पहनाकर



सम्मानित किया गया। इससे पहले फार्मेसी के प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा, उप प्राचार्य प्रो. पीयूष मित्तल आदि ने मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित करके सरस्वती वंदना के संग ऑडी में फेयरवेल पार्टी- अडियोस फार्मेशिया का शुभारम्भ किया। मिस और मिस्टर के निर्णायक मंडल में श्री आशीष सिंघई, डॉ. पुष्पेन्द्र शुक्ला और श्रीमती उर्वशी सक्सेना आदि शामिल रहे। प्राचार्य प्रो. अनुराग वर्मा ने फार्मेसी प्रोफेशन की असीम संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए बोले, स्टुडेंट्स अपना जीवन शानदार तरीके से जिएं और कर्तव्यों का भी निर्वहन करें। उन्होंने कहा, कॉलेज में बिताए पल जीवन के अमूल्य लम्हे होते हैं, जो आपके सपनों को सच्चाई में बदलने की राह तय करते हैं। फार्मेसी के छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर सबका मनमोह लिया। स्टुडेंट्स ने विभिन्न नृत्यों की प्रस्तुतियों से अपने कॉलेज की यात्रा के विभिन्न आयाम बड़े ही रोचक तरीके से दिखाए। अंत में छात्रों ने डीजे संध्या में विभिन्न गानों पर झूम-झूमकर डांस किया और प्रांगण को उत्सवमय कर दिया।

## कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक ने किया मतदान

**अशोकनगर ।**कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सुभाष कुमार द्विवेदी तथा पत्नि श्रीमती स्वाति द्विवेदी द्वारा लोकसभा निर्वाचन 2024 के लिए 04 गुना संसदीय क्षेत्र हेतु 07 मई मतदान दिवस पर मतदान केन्द्र क्रमांक 65 बरखेडी पहुंचकर मतदान कर लोकतंत्र के उत्सव में अपनी सहभागिता की । इसी प्रकार पुलिस अधीक्षक श्री विनीत कुमार जैन तथा पत्नि श्रीमती शालिनी जैन के साथ अशोकनगर विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 128 सेंट थॉमस स्कूल में मतदान किया गया। साथ ही मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. नेहा जैन द्वारा विधानसभा क्षेत्र अशोकनगर के मतदान केंद्र क्रमांक 128 सेंट थॉमस स्कूल,संयुक्त कलेक्टर श्रीमती सोनम जैन ने मतदान केन्द्र क्रमांक 65 बरखेडी पहुंचकर मतदान किया गया।

## जमोड़ी पुलिस ने 24 घण्टे में अंधी हत्या का किया खुलासा

**जीजा ने दो सहयोगियों के साथ की हत्या आरोपी हुए गिरफ्तार**







**सीधी।**

बीते दिनों जमोड़ी थाना अंतर्गत सुकवारी हुई हत्या का 24 घंटे में खुलासा करते हुए जमोड़ी थाना पुलिस के अनुसार 6 मई 2024 की रात्रि डायल 100 को सूचना मिली थी कि ग्राम सुकवारी दक्षिण टोला में अज्ञात लोगों ने समयलाल साकेत पिता दादुला साकेत उम्र 40 वर्ष की मारपीट कर हत्या कर दी गई है। उक्त सूचना पर थाना प्रभारी विशाल शर्मा अपने दल.बल के साथ मौके पर पहुंचे और वरिष्ठ अधिकारियों को सूचित करते हुये विवेचना शुरू की। घटना स्थल पर एफएसएल टीम, फिंगरप्रिंट विशेषज्ञ व डॉग को बुलाया गया। इस दौरान मृतक के छोटे भाई शिवशंकर साकेत उम्र 30 वर्ष द्वारा बताया गया कि वह पड़ोस में ही रहता है। 6 मई की रात्रि करीब 2ः15 बजे भतीजा रिंकू साकेत ने फोन पर बताया था कि 3-4 लोगों ने मारपीट करते हुये समयलाल साकेत की लोहे की राड से प्रहार कर हत्या कर दी है। उक्त रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपियों के विरूद्ध धारा 302, 449, 34 आईपीसी के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू की गई। मर्ग कार्रवाई के दौरान सभी साक्ष्यों को जुटाने के पश्चात पंचनामा एवं पोस्टमार्टम कार्रवाई के पश्चात शव परिजनों को सौंप दिया गया। मामले के अज्ञात आरोपियों की पतासाजी गिरफ्तार हेतु टीम गठित की गई। टीम द्वारा संदेही पप्पू साकेत को उसके निवास स्थान जमोड़ी खुर्द से पूंछतांछ शुरू की। उसके द्वारा बताया गया कि मेरी ससुराल ग्राम सुकवारी दक्षिण टोला में है। मृतक समयलाल साकेत उसका साला था। लगभग 4 वर्ष पहले समयलाल की औरत ममता साकेत उसके साथ बात किया करती थी। इसी को लेकर समयलाल साकेत अवैध संबंध की शंका करता था। वर्ष 2021 में समयलाल साकेत अपने भाई शिवशंकर साकेत के साथ उसके घर आये और गाली-गलौज करते हुये मारपीट किये थे। इसी वजह से उसके मन में समयलाल साकेत को मारने की ईष्या बन गई थी। बदला लेने के लिये वह 6 मई 2024 की रात को बाईक से रावेन्द्र सिंह बघेल 30 वर्ष निवासी जमोड़ी खुर्द, पुष्पेन्द्र सिंह बघेल निवासी ग्राम मड़वास, हाल उत्तरी करौंदिया सीधी के साथ सुकवारी दक्षिण टोला पहुंचा। तीनों लोगों ने घर के अंदर सो रहे समयलाल साकेत के सिर पर साकब, टैलिबर से कई बार प्रहार किया। जिससे उसकी मौत हो गई। इसके बाद तीनों लोग बाईक से सीधे वापस आ गये। उक्त विवेचना में जमोड़ी पुलिस के साथ मड़वास चौकी प्रभारी केदार परौहा भी शामिल थे। उक्त अंधी हत्याकांड में शामिल आरोपी पुष्पेन्द्र सिंह बाघेल पिता ध्रुवराज सिंह बाघेल उम्र 25 वर्ष निवासी मड़वास हाल उत्तरी करौंदिया सीधी, रावेन्द्र सिंह बाघेल पिता राम सिंह बाघेल उम्र 30 वर्ष निवासी जमोड़ी खुर्द एवं पप्पू साकेत पिता वंशरूप साकेत उम्र 42 वर्ष निवासी ग्राम जमोड़ी ने अपना जुर्म हत्या करना कबूल कर लिया है।

## कलेक्टर ने किया मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से जिला गौरवान्वित हुआ है - कलेक्टर श्री सोमवंशी

**सीधी।**

माध्यमिक शिक्षा मंडल म.प्र. भोपाल की हाईस्कूल वर्ष 2024 की प्रदेश मैरिट में सीधी जिले के तीन विद्यार्थियों ने स्थान प्राप्त किया। लली तिवारी पिता विनय कुमार तिवारी शा.उत्कृष्ट विद्यालय सीधी, नीलेश कुमार शाहू पिता उमेश कुमार शाहू काशी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमिलिया और वरूण साकेत पिता वंशधारी साकेत श्री गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अमहा तीनों विद्यार्थियों को कुल 500 अंक में 486 अंक प्राप्त हुये और प्रदेश की प्रावीण्य सूची में 9वॉं स्थान प्राप्त हुआ। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने तीनों मेधावी विद्यार्थियों को उनके माता-पिता और शिक्षकों को



आमंत्रित कर प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने विद्यार्थियों से चर्चा कर उन्हें भविष्य में बेहतर प्रदर्शन के लिए प्रोत्साहित किया। कलेक्टर ने कहा कि विद्यार्थियों के उत्कृष्ट प्रदर्शन से पूरा जिला गौरवान्वित हुआ है। इन्होंने अन्य विद्यार्थियों के लिए अनुकरणीय उदाहरण प्रस्तुत किया है। कलेक्टर ने विश्वास व्यक्त किया है कि आगामी वर्ष में सीधी जिले के कई विद्यार्थी प्रदेश की प्रावीण्य सूची में अपना स्थान बनाएंगे। मेधावी छात्र वरूण साकेत भविष्य में आई.ए.एस. बनना चाहते है, नीलेश कुमार शाहू भी सिविल सर्विसेस में जाने की तैयारी अभी से कर रहे है। लली तिवारी डाक्टर बनना चाहती हैं। सम्मान समारोह में अपर कलेक्टर राजेश शाही, उपखण्ड अधिकारी गोपद बनास प्रिया पाठक, जिला शिक्षा अधिकारी डॉ पी.एल.मिश्रा, डी.पी.सी. राजेश तिवारी, ए.डी.पी.सी. प्रवीण शुक्ला, एपीसी रमसा डॉ सुजीत कुमार मिश्र, इन्द्रसेन त्रिपाठी, रामकृष्ण तिवारी मेधावी विद्यार्थियों के माता-पिता तथा तीनों विद्यालयों के प्राचार्य एवं शिक्षक उपस्थित रहे।

## विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे के सह परिवार उपनगरी बोड़खी में किया मतदान , लोगो को किया प्रेरित

**सारणी।**

विश्व के सर्वाधिक बड़े लोकतंत्र में अपनी आहुति के लिए लोकसभा चुनावों में लोगो के द्वारा दिन भर अपने मताधिकार का उपयोग किया गया इसी श्रृंखला में आमला सारणी विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे एवम उनकी धर्म पत्नी संजु पंडाग्रे ने मतदान के प्रारंभिक चरण में ही उप नगरी बोड़खी के बूथ क्रमांक 127 पर अपने मताधिकार का उपयोग किया ।

### विधायक डॉ पंडाग्रे ने किया मतदान का आग्रह

विधायक डॉ योगेश पंडाग्रे ने आमला सारणी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत विभिन्न बूथों पर प्रवास कर लोगो से अधिक से अधिक मतदान का आग्रह किया। इस दौरान बूथ पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ता पदाधिकारियों का उत्साह वर्धन कर अत्याधिक तापमान के बावजूद दिन भर बूथ कर कार्य करने के लिए आभार व्यक्त किया

### चुनावो में भाजपा महिला मोर्चा की दिखी सक्रिय भागीदार

लोकसभा चुनावों में भाजपा संगठन के सभी कार्यकर्ताओ ने बूथ





ईकाई के रूप में उत्साह के साथ कार्य किया । संगठनात्मक कार्य में भाजपा महिला मोर्चा सदस्यो के द्वारा सभी दायित्वों में अपना सक्रिय योगदान दिया नगर मंडल के कार्यकर्ताओ के साथ बराबर सहयोगी के रूप में पार्षद शोभा देशमुख , मीडिया प्रभारी सपना सोनी, रीना कश्यप भाजपा बूथ अध्यक्ष तो पोलिंग एजेंट के रूप में मंडल उपाध्यक्ष अंबिका साबले ने कार्य किया ।

लाजवंती नागले संजू योगेश पंडाग्रे सुषमा नरवरे ओमवती विश्वकर्मा आरती पाटिल गीता ढोलेकर भारती झा श्रृद्धा मालवीय गीता पंडोले गीता वर्मा सपना सोनी दीक्षा सुरजेकर नीलम साहू मुक्ता ढोलेकर रीना तोमर रजनी बनाईत समेत बड़ी संख्या में महिला मोर्चा पदाधिकारियों ने दिन भर मतदान करवाने के लिए सक्रियता से कार्य किया।

**खास**

### रात्रि में भी हैण्डपम्पों का किया जा रहा सुधार कार्य

## पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने हो रही तत्परता से कार्यवाही


**सीधी।**

सीधी जिले में हुई अल्प वर्षा व ग्रीष्म काल को ध्यान में रखते हुए कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी के निर्देशानुसार त्रिलोक सिंह वरकड़े कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्थ्य यान्त्रिकी विभाग सीधी के मार्गदर्शन में हैंडपम्प संधारण का कार्य सतत रूप से चल रहा है। दिन में अत्यधिक गर्मी होने के कारण आवश्यकता पड़ने पर रात्रि में भी सुधार कार्य किया जा रहा है। हैण्डपम्पों ने सुधार कार्य के साथ ही आवश्यकतानुसार राइजर पाइप भी हैण्डपम्पों में लगाए जा रहे हैं। जहां जल स्तर अधिक नीचे चला गया है वहाँ सिंगल फेस पम्प डाल कर ग्रामीणों को जल उपलब्ध करवाया जा रहा है।





कार्यपालन यंत्री ने बताया कि जिले के 5 विकासखंड में अब तक 21486 हैंडपम्प स्थापित हैं जिनमें से 20918 हैण्डपम्पों से जल उपलब्ध हो रहा है, 568 हैंडपम्प बंद हैं। एक मार्च से अभी तक 3719 हैंडपम्प में सुधार कार्य करवाया गया जा चुका है, 2243 ऐसे हैंडपम्प जिनका जल स्तर नीचे चला गया था इनमें 8178 मीटर राइजर पाइप डाली गयी। साथ ही साथ जहाँ जलस्तर ज्यादा नीचे होने की वजह से जल उपलब्ध नहीं हो रहा था ऐसे 118 हैंडपम्प में सिंगल फेस मोटर डाल कर जल उपलब्ध करवाया जा रहा है। विकासखंड सीधी के 41, सिहावल के 31, रामपुर नैकिन के 18, मझौली के 19 तथा कुसमी के 9 हैण्डपम्पों में सिंगल फेस मोटर लगाए गए हैं। इसी प्रकार विकासखंड सीधी के 790, सिहावल के 386, रामपुर नैकिन के 468, मझौली के 316 तथा कुसमी के 283 हैण्डपम्पों में राइजर पाइप डाली गयी है। मार्च से अब तक विकासखंड सीधी के 1171, सिहावल के 766, रामपुर नैकिन के 734, मझौली के 586 तथा कुसमी के 462 हैण्डपम्पों का सुधार कार्य कराया गया है। कार्यपालन यंत्री ने बताया कि पंचायतों के सतत संपर्क में रहकर पेयजल की स्थिति की निगरानी रखी जा रही है। साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से भी खराब हैण्डपम्पों की जानकारी प्राप्त कर सुधार कार्य कराया जा रहा है।




## विवादों में घिरी जॉली एलएलबी-3, अक्षय व अरशद वारसी के खिलाफ शिकायत

**मुंबई।** अजमेर के डीआरएम ऑफिस में चल रही जॉली एलएलबी-3 की शूटिंग को लेकर जिला बार एसोसिएशन के अध्यक्ष चंद्रभान राठौड़ सेशन कोर्ट में अर्जी लगाई है। इसमें जज और वकीलों की छवि खराब करने, नियम विरुद्ध फिल्म शूट करने और आपत्तिजनक डायलॉग्स को लेकर शिकायत दी गई है। सिविल न्यायाधीश और न्यायिक मजिस्ट्रेट उत्तर अजमेर शहर में मंगलवार को इस पर सुनवाई होगी। जिला क राजीव धनखड़, अजमेर जिला कलेक्टर भारती दीक्षित और सिविल लाइंस एसएचओ छोटू लाल के खिलाफ शिकायत दी है। हालांकि, फिल्म की शूटिंग के दौरान कई वकीलों को बुलाया गया था। लेकिन, शूटिंग के दौरान अक्षय के बाउंसर्स ने उनके साथ बुरा बर्ताव किया।

लाइफ Style



# शिल्पा

## गोल्डन साड़ी में दिखा दिलकश अंदाज

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था।

बॉलीवुड एक्ट्रेस शिल्पा शेट्टी को भारतीय पोशाक साड़ी पहनना कितना पसंद है ये बात तो किसी से छिपी नहीं है। शिल्पा शेट्टी अक्सर ही इंडियन वियर पहने नजर आती हैं। हाल ही में शिल्पा शेट्टी ने फैशन डिजाइनर आशा के कलेक्शन 'एताशा'को रैंप पर उतारा। इस फैशन शो में रैंप वॉक से पहले एक्ट्रेस ने बताया कि वह हमेशा ही किसी भी शो से पहले प्राणायाम करने के लिए समय निकालती हैं। शिल्पा शेट्टी ने इवेंट में गोल्डन साड़ी पहनी थी। उन्होंने 'तू झूम' गाने पर रैंप पर जलवा बिखेरा। शिल्पा शेट्टी ने गोल्डन कलर की साड़ी को मैचिंग गोल्डन हॉल्टर नेक ब्लाउज के साथ पेयर किया था। उन्होंने मैचिंग बैंगल्स, ओपन हेयर्स और डॉर्क मेकअप के साथ अपने लुक को पूरा किया था। शिल्पा शेट्टी इस लुक में बेहद गॉर्जियस लग रही थीं।

वॉक के बाद शिल्पा ने कहा, 'मैंने आशा जैन का 'एताशा'कलेक्शन पहना है। मैंने जो पहना है, वह मुझे बेहद पसंद है। यह बहुत आरामदायक है। मुझे साड़ी पहनना बहुत पसंद है। मुझे लगता है कि जब आप बाहर जा रहे हों और अलग दिखने के साथ-साथ आपको आरामदायक भी चुनना हो तो इस तरह का आउटफिट चुनना सही है।'

हॉलीवुड मसाला




## अद्भुत एक्टर थे बर्नार्ड हिल

लॉस एंजिलस। हॉलीवुड के बड़े एक्टर्स में गिने जाने वाले बर्नार्ड हिल का 79 साल की उम्र में निधन हो गया है। उन्होंने 1997 में आई 'टाइटैनिक' और 'द लॉर्ड ऑफ द रिंग्स' ट्रायोलॉजी में अहम भूमिकाएं निभाई थीं। इस बात की जानकारी मशहूर स्कॉटिश सिंगर और म्यूजिशियन बार्बरा डिक्सन ने अपने एक्स अकाउंट पर पोस्ट करके दी है। बारबरा डिक्सन ने लिखा है, 'बहुत दुख की बात है कि मुझे बर्नार्ड हिल के निधन के बारे में लिखना पड़ रहा है।



## एक बार फिर अंतरिक्ष की सैर करेंगे रयान गोसलिंग

**लॉस एंजिलस।** हॉलीवुड अभिनेता रयान गोसलिंग अपनी फिल्म 'द फॉल गाई' को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में एमिली ब्लंट ने भी मुख्य भूमिका निभाई हैं। यह एक रोमांटिक एक्शन कॉमेडी फिल्म है। कुछ ही दिन पहले बर्लिन में फिल्म के प्रीमियर का आयोजन किया गया था। वहीं, अब दर्शक भी इस फिल्म का मजा ले रहे हैं। फिल्म का निर्देशन डेविड लीच ने किया है। 'द फॉल गाई' में दर्शकों को एक से बढ़कर एक स्टंट देखने को मिलेंगे। इस फिल्म के अलावा रयान अपनी अगली फिल्मों से भी सुर्खियां बटोर रहे हैं। रयान गोसलिंग के फैंस के लिए बड़ी खबर यह है कि एक बार फिर से उन्हें अंतरिक्ष यात्री के किरदार में देखने का मौका मिलने वाला है। वह आने वाले दिनों में फिल्म 'प्रोजेक्ट हेल मैरी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह रायलैंड ग्रेस की भूमिका निभाने जा रहे हैं।



## कंगना ने अमिताभ से की तुलना, उड़ा मजाक

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश की मंडी सीट से लोस प्रत्याशी कंगना इन दिनों जमकर कैंपेन कर रही हैं। एक भाषण के दौरान कंगना ने अपनी तुलना सदी के महानायक अमिताभ बच्चन से कर दी। कंगना ने कुछ ऐसा कर दिया कि वह ट्विटर पर ट्रेंड होने लगी हैं और यूजर्स भी उनकी खिंचाई कर रहे हैं। कंगना का कहना है कि फिल्म इंडस्ट्री में अगर अमिताभ के बाद किसी को सबसे अधिक प्यार और सम्मान मिलता है, तो वह उन्हें मिलता है। वीडियो में कंगना कह रही हैं, 'सारा देश परेशान है, कि वो कंगना, चाहे राजस्थान चली जाऊं, चाहे मैं पश्चिम बंगाल चली जाऊं, चाहे मैं दिल्ली चली जाऊं, चाहे मैं मणिपुर चली जाऊं... ऐसा लगता है कि मानो इतना प्यार और इतना सम्मान...मैं दावे से कह सकती हूं कि इतना प्यार और इतना सम्मान अमिताभ जी के बाद आज किसी को इंडस्ट्री में मिलता है, तो वो मुझे मिलता है।'



## पिता की आखिरी इच्छा पूरा नहीं कर पाए

**नई दिल्ली।** संजय लीला भंसाली एक ऐसे फिल्म मेकर हैं, जो शानदार फिल्में बनाने और कहानियों को खूबसूरती से बयां करने के लिए जाने जाते हैं। नेटफ्लिक्स पर उनका पहला वेब शो 'हीरामंडीः द डायमंड बाजार' इस बात को साबित कर रहा है। 'हीरामंडी' लोगों को पसंद आ रही है। इसमें भंसाली ने अपनी बनाई जादुई दुनिया दिखाई है। शो में बड़े और खूबसूरत सेट, शानदार सीन्स, बेहतरीन डायलॉग्स, कमाल का कैमरा वर्क और शानदार म्यूजिक है। हालांकि भंसाली अपनी फिल्मों में भावनाओं को बखूबी दिखाने में माहिर हैं, लेकिन बताया जाता है कि उनके पिता नवीन भंसाली कभी सफलता नहीं पा सके थे। अब अपने नए इंटरव्यू में भंसाली ने अपने पिता की आखिरी इच्छा को पूरा न कर सकने का इमोशनल किस्सा सुनाया है।

टीवी मसाला



## सुनील पाल ने कहा, अच्छा है कपिल का शो बंद हो रहा

**नई दिल्ली।** कॉमेडी किंग कपिल शर्मा इन दिनों लगातार 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' को लेकर खबरों में बने हुए हैं। इस बार कपिल अपना शो टीवी पर नहीं, बल्कि नेटफ्लिक्स पर लेकर आए हैं। खास बात ये भी रही कि कई सालों के बाद दर्शकों को कपिल और सुनील ग्रोवर की जोड़ी एक साथ पर्दे पर देखने को मिली। शो पर कई सितारों ने अपनी मौजूदगी से चार-चांद लगाया। लेकिन ये पहला ऐसा मौका रहा जब इस शो को दर्शकों का उतना प्यार नहीं मिला, जितना हर बाद देखने को मिलता था। ऐसे में बीते दिनों कपिल शर्मा के 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के बंद होने की खबर ने उनके फैंस को काफी हैरान कर दिया। ऐसे में अब सुनील पाल ने कपिल के शो के बंद होने की खबर पर रिएक्ट किया है। सुनील पाल ने कहा, ''द ग्रेट इंडियन कपिल शो' जो नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीमिंग हो रहा था। सुनने में आ रहा है कि ये शो बंद हो रहा है। तो मैं कपिल से ये कहना चाहूंगा कि अच्छा है जो आपका शो यहां से बंद हो रहा है, क्योंकि आप नेटफ्लिक्स ओटीटी के आर्टिस्ट नहीं हो, आप टीवी के घर-घर के आर्टिस्ट हो। मैंने कहा था कि घर-घर में देखा जाता है सिर्फ कपिल शर्मा को।

### टीवी से परिणीति ने किया था डेब्यू



**नई दिल्ली।** अमर सिंह चमकीला में अपनी एक्टिंग के लिए सुर्खियां बटोर रहीं परिणीति चोपड़ा के बारे में सब जानते हैं कि उन्होंने फिल्म 'इश्कजादे' से अपने करियर की शुरुआत की थी। हालांकि, ऐसा है नहीं। परिणीति ने फिल्मों से नहीं, बल्कि टीवी से अपने करियर की शुरुआत की थी। परिणीति ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पुराना वीडियो शेयर करते हुए लिखा- ' मॉय रीयल डब्यू।' परिणीति ने जो वीडियो शेयर किया उसमें वो दूरदर्शन के किसी शो में गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति ने 13 साल की उम्र में सबसे पहले कैमरा फेस किया था। वीडियो में वो लाल रंग का सूट पहने हुई हैं। परिणीति वीडियो में दूसरे बच्चों के साथ से 'अपने देश की सेवा करेंगे हम' गाना गाती नजर आ रही हैं। परिणीति की थ्रोबैक वीडियो देखकर फैंस हैरान हैं। परिणीति चोपड़ा इन दिनों 'अमर सिंह चमकीला' की सक्सेस को एंजॉय कर रही हैं।

## शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही थे ऑनलाइन एक्टिव...

### इंडस्ट्री का बना कंप्यूटर गुरु

**नई दिल्ली।** अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र, जीनत अमान, वैजयंती माला और जीतेंद्र सहित कई पुराने दौर के एक्टर हैं, जो आज सोशल मीडिया पर एक्टिव रहते हैं और लोगों के साथ सोशल मीडिया पर भी जुड़े रहते हैं। लेकिन, इनमें से 'इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु' कोई नहीं बना। जबकि शम्मी कपूर भारत में इंटरनेट आने से पहले ही ऑनलाइन एक्टिव था।



शम्मी कपूर ने 'कभी खुद को कहा 'जंगली' तो कभी कहा 'जानवर'। लेकिन, जब इनका अंदाज देखा तो सबने कहा 'तुम सा नहीं देखा कोई दूसरा हुजूर। उसके जीन में अदाकारी था। उस खानदान में वह पैदा हुए, जहां थिएटर पेशा भी था और व्यवसाय भी। घर में रात-दिन सिर्फ एक्टिंग की बातें हुआ करती थी। उन्होंने मुमताज, साधना, जीनत अमान सहित कई दिग्गज अभिनेत्रियों के साथ स्क्रीन को शेयर किया। उन्होंने 60-70 के दशक में एक से बढ़कर एक बेहतरीन फिल्में देकर अपने पिता का नाम रोशन किया। जिस दौर में लोग डाकघर में चिट्ठियों को पोस्ट किया करते थे, उस दौर में वह इंडस्ट्री का कंप्यूटर गुरु बन गए थे। शम्मी कपूर और मुमताज के प्यार के किस्से जितने मशहूर हैं, उतना ही उनका कंप्यूटर से प्यार में पड़ जाने वाले किस्से हैं। जब भारत में ज्यादातर लोग इंटरनेट के बारे में जानते भी नहीं थे, शम्मी उस वक्त इंटरनेट पर काफी एक्टिव हो चुके थे। ये सुनने में थोड़ा अजीब है, लेकिन ये सच है। जिस दौर में लोग पर्सनल कंप्यूटर के बारे में सोचते भी नहीं थे, शम्मी के पास खुद का कंप्यूटर और इंटरनेट हुआ करता था। वह कंप्यूटर के घरेलू इस्तेमाल को बढ़ावा देने वाले पहले भारतीय थे।

## 'पंचायत' 28 मई होगी रिलीज



नई दिल्ली। वेब सीरीज 'पंचायत' के पिछले दो सीजन दर्शकों के बीच जबरदस्त हिट रहे। अब इसका तीसरा सीजन आने वाला है। पिछले कई दिनों से दर्शक इसकी रिलीज डेट को लेकर लंबे वक्त से कयास लगाए जा रहे थे। हालांकि, प्राइम वीडियो के आधिकारिक एक्स हैंडल से एक पोस्टर साझा कर रिलीज डेट का खुलासा कर दिया था। इसके साथ लिखा था, 'आपने लौकी हटाई, हमने पुरस्कार में आपके लिए रिलीज डेट का खुलासा कर दिया'। सीरीज 28 मई को रिलीज होगी। सीरीज में जितेंद्र कुमार, नीना गुप्ता, रघुबीर यादव, फैसल मलिक और अन्य जैसे लोकप्रिय चेहरे शामिल हैं।

### अजय की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है

# ओटीटी के सबसे महंगे स्टार हैं अजय देवगन

*पिछले 2-3 साल में ओटीटी की दुनिया में बड़ा उछाल देखा गया। खासकर कोविड-19 महामारी के कारण थिएटर बंद होने के बाद। ओटीटी प्लेटफॉर्म अब अजय देवगन, सैफ अली खान, नवाजुद्दीन सिद्दीकी, सोनाक्षी सिन्हा और सामंथा रुथ प्रभु जैसे बड़े सुपरस्टारों को अट्रैक्ट कर रहे हैं जो भारत के पॉपुलर ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स, डिज्नी प्लस, हॉटस्टार, जी 5 का ज्यादा से ज्यादा फायदा उठाने के लिए अच्छी स्क्रिप्ट की तलाश में हैं।*

**नई दिल्ली।** जैसे-जैसे ओटीटी प्लेटफॉर्म की पॉपुलैरिटी बढ़ती जा रही है कई कलाकार भी उन पर आने के लिए अच्छी-खासी फीस ले रहे हैं। कुछ सुपरस्टार्स अपने ओटीटी शोज के जरिए करोड़ों रुपए कमा रहे हैं। ओटीटी पर सबसे ज्यादा फीस लेने वाले एक्टर बॉलीवुड सुपरस्टार अजय देवगन हैं। जिन्होंने 2022 में हॉटस्टार के क्राइम थ्रिलर शो 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' से अपना ओटीटी डेब्यू किया था।



अजय देवगन हमेशा से ही बॉलीवुड में सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर्स में से एक रहे हैं, लेकिन अपनी वेब सीरीज के बाद अजय देवगन ओटीटी पर सबसे ज्यादा कमाई करने वाले एक्टर भी बन गए। एक रिपोर्ट्स में कहा गया है कि अजय देवगन ने 'रुद्रः द एज ऑफ डार्कनेस' के सात एपिसोड के लिए 125 करोड़ रुपए की भारी भरकम फीस ली है। यह सीरीज ब्रिटिश शो 'लूथर' का ऑफीशियल रीमेक है। कथित तौर पर अजय देवगन ने प्रति एपिसोड 18 करोड़ रुपए लिए जिससे वह भारत में सबसे ज्यादा फीस लेने वाले ओटीटी स्टार बन गए। अजय देवगन की नेट वर्थ 427 करोड़ रुपए बताई जाती है। ओटीटी में एक और पॉपुलर एक्टर मनोज बाजपेयी हैं जो वेब सीरीज और फिल्मों में एक्टिंग के लिए अच्छी खासी फीस लेते हैं। वह क्राइम थ्रिलर सीरीज 'द फैमिली मैन' में श्रीकांत तिवारी के रोल के बाद सबके फेवरेट बन गए।

### बिग बी और रजनीकांत की जोड़ी ने तोड़े हैं कमाई के सारे रिकॉर्ड



मुंबई। अमिताभ बच्चन और रजनीकांत भारतीय सिनेमा के दो दिग्गज कलाकार हैं। अपनी बहुमुखी अदाकारी से दोनों ने लगातार दर्शकों का मनोरंजन किया है। इन दिनों दोनों अभिनेता अपनी आगामी फिल्मों को लेकर व्यस्त चल रहे हैं। अमिताभ नाग अश्विन द्वार निर्देशित 'कल्कि 2898 ए.डी.' में अश्वत्थामा के किरदार में नजर आएंगे। वहीं, रजनीकांत मशहूर निर्देशक लोकेश कनक राज की फिल्म 'कुली' में नजर आने वाले हैं। गत दिवस अमिताभ ने रजनीकांत के साथ अपनी एक तस्वीर सोशल मीडिया पर साझा की थी। दोनों के प्रशंसक इसे देख कर काफी उत्साहित हो गए थे। दशकों तक लगातार फिल्मों में सक्रिय रहने के दौरान दोनों अभिनेताओं ने कुछ मौकों पर साथ में स्क्रीन साझा किया है। साल 1991 में रिलीज हुई इस फिल्म में अमिताभ और रजनीकांत साथ में नजर आए थे। फिल्म में रजनीकांत ने अमिताभ के छोटे भाई का किरदार निभाया था। फिल्म के निर्देशन की जिम्मेदारी मुकुल आनंद ने संभाली थी। फिल्म में इन दोनों कलाकारों के अलावा गोविंदा, किमी काटकर, डैनी डेंजोंगपा, अनुपम खेर आदि कलाकार भी नजर आए थे। फिल्म एक ब्लॉकबस्टर हिट साबित हुई थी।

संक्षिप्त समाचार

## सेंसेक्स 383 अंक गिरकर 73,511 और निफ्टी 22,302 के स्तर पर बंद



**मुंबई, एजेंसी।** मंगलवार को हरे निशान पर कारोबार की शुरुआत के बाद शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिली। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 383 अंकों की गिरावट के साथ 73,511 के स्तर जबकि निफ्टी 140 अंकों की गिरावट के साथ 22,302 के स्तर पर बंद हुआ। आज सुबह 9=18 बजे, सेंसेक्स 0.08 प्रतिशत बढ़कर 73,954.96 पर खुला था, जबकि निफ्टी 50 0.13 प्रतिशत बढ़कर 22,471.95 के स्तर पर कारोबार करता दिखा। इससे पहले कल यानी 6 मई को शेयर बाजार में सपाट कारोबार देखने को मिला था। सेंसेक्स 17 अंक की तेजी के साथ 73,895 के स्तर पर बंद हुआ था। वहीं, निफ्टी में 33 अंक की गिरावट रही, ये 22,442 के स्तर पर बंद हुआ था।

## भारत ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सरकार ने मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात को मंजूरी दे दी। विदेश व्यापार महानिदेशालय (डीजीएफटी) ने एक अधिसूचना में कहा कि राष्ट्रीय सहकारी निर्यात लिमिटेड (एनसीईएल) के माध्यम से मॉरीशस को 14,000 टन गैर-बासमती सफेद चावल निर्यात किए जाने की अनुमति दी गई है। सरकार ने घरेलू आपूर्ति बढ़ाने के लिए 20 जुलाई, 2023 से ही गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात पर प्रतिबंध लगाया हुआ है लेकिन कुछ देशों को अनुरोध पर उनकी खाद्य सुरक्षा जरूरतें पूरा करने के लिए सरकार निर्यात की अनुमति देती है। इससे पहले भारत ने तंजानिया, जिबूती और गिनी-बिसाऊ सहित कुछ अफ्रीकी देशों को इस चावल के निर्यात की अनुमति दी है। इसके अलावा नेपाल, कैमरून, कोटे डि-आइवरी, गिनी, मलेशिया, फिलिपीन और सेशेल्स जैसे देशों को भी गैर-बासमती सफेद चावल के निर्यात की अनुमति दी गई थी। एनसीईएल कई राज्यों में सक्रिय एक सहकारी समिति है। इसे देश की कुछ प्रमुख सहकारी समितियों अमूल, इफको, कृभको और नैफेड के जरिये संयुक्त रूप से बढ़ावा दिया जाता है।

## रेखा झुनझुनवाला को शेयर बाजार में हुआ बड़ा नुकसान, शेयर के टूटने से 800 करोड़ डूबे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शेयर बाजार के दिग्गज निवेशक रहे दिवंगत राकेश झुनझुनवाला की पत्नी रेखा झुनझुनवाला को सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान 800 करोड़ रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है। उन्हें यह नुकसान टाटा समुह के स्वामित्व वाली कंपनी टाइटन के शेयरों के टूटने से हुआ है। टाटा समूह के इस शेयर पर झुनझुनवाला परिवार ने बड़ा निवेश कर रखा है। झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न हिस्सेदारी 31 मार्च 2024 तक के आंकड़ों के अनुसार झुनझुनवाला परिवार की टाइटन में करीब 5.35त्न की हिस्सेदारी थी। शुक्रवार को बाजार की क्लोजिंग के दौरान टाइटन के शेयरों में उनकी होल्डिंग का कुल मूल्य 16,792 करोड़ रुपये था। सोमवार को टाइटन के शेयर 7त्न तक टूट गए। मार्च तिमाही के नतीजों के बाद निवेशकों में टाइटन के शेयरों में खरीदारी के प्रति निराशा दिखी। इस गिरावट से झुनझुनवाला परिवार को खासा नुकसान उठाना पड़ा। उन्हें टाटाइन के शेयर कमजोर होने से करीब 800 करोड़ रुपये का नुकसान हुआ। सोमवार के कारोबारी सत्र के दौरान टाइटन के शेयर 3,352.25 के अपने निचले स्तर पर पहुंचने के बाद 3281.65 रुपये पर बंद हुए।

# देश की अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर, इंडिया रेटिंग ने बढ़ाया जीडीपी ग्रोथ रेट का अनुमान

**मुंबई एजेंसी।** भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए अच्छी खबर है। दरअसल, भारत की अर्थव्यवस्था का लोहा रेटिंग एजेंसियां भी मान रही हैं। डोमेस्टिक रेटिंग एजेंसी इंडिया रेटिंग्स एंड रिसर्च ने वित्त वर्ष 2024-25 के लिए देश की जीडीपी की ग्रोथ रेट के अनुमान को 6.5 फीसदी से बढ़ाकर 7.1 फीसदी कर दिया है। यह अनुमान रिजर्व बैंक के 7 फीसदी के अनुमान से थोड़ा ज्यादा है। डोमेस्टिक रेटिंग एजेंसी ने बयान में कहा कि सरकारी कैपेक्स बने रहने, कॉरपोरेट और बैंकिंग सेक्टर के बैलेंस शीट में कर्ज की कमी और आरंभिक प्राइवेट कॉरपोरेट कैपेक्स से मिले मजबूत सपोर्ट ने उसे ग्रोथ अनुमान में संशोधन करने के लिए मजबूर किया है।




### क्या है बदलाव करने की वजह

इसके साथ ही रेटिंग एजेंसी ने कहा कि कंजप्शन डिमांड का व्यापक बेस नहीं होना और ग्लोबल लेवल पर सुस्त वृद्धि के कारण निर्यात में आने वाली बाधाएं भारत की जीडीपी वृद्धि को सीमित कर सकती है। एजेंसी ने उम्मीद जताई कि प्राइवेट फाइनल कंजप्शन एक्सपेंडिचर में वृद्धि वित्त वर्ष 2024-25 में बढ़कर 7 फीसदी हो जाएगी, जो वित्त वर्ष 2023-24 में 3 फीसदी थी। यह 3 साल का उच्चतम स्तर होगा।

### कमजोर बनी हुई है रूरल कंजप्शन

इस रिपोर्ट में मौजूदा कंजप्शन डिमांड को अत्यधिक विषम बताते हुए कहा गया है कि यह उच्च आय वर्ग से संबंधित परिवारों द्वारा बड़े पैमाने पर कंज्यूम्ड की जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं से प्रेरित है जबकि रूरल कंजप्शन कमजोर बनी हुई है। इंडिया रेटिंग्स ने कहा कि सामान्य से बेहतर मानसून रहने से गेहूं की सरकारी खरीद के चालू वित्त वर्ष में 3.7 करोड़ टन रहने पर कंजप्शन बढ़ सकती है। पिछले वित्त वर्ष में गेहूं की खरीद 2.6 करोड़ टन रही थी।

## विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ 9 मई 2024 को बंद होगा

विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड का आईपीओ 6 मई, 2024 को खुलेगा। मुंबई, एजेंसी। विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड की शुरुआत पहले विंसॉल इंजीनियर्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम से जामनगर में हुई थी। बाद में 21 दिसंबर, 2023 को कंपनी का नाम बदलकर विंसॉल इंजीनियर्स लिमिटेड कर दिया गया। जामनगर स्थित विंसोल इंजीनियर्स लिमिटेड एक एकीकृत इंजीनियरिंग, खरीद, निर्माण और कमीशनिंग कंपनी है जो पवन और सौर ऊर्जा उत्पादन कंपनियों के लिए बैलेंस ऑफ प्लांट (बीओपी) समाधान प्रदान करती है। बीओपी सॉल्यूशंस के लिए कंपनी की मुख्य सेवाओं में नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग में अपने ग्राहकों के साथ फाउंडेशन कार्य, सबस्टेशन सिविल और इलेक्ट्रिकल कार्य, राइट-ऑफ-वे सेवा, सबस्टेशन और ग्रिड केबलिंग और विविध कार्य शामिल हैं।

## मैक्रोटेक डेवलपर्स चालू वित्त वर्ष में 17 आवासीय परियोजनाएं करेगी पेश

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मैक्रोटेक डेवलपर्स चालू वित्त वर्ष 2024-25 में 17 आवासीय परियोजनाएं शुरू करेगी, जिनकी राजस्व क्षमता 12,000 करोड़ रुपए होगी। इससे कंपनी की बिक्री बुकिंग को बढ़ावा मिलेगा, जो 2023-24 में मजबूत मांग के दम पर रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई थी। निवेशकों के अनुसार, लोढ़ा ब्रांड के तहत अपनी संपत्तियों का विपणन करने वाली मैक्रोटेक डेवलपर्स 2024-25 में मुंबई महानगर क्षेत्र (एमएमआर), पुणे तथा बेंगलुरु में 10 नई परियोजनाएं और मौजूदा आवासीय परियोजनाओं में सात नए चरण शुरू करेगा। पेश किए जाने वाले कुल क्षेत्रफल का अनुमान 1.01 करोड़ वर्ग फुट है, जिसका अनुमानित सकल विकास मूल्य (जीडीवी) 12,100 करोड़ रुपए है। हालांकि, कंपनी ने कहा कि इस वित्त वर्ष में पेश होने वाली परियोजनाओं के लिए मार्गदर्शन बढ़ सकता है, क्योंकि वह अधिक भूमि अधिग्रहण कर सकती है और इसी वित्त वर्ष में पेश करने में सक्षम हो सकती है। भारत के अग्रणी रियल एस्टेट डेवलपर्स में से एक मैक्रोटेक डेवलपर्स ने चालू वित्त वर्ष में 17,500 करोड़ रुपए मूल्य की संपत्ति बेचने का लक्ष्य रखा है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। इसने अपनी बिक्री बुकिंग (जिसे प्री-सेल्स भी कहा जाता है) में 20 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जो पिछले वित्त वर्ष में रिकॉर्ड 14,520 करोड़ रुपए हो गई जो 2022-23 में 12,060 करोड़ रुपए थी।




मैक्रोटेक डेवलपर्स के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी अभिषेक लोढ़ा ने कहा कि कंपनी ने 2024-25 में 10,000 से अधिक अपार्टमेंट वितरित करने का लक्ष्य रखा है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह आंकड़ा करीब 8,200 इकाई था। उन्होंने इस बात पर प्रकाश डाला कि कंपनी ने मजबूत आवासीय मांग के बीच पूर्व-बिक्री, नई भूमि अधिग्रहण और त्रृण में कमी से संबंधित 2023-24 के अपने सभी प्रमुख लक्ष्यों को हासिल कर लिया है।

## वैश्विक व्यापार मेलों में भागीदारी, नए देशों से संपर्क से परिधान निर्यात को बढ़ावा मिलेगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने मंगलवार को कहा कि वैश्विक व्यापार मेलों में भागीदारी और पोलैंड, मैक्सिको तथा ब्राजील जैसे नए देशों में मांग का दोहन करने जैसे कदमों से भारत से परिधान निर्यात बढ़ाने में मदद मिलेगी। ये उपाय उस विस्तृत रणनीति का हिस्सा हैं जिस पर परिषद निर्यात को बढ़ावा देने के लिए काम कर रही है। परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) ने 2030 तक निर्यात को 40 अरब अमेरिकी डॉलर तक ले जाने का लक्ष्य रखा है। एईपीसी के चेयरमैन सुधीर सेखरी ने कहा, ''हम चालू वित्त वर्ष में सभी महाद्वीपों में 17 अंतरराष्ट्रीय मेलों में हिस्सा लेने की योजना बना रहे हैं। इस वर्ष हम जिन नए गंतव्यों को लक्ष्य कर रहे हैं, उनमें अमेरिका, ब्रिटेन तथा यूरोपीय संघ जैसे पारंपरिक बड़े देशों के अलावा सऊदी अरब, पोलैंड, मैक्सिको, ब्राजील, दक्षिण अफ्रीका और रूस शामिल हैं। उन्होंने कहा कि फरवरी 2024 में 'भारत टेक्स (केंद्र सरकार और परिधान उद्योग के बीच एक अनूठा सहयोग) के पहले संस्करण की सफलता के बाद अगले साल की शुरुआत में दूसरे संस्करण के जरिए दुनिया भर के खरीदारों तक पहुंच बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। एईपीसी ने तीन मई को यहां एनसीआर स्थित प्रमुख खरीद एजेंसियों, विदेशी खुदरा विक्रेताओं के संपर्क कार्यालयों के प्रतिनिधियों के साथ एक गोलमेज सम्मेलन आयोजित किया। कपड़ा मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारियों, अतिरिक्त सचिव रोहित कंसल और व्यापार सलाहकार शुभ्रा ने अपने इसमें विचार साझा किए। बैठक में 2030 तक 40 अरब अमरीकी डॉलर के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए ब्रांडों और खरीद घरानों के साथ अधिक से अधिक जुड़ाव की आवश्यकता पर जोर दिया गया।




## सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर में फ्री सर्टिफाइड सोना मसूरी पैडी (धान) सीड्स डिस्ट्रिब्यूशन इनिशिएटिव लॉन्च की

**जम्मू, एजेंसी।** सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड ने एक अग्रणी पहल की घोषणा की है जिसका उद्देश्य जम्मू और कश्मीर केंद्र शासित प्रदेश में सर्टिफाइड सोना मसूरी धान के बीजों के मुफ्त वितरण के द्वारा किसानों को सपोर्ट करना है, जो क्षेत्र में किसानों के बीच अपनी हाई क्वॉलिटी और उपज क्षमता के लिए जाने जाते हैं। सर्वेश्वर का लक्ष्य एक्सपोर्ट-ओरिएंटेड चावल की किस्मों के बीज उपलब्ध करवाकर कृषक समुदाय को सशक्त बनाना है। इस कार्यक्रम के तहत सर्वेश्वर खरीद सुविधा केन्द्र में सोना मसूरी धान के सर्टिफाइड सीड्स का निःशुल्क वितरण किया जायेगा। यह इनिशिएटिव स्थानीय कृषक समुदायों को मज़बूत बनाने और क्षेत्र में एग्रीकल्चरल डेवलपमेंट को बढ़ावा देने के लिए सर्वेश्वर फूड्स के समर्पण को दर्शाती है।

जम्मू और कश्मीर में किसानों के सामने आने वाले इकनॉमिक चैलन्जेस के मद्देनजर, सर्वेश्वर फूड्स लिमिटेड के अध्यक्ष श्री रोहित गुप्ता ने एक कम्पैशनट इनिशिएटिव की घोषणा की है। एग्रीकल्चरल स्पेशलिस्ट टीम की देख-रेख में सर्वेश्वर ने निःशुल्क धान बीज वितरण का संकल्प लिया है। यह वितरण विशेष रूप से जम्मू के गैर-बासमती उत्पादक क्षेत्रों को टार्गेट करेगा। इस कार्यक्रम का प्राथमिक उद्देश्य राज्य में किसानों के कल्याण और हितों को प्राथमिकता देते हुए उन्हें समर्थन देना है। सोना मसूरी चावल मध्यम अनाज वाले चावल की एक किस्म है जो मुख्य रूप से दक्षिणी भारत में उगाया जाता है। सोना मसूरी चावल के यूनिक फीचर्स में से एक इसकी फ्लेवर्स और स्पाइसेस को आसानी से एब्जॉर्ब (अवशोषित) करने की क्षमता है, जो इसे विभिन्न प्रकार के भारतीय व्यंजन तैयार करने के लिए एक आइडियल इनग्रेडिएंट बनाती है। इसके अतिरिक्त, चावल की अन्य किस्मों की तुलना में इसका ग्लाइसेमिक इंडेक्स कम होता है

# एनर्जी मिशन मशीनरीज की पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ जुटाने की योजना; आईपीओ 9 मई को खुलेगा

**कंपनी रू. 131 से रु. 138 प्रति शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयर जारी करेगी; शेयर एनएसई के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर लिस्ट होंगे**

**अहमदाबाद , एजेंसी।** शीट मेटल मशीनरी की विविध रेंज के डिजाइन और निर्माण में अहमदाबाद स्थित अग्रणी कंपनी एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) लिमिटेड अपने एसएमई पब्लिक इश्यू से रु. 41.15 करोड़ तक जुटाने की योजना बना रही है। कंपनी को नेशनल स्टॉक एक्सचेंज के एनएसई इमर्ज प्लेटफॉर्म पर अपना पब्लिक इश्यू लॉन्च करने की मंजूरी मिल गई है। पब्लिक इश्यू 9 मई को सब्स्क्रीप्शन के लिए खुला है और 13 मई को बंद होगा। पब्लिक इश्यू की आय का उपयोग कंपनी की विस्तार योजनाओं को फंड देने के लिए किया जाएगा, जिसमें गुजरात के साणंद में मौजूदा मेन्युफेक्चरिंग यूनिट में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क, नए प्लान्ट और मशीनरी, कार्यशील पूंजी की आवश्यकताएं और सामान्य कॉर्पोरेट उद्देश्य को पूरा करना शामिल है। हेम सिक्योरिटीज लिमिटेड इस इश्यू की बुक रनिंग लीड मैनेजर है।

आईपीओ में पब्लिक इश्यू के लिए रु. 131 से रु. 138 प्रति इक्विटी शेयर के प्राइज बैंड में रु. 10 अंकित मूल्य के 29.82 लाख इक्विटी शेयरों का एक फ्रेश इश्यू शामिल है। रु. 41.15 करोड़ की इश्यू आय में से कंपनी की योजना रु. 6.86 करोड़ का उपयोग गुजरात के अहमदाबाद जिले के साणंद में स्थित मौजूदा विनिर्माण इकाई में सिविल कन्स्ट्रक्शन वर्क के लिए, रु. 7.43 करोड़ नए प्लान्ट और मशीनरी की स्थापना के लिए, रु. 15 करोड़ कार्यशील पूंजी की जरूरते के लिए करने की है। एप्लिकेशन के लिए न्यूनतम लॉट साइज 1000 शेयर है जो प्रति एप्लिकेशन रु. 1.38 लाख के निवेश के बराबर है। आईपीओ के लिए रिटेल निवेशक कोटा नेट ऑफर के 35 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है, एचएनआई क्वोटा ऑफर के 15 प्रतिशत से कम नहीं रखा गया है और क्यूआईबी हिस्सा नेट ऑफर के 50 प्रतिशत से अधिक नहीं रखा गया है। मार्केट मेकर का हिस्सा 1.50 लाख इक्विटी शेयर रखा गया है। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) सीएनसी, एनसी और कन्वेन्शनल मेटल फोर्मिंग मशीनों का डिजाइन और निर्माण करती है जो औद्योगिक क्षेत्र की मेटल फेब्रिकेशन सॉल्युशन्स की आवश्यकता को पूरा करती हैं। कंपनी की मेटल फोर्मिंग मशीनों की श्रृंखला में प्रेस ब्रेक मशीन, शियरिंग मशीन, प्लेट रोलिंग मशीन, आयरनवर्कर मशीन, हाइड्रोलिक प्रेस और बसबार बेंडिंग, कटिंग और पंचिंग मशीनें शामिल हैं। कंपनी की मशीनें विभिन्न उद्योगों में उपयोग की जाती हैं, जिनमें ऑटोमोटिव, स्टील, प्री-इंजीनियर्ड इमारतें, फर्नीचर, एचवीएसी, कृषि उपकरण, सड़क निर्माण उपकरण, लिफ्ट, फूड प्रोसेसिंग मशीनरी, मेटल वर्किंग वर्कशोप्स आदि शामिल हैं। एनर्जी मिशन मशीनरीज (इंडिया) ने भारत में 20 से अधिक राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों में ग्राहकों को अपनी प्रोडक्ट्स बेची हैं। इसके अतिरिक्त, कंपनी ने अमेरिका, स्विट्जरलैंड, रूस, नेपाल, केन्या, युगांडा, संयुक्त अरब अमीरात, सऊदी अरब और मध्य पूर्व के अन्य देशों सहित दुनिया भर के कई देशों में अपनी प्रोडक्ट्स का निर्यात किया है।




# एक्सालियॉन एक्टिव की शक्ति से लैस एफिकॉन बीएएसएफ भारतीय किसानों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को दोहराता है

**सागर ।** छेदकर रस चूसने वाले कीट भारत में कृषि फसलों के लिए बड़ा संकट पैदा करते हैं, जिससे उत्पादकता और फसलोपज में 35 से 40प्रतिशत तक भारी नुकसान पहुँचता है. अब भारतीय किसान आज लॉन्च किए गए बीएएसएफ के नए कीटनाशक एफिकॉन की सहायता से इस मुश्किल भरी चुनौती पर काबू पा सकते हैं. एफिकॉन एक विशेष फॉर्मूलेशन में बीएएसएफ के नए एक्टिव इंग्रीडिएंट एक्सालियॉन की शक्ति से लैस है। अनूठी क्रियाविधि रखने वाला एफिकॉन कीटनाशक नए आईआरएसी समूह 36 के तहत बाजार में पेश किए गए उन पहले कंपाउंड्स में से एक है, जो पूरी तरह से कीटनाशकों की एक नई श्रेणी (समूह 36-पायरिडाजाइन) का प्रतिनिधित्व करता है, जिसका बाजार में मौजूदा उत्पादों के साथ कोई ज्ञात क्रॉस-रेजिस्टेंस नहीं है, जिससे यह एक श्रेष्ठतर कीटनाशक प्रतिरोध प्रबंधन का साधन बन जाता है। पहली बार 2023 में ऑस्ट्रेलिया में एफिकॉन कीटनाशक लॉन्च किया गया था. भारत दुनिया के उन कुछ देशों में से एक है, जहाँ इतनी जल्दी यह नई केमिस्ट्री उपलब्ध होने जा रही है, जिससे किसानों को मुश्किल चुनौती पेश करने वाले रस चूसने वाले कीटों पर काबू पाने में मदद मिलेगी। एशिया पैसिफिकस्ट्रेटजी के अनुरूप, बीएएसएफ खास तौर से स्थानीय बाजार की जरूरतों के लिए समाधान विकसित कर रहा है. बीएएसएफ एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस, एशिया पैसिफिककी सीनियरवाईसप्रेसिडेन्टसिमोन बर्ग ने कहा बीएएसएफ में, हम जो कुछ भी करते हैं वह कृषिकार्य के प्रति लगाव के चलते करते हैं. हम किसानों की जरूरतों को समझने के लिए किसानों की आवाज़ सुनकर काम करने के प्रति समर्पित हैं, जिससे कि फसलों को कीटों से बचाने और उत्पादकता बढ़ाने की मुश्किल चुनौती का सफलतापूर्वक सामना करने में उनकी मदद करने के लिए हम अपनी विशेषज्ञता का प्रयोग कर धरती पर सबसे बड़े काम में सहायता प्रदान कर सकें। एफिकॉन कीटनाशक की एक महत्वपूर्ण खूबी इसकी अनूठी क्रियाविधि है. यह चेपा, फुदका और सफेद मक्खियों जैसे कीटों के जीवनकाल की कई अवस्थाओं पर अत्यधिक असरदार है. प्रयोग किए जाने पर, एफिकॉन से तुरंत कीटों द्वारा भक्षण कर पौधों को चोट पहुँचाना रूक जाता है. यह अपने प्रणालीगत गुणों के कारण लंबे समय तक चलने वाला अवशिष्ट नियंत्रण प्रदान करता है। अपने प्रणालीगत गुणों के चलते, एफिकॉन नई फसल की बढ़वार के लिए भी लंबे समय तक चलने वाला अवशिष्ट नियंत्रण प्रदान करता है. बीएएसएफ इंडिया के एग्रीकल्चरल सॉल्यूशंस के बिजनेस डायरेक्टर गिरिधर रानुवा ने कहा यह नवाचार दुनिया भर में विभिन्न प्रकार के रस चूसने वाले कीटों को काबू में लाने में किसानों की मदद करने की बीएएसएफ की प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है. एफिकॉन से भारतीय किसानों को कपास और सब्जियों जैसी विभिन्न प्रकार की फसलों में कीटों पर असरदार नियंत्रण पाने और लंबी अवधि की सुरक्षा में मदद मिलेगी. लेबल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार प्रयोग किए जाने पर एफिकॉन परागणकों सहित गैर-लक्षित सजीवों और लाभकारी कीड़ों के लिए भी अत्यधिक अनुकूल है। एफिकॉन की सहायता से यह उपलब्धि ऐसा कीटनाशक पोर्टफोलियो विकसित करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप है, जिससे दुनिया भर के किसानों को मदद मिलेगी.




## रैपिडो और मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय की पहल मतदाताओं को प्रदान करेगी परिवहन सेवाएं

**आम चुनाव 2024 के दौरान भोपाल में मतदाताओं के लिए लाए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड्स और रैली का किया आयोजन**

**भोपाल।** देश के लोकतांत्रिक ढांचे को सशक्त बनाने की प्रतिबद्धता के साथ भारत के प्रमुख कम्यूट ऐप रैपिडो ने राष्ट्र के प्रति अपना कर्तव्य निभाते हुए 'सवारी जिम्मेदारी की' पहल का लॉन्च किया है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचय कार्यालय के सहयोग से रैपिडो 7 मई 2024 को भोपाल के मतदाताओं के लिए मुफ्त बाईक टैक्सी राईड उपलब्ध कराएगी। इसके अलावा रैपिडो ने शहर के निवासियों को मतदान के महत्व पर जागरुक बनाने के लिए शहर प्रशासन के साथ साझेदारी भी की है।




100 बाईक टैक्सी कैप्टन्स के साथ इस रैली को प्लेटिनम प्लाज़ा अटल पथ, भोपाल से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर श्री अनुपम राजन, मुख्य निर्वाचन अधिकारी, मध्य प्रदेश, श्री कौशलेन्द्र विक्रम सिंह, आईएएस, कलेक्टर एवं ज़िला मजिस्ट्रेट, भोपाल और श्री रितेश शर्मा, असिस्टेन्ट नोडल ऑफिसर, एसवीईईवी, भोपाल मौजूद रहे, और नागरिकों को मतदान के लिए प्रोत्साहित किया। चुनाव के दिन मतदाता रैपिडो ऐप पर कोड 'ङ्खह्रञ्जश्वहह्लङ्क' का उपयोग कर मुफ्त राईड पा सकते हैं और अपने लोकतांत्रिक अधिकार का उपयोग कर सकते हैं। नागरिकों के मतदान के अधिकार को बढ़ावा देना तथा चुनाव प्रक्रिया को अधिक समावेशी बनाना इस पहल का मुख्य उद्देश्य है। ये प्रयास रैपिडो के राष्ट्व्यापी अभियान के अनुरूप हैं, जिसके तहत 100 से अधिक शहरों में चुनाव के दिन मुफ्त राईड उपलब्ध कराने के लिए 10 लाख से अधिक कैप्टन्स को लगाया गया है। मध्य प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय के साथ रैपिडो की साझेदारी ऐसा ब्राण्ड बनने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है जो बेहतर समाज के निर्माण में सकारात्मक योगदान दे सके।

## खबर संक्षेप

### आज भारत के प्रधानमंत्री ने रोक रखा है तीसरा विश्व युद्ध

**मंडी।** बॉलीवुड अभिनेत्री और हिमाचल प्रदेश के मंडी सीट से बीजेपी प्रत्याशी कंगना रनौत का एक बयान वायरल हो रहा है। इसमें कंगना कहते हुए दिख रही है कि आज पीएम नरेंद्र मोदी ने तीसरे विश्व युद्ध होने से रोक रखा है। यह बयान कंगना ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए दिया था। कंगना ने कहा था कि आज रूस और यूक्रेन पीएम नरेंद्र मोदी की तरफ देखते हैं और उनका मार्गदर्शन भी चाहते हैं। यही कारण है आज तीसरा विश्वयुद्ध रुका हुआ है, क्योंकि मोदी खुद विश्व शांति के पक्षधर हैं। कंगना ने कहा कि नरेंद्र मोदी दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता हैं। आज हमें इस बात पर गर्व होना चाहिए कि हम उस पार्टी से ताल्लुक रखते हैं, जो विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है और हमारे पास नरेंद्र मोदी जैसा सक्षम नेतृत्व है। बता दें कि इससे पहले भी कंगना के कई ऐसे बयान दिए हैं जो सोशल मीडिया पर वायरल हुए हैं जिसमें उन्होंने कभी पीएम मोदी को भगवान राम का अवतार बताया तो कभी भगवान विष्णु का। जारी वायरल वीडियो 3 मई 2024 का है और यह बयान सुंदरनगर विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले चौकी गांव में एक जनसभा को संबोधित करते हुए दिया गया था।

### सलमान खान के घर फायरिंग मामले में हुआ नया खुलासा

**मुंबई।** बॉलीवुड एक्टर सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग करने के मामले में मुंबई क्राइम ब्रांच ने एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। मुंबई क्राइम ब्रांच ने इस मामले में पांचवें आरोपी को राजस्थान से गिरफ्तार किया है, जिसका नाम मोहम्मद चौधरी है। टीम ने बताया कि चौधरी ने दोनों शूटरों सागर पाल और विक्की गुप्ता को रुपया पहुंचाने और रेकी करने में मदद की थी। चौधरी को आज मुंबई लाया जा रहा है, जहां उसे कोर्ट में पेश किया जाएगा और हिरासत की मांग की जाएगी।बता दें कि इससे पहले सलमान खान के घर फायरिंग करने वाले एक आरोपी ने पुलिस कस्टडी में आत्महत्या कर ली थी। आरोपी अनुज थापन के परिवार ने उसकी मौत की जांच सीबीआई से कराने की मांग करते हुए बंबई हाईकोर्ट का रुख किया था। पुलिस का दावा है कि अनुज थापन ने हवालात में आत्महत्या की जबकि उसकी मां रीता देवी ने हाईकोर्ट में दायर याचिका में आरोप लगाया कि उसके बेटे की हत्या की गई है।

### 4 जून को पूर्व पीएम हो जाएंगे मोदीः जयराम रमेश

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 100 दिवसीय प्लान पर कांग्रेस महासचिव संचार प्रभारी जयराम रमेश का दावा है, वह 4 जून को पूर्व पीएम बन जाएंगे। उन्हें जनादेश नहीं मिलने वाला है। वे यह जानते हैं कि सब दिखावा है। वे बड़े बड़े दावे करते हैं। सच्चाई यही है कि वह 4 जून के बाद आराम से बैठ सकते हैं, क्योंकि उन्हें बाहर कर दिया जाएगा, उन्हें जनादेश नहीं मिलने वाला है। वह यह जानते हैं। यह सब सिर्फ दिखावा है। वह बड़े-बड़े दावे करते हैं।। सच्चाई यह है कि वह 4 जून के बाद आराम से बैठ सकते हैं क्योंकि वह अब पीएम नहीं रहेंगे। उत्तर प्रदेश के सैफई में अखिलेश यादव और डिंपल यादव ने वोट डालने के बाद सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा, बीजेपी की बहुत बुरी हार होने वाली है क्योंकि किसान, युवा, व्यापारी, हर वर्ग के लोग उनसे परेशान हैं।



दक्षिण अफ्रीका में एक इमारत गिरने से कई कामगार उसमें दब गये।

## ब्रिटेन, कनाडा सहित कई देशों ने शपथ ग्रहण का किया बहिष्कार

# व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार ली राष्ट्रपति पद की शपथ

### अमेरिका और कई यूरोपीय संघ के राज्यों ने बनाई दूरी

**एजेंसी ■ रायटर्स, मॉस्को**

व्लादिमीर पुतिन ने 5वीं बार रूस के राष्ट्रपति बन गए हैं। राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने मंगलवार को क्रेमलिन समारोह में छह साल के नए कार्यकाल के लिए शपथ ली। इस शपथ समारोह का यूक्रेन में रूस के युद्ध के कारण संयुक्त राज्य अमेरिका और कई अन्य पश्चिमी देशों ने बहिष्कार किया।

मॉस्को के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में पुतिन ने 33 शब्दों में शपथ ली। यह वही जगह है, जहां रूस के जार परिवार के 3 राजाओं (एलेक्जेंडर 2, एलेक्जेंडर 3 और निकोलस 2) की ताजपोशी हुई थी। पुतिन ने इससे पहले साल 2000 में पहली बार राष्ट्रपति पद की शपथ ली थी। इसके बाद से 2004, 2012 और 2018 में भी वे राष्ट्रपति बन चुके हैं। 1999 से राष्ट्रपति और प्रधानमंत्री के रूप में पुतिन सत्ता में बने रहे। यूक्रेन में हजारों सैनिकों को भेजने के दो साल से अधिक समय बाद अपना नया कार्यकाल शुरू कर रहे हैं।



### क़रीब 25 साल का शासन

फियोना हिल व्हाइट हाउस की पूर्व राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार हैं। वो कहती हैं, पुतिन अब खुद को महान मानने लगे हैं, एक रूसी सम्राट की तरह। उन्होंने कहा, अगर हम पुतिन के पहले दो कार्यकाल को देखें तो मुझे लगता है कि हम उनके पक्ष में आकलन कर पाएंगे। उन्होंने राजनीतिक तौर पर रूस को स्थिरता दी और उसे फिर से संपन्न देश बनाया। रूस की अर्थव्यवस्था और पूरी प्रणाली, किसी भी पिछली सरकार की तुलना में बेहतर प्रदर्शन कर रही थी। यूक्रेन में जंग, 10 साल पहले क्राइमिया पर कब्ज़ा करने से ये विकास का चक्र नाटकीय तरीके से बदला। अब पुतिन ने खुद को प्रगतिवादी शासक की बजाय एक साम्राज्यवादी नेता में बदल लिया। यहां ये ध्यान देना ज़रूरी है कि जब से व्लादिमीर पुतिन पहली बार सत्ता में आए, तब से अमेरिका ने पाँच अलग-अलग राष्ट्रपति और ब्रिटेन ने सात प्रधानमंत्री देखे हैं। रूस पर करीब 25 साल तक शासन के बाद पुतिन ने निश्चित तौर पर अपनी छाप छोड़ी है। अतीत में, लोग बमुश्किल ब्रेजने़विज़्म, गोर्बाचेविज़्म या येल्तिसिनिज़्म के बारे में बात करते थे। लेकिन अब पुतिनवाद अहम है। कार्नेगी यूरेशिया रशिया सेंटर के सीनियर फेलो आंद्रे कोलेसनिकोव कहते हैं, हमारे पास इतिहास में एक और वाद है- स्टालिनवाद। मैं कहना चाहूंगा कि पुतिनवाद स्टालिनवाद का ही एक और रूप है। वह स्टालिन (सोवियत के पूर्व शासक) की तरह ही बर्ताव करते हैं। स्टालिन के समय की तरह ही इन्होंने भी अपने पास सारी शक्तियां रखी हैं। वह राजनीतिक दमन को प्राथमिकता देते हैं और स्टालिन की तरह ही वह अपनी आखरी़ सांस तक खुद को सत्ता में बनाए रखना चाहते हैं। पश्चिमी देशों के लिए चुनौती ये है कि वे लगातार निरंकुश हो रहे रूसी नेता से कैसे निपटे, जो रूस को वापस महान बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित है, जो आधुनिक समय का ऐसा सम्राट है, जिसके पास परमाणु हथियार हैं। फियो़ना हिल का मानना है, परमाणु हथियार के मामले में हम बहुत कुछ कर सकते हैं। जब रूस ने यूक्रेन में परमाणु हथियार इस्तेमाल करने की धमकी दी तब चीन, भारत, जापान जैसे देश असाधारण रूप से घबरा गए थे। हम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर एक फ्रे़मवर्क बनाकर रूस को रोक सकते हैं, जिससे इस तरह से परमाणु हथियारों के इस्तेमाल से जुड़ी अटकलबाज़ी बंद हो। ये ऐसा ढांचा होगा जिसमें व्लादिमीर पुतिन जैसे कई मायनों में गैर-ईमानदार नेता से निपटने का तरीका हो। हमें और प्रतिबंधों वाला माहौल बनाना होगा, जहां ऐसे किसी काम की मंजूरी न हो, जैसा वह (पुतिन) करने का इरादा रखते हैं। आधिकारिक तौर पर व्लादिमीर पुतिन ने इस साल मार्च में हुए राष्ट्रपति चुनावों में 87 फ़ीसदी से अधिक वोट हासिल किए।

## शांति प्रस्ताव पर राजी होने के बाद भी इजराइल ने कर दिया हमला?

**एजेंसी ■ गाजा**

इजराइल हमास को खत्म करने के लिए कुछ भी कर रहा है। शांति प्रस्ताव स्वीकारने के बाद भी हमला कर देता है। बीते सोमवार को भी संघर्ष विराम का प्रस्ताव मान लिया था इसके बाद भी राफा पर हमला बोल दिया। हमास की ओर से कहा गया कि अब उसको इजराइल के जवाब का इंतजार है। हमास के ऐलान के बाद सबको लग रहा था कि अब गाजा में खून-खराबा बंद हो जाएगा लेकिन हुआ इसका उल्टा। शांति की जगह इजराइल ने राफा में हमले कर डाले।

दरअसल, हमास ने प्रस्ताव तो मान लिया है लेकिन इजराइल इससे सहमत नहीं है। इजराइल की ओर से कहा गया है कि हमास ने जिस प्रस्ताव पर रजामंदी जताई है, वे 'नरम' प्रस्ताव है यानी हमास का मकसद अंतरराष्ट्रीय समुदाय को ये दिखाना कि उसने संघर्ष विराम प्रस्ताव को मान लिया है।

संघर्ष विराम को लेकर इजराइल द्वारा रखे गए प्रस्ताव में बंधकों रिहाई के साथ फिलिस्तीनी कैदियों को छोड़ना, गाजा में मानवीय मदद पहुंचाना और अपने सैनिको को सऊथ गाजा और सेंट्रल गाजा से पीछे हटाना शामिल था। इसमे पूर्ण संघर्ष विराम और इजराइल सैनिकों के पूरी तरह गाजा से वापसी न शामिल होने पर कई फिलिस्तीन समर्थकों ने इस प्रस्ताव पर आपत्ति जताई थी। सूत्रों के हवाले से बताया कि मध्यस्थता ने हमास के द्वारा स्वाकार किए गए प्रस्ताव की बाधाओं पर फिर चर्चा शुरू की है, जिनपर इजराइल राजी नहीं है। कतर के विदेश मंत्रालय ने एलान किया कि वे एक डेलिगेशन को मिस्र की राजधानी कायरो भेज रहे हैं। इजराइल की ओर से भी अधिकारी कायरो जा रहे हैं। लेकिन साथ ही उन्होंने राफा में अपने हमले जारी रखने के संकेत दिए हैं।

इजराइल ने राफा के रास्ते में रहने वाली करीब एक लाख आबादी को रास्ता खाली करने के लिए कहा है। खबरों के मुताबिक सोमवार रात राफा पर गनफायर और हवाई स्ट्राइक भी की गई हैं। राफा गाजा की सबसे घनी आबादी वाला क्षेत्र है। राफा में सोमवार को हुई स्ट्राइक में करीब 5 लोगों के मरने की खबर है। हमास को उसके 'आखरी ठिकाने' में हराने के लिए इजराइल ने राफा पर इंवेजन जारी रखने की प्रतिबद्धता दिखाई है। जिसपर अमेरिका ने इजराइल को चेतावनी दी है।

## पूर्वी राफा में हमास के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी में इजराइल

**तेलअवीव।** इजरायल फिर फिलिस्तीनी सरजमीं पर बड़ा हमला करने की तैयारी में है। इजरायली सेना ने फिलिस्तीनियों को चेतावनी जारी करते हुए कहा कि वे पूर्वी राफा को खाली करना शुरू कर दें। रिपोर्ट के मुताबिक इजरायली रक्षा बल द्वारा फिलिस्तीनियों को तट के पास इजरायल द्वारा घोषित मानवीय क्षेत्र मुवासी से दूर जाने के लिए कहा गया है।

आईडीएफ ने कहा कि उसने इलाके में सहायता का विस्तार किया है, जिसमें फील्ड अस्पताल, तंबू, भोजन और पानी शामिल हैं। आईडीएफ की घोषणा नाजुक संघर्षविराम वार्ता के बीच और एक बहुप्रतीक्षित जमीनी हमले से पहले आई है, जिसमें इजरायल ने कसम खाई है कि वह किसी समझौते या संघर्षविराम की परवाह किए बिना आगे बढ़ेगा। इसमें कहा गया है कि राफा ऑपरेशन का उद्देश्य हमास के बचे हुए आतंकवादियों को खत्म करना है। इसके लिए बाकायदा फूल, एसएमएस, फोन कॉल और मीडिया ब्राडकास्ट के जरिये संदेश दिए गए। फिलिस्तीनियों के लिए गिराए गए ये फूल दो तरीके के थे, एक लाल रंग और दूसरा नीला रंग का। लाल फूल राफा कैंप, ब्राजील कैंप और पास के अल-शबूरा और अल-ज़ोहोर में शेल्टर लेने वालों के लिए था।

## एस्ट्राजेनेका के साइड इफेक्ट के बीच कोरोना के नए वैरियट फ्लर्ट से जानकार चिंतित



**एजेंसी ■ वॉशिंगटन**

कोविड वैक्सीन एस्ट्राजेनेका के गंभीर साइड इफेक्ट से जुड़ी रिपोर्ट्स सामने आने के बाद लोगों में इस लेकर चिंता है। इन रिपोर्ट्स के बीच एक नए कोविड वेरिएंट की आमद ने चिंताएं बढ़ा दी हैं। खासतौर से अमेरिका में कोरोना के नए वेरिएंट के मामले तेजी से सामने आए हैं। इस नए वेरिएंट को फ्लर्ट नाम दिया है। फ्लर्ट वेरिएंट के बढ़े हुए मामलों ने हेल्थ एक्सपर्ट के सामने नई चुनौती पैदा कर दी है। जानकारी के मुताबिक अमेरिका में नया वेरिएंट तेजी से बढ़ रहा है और आशंका है कि दुनिया के दूसरे हिस्सों में भी फैल सकता है। ये नया वेरिएंट कितना खतरनाक हो सकता है, इस पर जानकार अभी ज्यादा कुछ नहीं कह रहे हैं। इस लेकर बढ़ी चिंताओं की बड़ी वजह ये है कि बूस्टर डोज लेने वालों को भी ये संक्रमित कर सकता है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन का कहना है कि विशेषज्ञ अभी भी यह समझने का प्रयास कर रहे हैं कि यह नया वेरिएंट कितना संक्रामक है। वैज्ञानिकों और स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, फ्लर्ट के लक्षण अन्य पिछले कोविड-19 वेरिएंट से बहुत अलग नहीं हैं। इस वेरिएंट से संक्रमित होने पर भी फ्लू जैसे लक्षण, शरीर में दर्द, गले में खराश, गंध और जायका खत्म होना और नाक बहना शामिल हैं। साथ ही बुखार, दस्त, उल्टी, खांसी, सांस फूलना और पाचन संबंधी समस्याएं भी हो सकती हैं। कोविड वेरिएंट फ्लर्ट से संक्रमित होने का खतरा उन लोगों को ज्यादा है, जो लंबे समय से संक्रमित नहीं हुए हैं। कोविड वेरिएंट फ्लर्ट की वजह से अभी तक बड़ी संख्या में लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ी है। इसकी लहर अभी सीमित है। इसके बावजूद जानकार एहतियाती कदम उठाने की बात कह रहे हैं ताकि संक्रमण के खतरे को कम किया जा सके। इसमें पूर्व की तरह की ही सावधानियां हैं।

गाजा में हमास के संघर्ष विराम प्रस्ताव से उत्साहित नजर आ रहे लोग।



### पुरातत्वविदों को खुदाई में मिला रहस्यमय पदाथ.....सोंने से कीमती

**लंदन।** इंग्लैंड में पुरातत्वविदों को खुदाई के दौरान रोमन कालीन रहस्यमय पदार्थ मिला है। शोधकर्ताओं ने दावा किया है कि इसकी कीमत इतिहास के उस दौर में सोने से अधिक कीमती होगा। शोधकर्ता इंग्लैंड के कार्लिस्ले में कैथेड्रल शहर में रोमन अवशेषों की जांच कर रहे थे, इसी दौरान उन्हें ये नरम बैगनी पदार्थ मिला था। ये पदार्थ साल 2023 में एक रोमन स्नानागार की खुदाई के दौरान मिला था। ये एक तीसरी सदी की इमारत थी। पुरात्वविदों ने बताया कि उन्होंने सामग्री का परीक्षण करने के लिए ब्रिटिश जियोलॉजिकल सोसायटी के साथ काम किया। विशेषज्ञों ने पदार्थ के बारे में आगे जांच की और पाया कि यह एक कार्बनिक द्रव्य है, जिसमें ब्रोमीन और मोम का स्तर होता है।

### परीक्षण उड़ान को तकनीकी समस्या आने से रद्द करना पड़ा

# सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा अंतिम समय में टली!

**एजेंसी ■ केप कनेवरल**

भारतीय मूल की अमेरिकी एस्ट्रोनॉट सुनीता विलियम्स की तीसरी अंतरिक्ष यात्रा आ?खिरी समय में टालनी पड़ी है। बताया जा रहा है ?कि वह बोइंग के नए स्टारलाइनर स्पेस कैप्सूल के साथ अंतरिक्ष में जाने वाले पहली चालक दल की हिस्सा थी। हालांकि इस परीक्षण उड़ान को तकनीकी समस्या की वजह से मंगलवार को रद्द करना पड़ा। रॉकेट के दूसरे चरण में एक वाल्व के साथ समस्या के कारण



स्थगन की घोषणा नासा के लाइव वेबकास्ट के दौरान की गई थी। बोइंग स्टारलाइनर को भारतीय समय के अनुसार सुबह 8.04 बजे फ्लोरिडा के केप कैनावेरल में कैनेडी स्पेस सेंटर से उड़ान भरने के लिए निर्धारित किया गया था। दो सदस्यीय दल- नासा के 61 वर्षीय अंतरिक्ष यात्री बैरी विल्मोर और 58 साल की सुनीता विलियम्स- को प्रक्षेपण गतिविधियों को सस्पेंड करने से लगभग एक घंटे पहले अंतरिक्ष यान में अपनी सीटों पर बांध दिया गया था। दूसरे लॉन्च प्रयास की प्रतीक्षा करने के लिए तकनीशियनों द्वारा कैप्सूल से उनकी सहायता की जाएगी। दोनों को फ्लोरिडा के केप कैनावेरल स्पेस फोर्स स्टेशन से यूनाइटेड लॉन्च एलायंस एटलस-वी रॉकेट के जरिये लॉन्च करना था, जिसकी लिफ्ट ऑफ मंगलवार को सुबह 8.04 बजे निर्धारित थी। विलियम्स, जो लगभग एक दशक से वाणिज्यिक चालक दल की उड़ान के लिए कतार में इंतजार कर रही थीं, को अंतरिक्ष यान विकास में उनके व्यापक अनुभव के कारण शुरुआत में वर्ष 2015 में यह अभियान सौंपा गया था। बाद में उन्हें 2022 में सीएफटी मिशन के लिए नियुक्त किया गया। मिशन के लिए अगली उपलब्ध लॉन्च विंडो मंगलवार रात है, लेकिन दूसरा लिफ्टऑफ़ प्रयास कब किया जाएगा, इसके बारे में तुरंत कोई निर्णय नहीं लिया गया। लगभग 10-दिवसीय मिशन के दौरान, विल्मोर और विलियम्स स्टारलाइनर की प्रणालियों और क्षमताओं का गहन परीक्षण करेंगे, जिससे अंतरिक्ष यान के लिए अंतरिक्ष स्टेशन के लिए परिचालन चालक दल की उड़ानें शुरू करने का मार्ग प्रशस्त होगा।

## इमरान की पार्टी के लोगों ने की बड़ी तैयारी कल मचेगा घमासान

**इस्लामाबाद।** इमरान खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीके इंसाफ की तरफ से अपने कार्यकर्ताओं के लिए एक दिशानिर्देश जारी किया गया है। पार्टी के महासचिव उमर अयूब खान की तरफ से जारी इस दिशानिर्देश में स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि पार्टी के संस्थापक अध्यक्ष इमरान खान की तरफ से आने वाली 9 मई के लिए प्लान जारी कर दिया गया है। इस प्लान के तहत पूरे देश में पार्टी के कार्यकर्ता उनके चुने हुए प्रतिनिधि पार्टी से टिकट पाए हुए लोग तथा तंजीम ऑफिस पूरे देश में रैली और जलसों का आयोजन करेंगे। इसके साथ ही पाकिस्तान और पार्टी के झंडे हर इमारत पर लगाए जाएंगे। इन रैलियों और जलसों के दौरान पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की फोटो भी प्ले कार्ड पर दर्शायी जाएगी, जिसमें उन्हें कैदी नंबर 804 के तौर पर दर्शाया जाएगा। दूसरी तरफ विपक्ष ने भी इस मामले में इमरान खान और उनके सहयोगियों का मजाक उड़ाता हुआ एक पोस्टर जारी किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### नगर विधानसभा भाजपा के बूथ सम्मेलन को देख लगा ' बम बम बोलेगा बलिया

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया। भारतीय जनता पार्टी नगर विधानसभा सभा का बूथ सम्मेलन बुधवार को आयोजित हुआ। बूथ अध्यक्षों के सम्मेलन में उपस्थित अध्यक्षों और कार्यकर्ताओं के उत्साह को देख लगा कि बलिया बम बम बोलेगा। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह की मौजूदगी रही। भारतीय जनता पार्टी लोकसभा क्षेत्र के बलिया नगर विधानसभा में बूथ अध्यक्ष सम्मेलन का आयोजन हुआ। हर बूथ से भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत से विजयी बनाकर के हर बूथ का योगदान विकसित भारत और विकसित बलिया बनाने का संकल्प लिया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने बूथ अध्यक्षों को संबोधित करते हुए भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चार सौ पार के नारे को पूरा करने की बात कही। नीरज शेखर की सौम्यता और प्रतिबद्धता बताते हुए कहा कि ऐतिहासिक जीत दर्ज कर हम कीर्तिमान स्थापित करेंगे। परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बूथ अध्यक्षों को कहा कि जैसे विधानसभा चुनाव में हम रणनीति के तहत सफलता मिली वैसे ही लोकसभा चुनाव में और कीर्तिमान स्थापित करना है। नीरज शेखर को विजयी बना हम सब विकसित भारत में विकसित बलिया को भी स्थापित करना है। बैठक में मार्कण्डेय शाही लोकसभा प्रभारी, राजीव मोहन चौधरी लोकसभा संयोजक, रंजीत राय प्रदेश उपाध्यक्ष भाजयुमो, सुनीता श्रीवास्तव क्षेत्रीय उपाध्यक्ष, जय प्रकाश साहू पूर्व जिलाध्यक्ष तथा समस्त पदाधिकारी, बूथ अध्यक्षगण तथा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार लल्लन सिंह यादव नौ मई को करेंगे नामांकन

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया। संसदीय निर्वाचन क्षेत्र 72 बलिया से बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार पूर्व सैनिक लल्लन सिंह यादव नौ मई को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। नामांकन जुलूस चितबड़ागांव मोड़ से निकलेगा। चितबड़ागांव मोड़ पर एकत्रित होकर बसपा कार्यकर्ता अपनी ताकत दिखाएंगे। बहुजन समाज



पार्टी के उम्मीदवार लल्लन सिंह यादव को बसपा सुप्रीमो पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने अपना उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार घोषित होने के बाद लल्लन सिंह यादव ने बलिया लोकसभा क्षेत्र को अपनी कर्मभूमि मानकर अभियान शुरु किया है। जनसंपर्क में लल्लन सिंह यादव सभी से कह रहे हैं मैं नेता बनने नहीं आया हूं मुझे आपका बेटा और भाई बनना है। नामांकन जुलूस में अपनी ताकत दिखा लल्लन सिंह यादव क्षेत्र में अपनी मौजूद मौजूदगी दर्ज कराएंगे। लल्लन सिंह यादव का ग्राफ लगातार चढ रहा है। लल्लन का ग्राफ चढना अन्य राजनीतिक दलों में चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं विपक्ष का कहना है कि मायावती भारतीय जनता पार्टी की एजेंट है इसका जीता जी प्रमाण राज्यसभा चुनाव या विधान परिषद चुनाव से देखा जा सकता है यह चुनाव जितवाने के लिए नहीं बल्कि भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी को जीतने के लिए हर जगह से बहुजन समाज पार्टी की मुखिया मायावती द्वारा प्रत्याशी उतारना प्रत्याशी बदलने का काम लगातार जारी है देखना है कि अब बहुजन समाज पार्टी की एक भी सीट उत्तर प्रदेश में मिल पाता है कि नहीं यह आने वाला परिणाम से ही पता चलेगा।

### बलिया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री सनातन पाण्डेय, सलेमपुर प्रत्याशी रमाशंकर राजभर 10 मई को करेंगे पर्चा दाखिला





बलिया। इण्डिया गठबंधन से 72 बलिया लोकसभा क्षेत्र के प्रत्याशी श्री सनातन पाण्डेय 10 मई शुक्रवार को अपना नामांकन दाखिल करेंगे। समाजवादी पार्टी बलिया के उपाध्यक्ष/प्रवक्ता सुशील कुमार पाण्डेय 'कान्हजी' ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि सनातन पाण्डेय 10 मई को प्रात :9.30 से सतीश चन्द्र कालेज के पास जापलीनगंज चौराहा से निकल कर दुर्गा मन्दिर,बालेश्वर मंदिर , ओकडेनगंज, बिशुनीपुर होते हुए समाजवादी पार्टी कार्यालय पर पहुंचेंगे तत्पश्चात नामांकन दाखिल करने जिलाधिकारी कार्यालय जाएंगे। कान्हजी ने बताया कि 10 मई को ही सलेमपुर लोकसभा क्षेत्र से गठबंधन उम्मीदवार रमाशंकर राजभर 9 बजे बेल्थरा रोड आवास से चलकर सिकंदरपुर और वहा से जी जी आई सी बलिया और वहा से जिला पार्टी कार्यालय पहुंच कर जिलाधिकारी कार्यालय में जाकर अपना नामांकन दाखिल करेंगे। इस दौरान गठबंधन में सम्मिलित सभी दलों के वरिष्ठ नेता, पदाधिकारी और कार्यकर्ता उपस्थित रहेगें!

### नुक्कड़ सभा से माध्यम से चला मतदाता जागरूकता अभियान

खण्ड विकास अधिकारी ने ग्रामीणों से की मतदान करने की अपील





मड़ावरा ।मड़ावरा के ग्राम सोंरई में खंड विकास अधिकारी मड़ावरा सौरभ वर्नवाल ने पंचायत भवन के पास नुक्कड सभा लगा कर लोगो को मतदाता जागरूक किया और जो मजदूर मजदूरी करने गए लोगो से दुरभाष के माध्यम सम्पर्क किया,और आग्रह किया कि 20 को मतदान है और अपने मत का प्रयोग जरूर करे, ग्राम प्रधान से कहा से कहा गया कि जो ग्रामीण मजदूरी करने बाहर गए उन ग्रामीणों परिजनों से संपर्क कर मतदान करने के लिए बुलाने प्रयास करें, वही खण्ड विकास अधिकारी ने स्वयं सहायता समूह के ब्लॉक बीएमएम राजबहादुर को निदेश दिए जिस में समूह की महिलाओं की बुलाउआ टीम बना कर लोगो को मतदान करने के लिए जागरूक करें, इस कार्यक्रम में सहायक विकास अधिकारी आई. एस. वी. अमित जैन,ग्राम पंचायत अधिकारी तुसार कटारिया, ग्राम प्रधान सोंरई भगवान दास रजक,सनत जैन, आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

# लोगों पर भारी पड़ रही डूडा विभाग की लापरवाही - आशियाना उजड़ने का सता रहा डर

**प्रधानमंत्री आवास योजना में हो रही धांधली - डूडा विभाग के अधिकारियों पर लग रहे गंभीर आरोप**

**महोबा।** यू पी के जनपद महोबा में प्रधानमंत्री आवास योजना में लापरवाही का आरोप काफी समय से लग रहे हैं डूडा विभाग के अधिकारी आवंटन में गड़बड़ी से इंकार करते हैं तो लाभार्थी गड़बड़ी के आरोप पर अड़े हुए है लाभार्थी बच्ची लाल ने बताया कि डीपीआर 1272 मे लाभार्थी का नाम स्वीकृत था और डूडा विभाग द्वारा उसे दो किस्ते भी प्रदान की गई जिससे उसने अपना मकान तैयार कर लिया था जब तीसरी किस्त के लिए लाभार्थी डूडा विभाग पहुंचता है तो उसका नाम डीपीआर से कटलमेंट कर दिया जाता है



### अंधेर - दो किस्त भेजने के बाद डूडा विभाग ने लाभार्थी को अपात्र घोषित किया..

बच्ची लाल नमक लाभार्थी ने डूडा विभाग पर धांधली का आरोप लगाते हुए बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास बनाने के लिए मुझे ढूंढा विभाग द्वारा दो किस्त यानि दो लाख रूपये की धन राशि मेरे बैंक खाते मे दीं गई थी जिसमें मैंने अपना मकान बनवाकर तैयार कर लिया है और अब मुझे डूडा विभाग सरकारी दस्तावेजों में अपात्र बनाकर मेरे मकान मे कुड़की का आदेश जारी कराने की बात कह रहा है जिसकी शिकायत मैंने शासन और प्रशासन को लिखित तौर में भी की है जिसका असर डूडा विभाग पर पड़ता नजर नहीं आ रहा वही डूडा विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों द्वारा तीसरी किस्त भेजनें की आख्या भी लगाई गई थी

### सरकारी दस्तावेजों में कई बार किया गया बदलाव

वही सरकारी दस्तावेजों को देखा जाए तो लाभार्थी को कई बार पत्र और कई बार अपात्र किया गया है सूत्रों का कहना है कि डूडा विभाग में रिश्वत के बिना कोई आवास आवंटन नहीं किए जाते हैं।

### लोकसभा चुनाव की वजह से बाहर से नही आ पा रहा माल, बाजार में पसरा सन्नाटा

**महोबा।** अक्षय तृतीया पर्व को लोकमान्य धनतेरस के रूप में मनाते हैं द्य आगामी 10 मई को अक्षय तृतीया पर्व को लेकर सर्राफा बाजार में उत्साह नजर नहीं आ रहा है। सोना चांदी के आभूषणों का व्यापार करने वाले व्यापारियों के अनुसार सहालग का सन्नाटा और चुनावी बंदिशों के चलते बहुत कम आर्डर है। नगदी की सीमा कम होने के चलते ऑर्डर नहीं मिलने से कारोबार सही ढंग से नहीं चल रहा है। अक्षय तृतीया वाले दिन सहालग नहीं पड़ रही है और दूसरी ओर निर्वाचन को लेकर आचार संहिता लागू होने से बिना कागजात अधिकतम पचास हजार रुपये लेकर ही आ जा सकते हैं। सर्राफा व्यापारियों की माने तो बीते वर्ष अक्षय तृतीया के पर्व पर सोना चांदी के आभूषण खरीदने के पहले से ही लोगों के द्वारा ऑर्डर बुक कराए जा रहे थे ।इस बार बाजार में सन्नाटा छाया हुआ है ।चुनाव का असर साफ देखने को मिल रहा है। चुनावी माहौल होने के कारण कोई रिस्क नहीं लेना चाह रहा है चुनाव की वजह से बाहर से माल भी नहीं आ पा रहा है ऐसे में इस बार अच्छे तृतीया पर व्यापारियों को मुनाफा कम हो रहा है ।

### रेड क्रास दिवस पर जरूरतमंदों के बीच बांटा हाइजीन किट




**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**

बलिया, जिलाधिकारी / अध्यक्ष रेड क्रास बलिया के निर्देशानुसार व रेड क्रास बलिया के चेयरमैन संजय गुप्ता के नेतृत्व में इंडियन रेड क्रास सोसाइटी के सदस्यों ने शहर के हैबतपुर ग्राम सभा में 50 जरूरतमंद महिलाओं व युवतियों के बीच हाइजीन किट का वितरण किया। बताते चलें की रेड क्रास पूरे विश्व में 8 मई को रेड क्रास दिवस के रूप में मनाती है ।इसी दिन रेड क्रास के संस्थापक हेनरी डोनेट का जन्म हुआ था।

इस दौरान रेड क्रास के चेयरमैन संजय गुप्ता ने कहा की हमारी संस्था समाज में जरूरतमंद व असहाय लोगों के बीच राहत पहुंचाने का कार्य निरंतर करती रहती है। संरक्षक सदस्य / ष्ठस्ह जिला चिकित्सालय डॉ अभिषेक मिश्रा ने इस दौरान उपस्थित लोगों को रेड क्रास के बारे में विस्तार से जानकारी देने के साथ साथ वर्तमान में भीषण लू के प्रभाव से बचने और सावधानी बरतने के लिए भी जागरूक किया। टी डी कालेज के प्रोफेसर डॉ रमेश राय ने कहा की रेड क्रास पूरे विश्व में मानव सेवा की सबसे बड़ी संस्था है तथा लोगों के चेहरे पर मुस्कान लाने के लिए समाज में अनेको कार्यक्रम करती रहती है। इस दौरान उपस्थित अतिथियों का सम्मान भी किया गया। मुख्य रूप से चेयरमैन संजय गुप्ता, संरक्षक सदस्य डॉ अभिषेक मिश्रा,डॉ रमेश राय , सामाजिक कार्यकर्ता दिनेश राय, पंकज,डॉ नीतेश जी, धर्मवीर, अजीत आदि लोग उपस्थित रहे।

## अध पड़े निर्माणधीन हाइवे के चलते ऑटो में पीछे से घुसी बाइक, बाइक सवार गम्भीर घायल



**दैनिक सिद्धि सरकार से सादान की रिपोर्ट**
**जिला लखीमपुर खीरी**

उचौलिया थाना। उचौलिया थाना क्षेत्र के अंतर्गत नेशनल हाइवे 30 पर कोटरा में दो बाइक सवार अध पड़े निर्मित हाइवे के चलते आगे चल रहे ऑटो में जा घुसी। हादसे में बाइक सवार हुए घायल, जिसमे बाइक पर पीछे बैठा बाइक सवार हुए गम्भीर घायल। राहत प्रदान किये जाने हेतु तत्काल मौके पर पहुंची जनप्रति वेलफेयर की टीम ने घायलों को व उनकी बाइक को साइड करवाया और फ्री प्राथमिक उपचार किया। मिली जानकारी के अनुसार उचौलिया थाना क्षेत्र के कोटरा में हुआ सड़क हादसा, हादसे में आगे जा रहे ऑटो यूपी 27 टी 8112 जिन्होंने निर्माणधीन हाइवे पर आधुरे बने हाइवे को देख धीरे कर लिया, उसी के पीछे आ रही बाइक जिस पर 2 सवार थे वो न तो निर्माणधीन हाइवे देख पाए और न समझ पाए कि ऑटो स्लो हुआ है, वही पीछे से तेजी से आ रही बाइक नम्बर यूपी 31 एवाई 2232 आगे चल रहे ऑटो में पीछे से घुस गई। हादसे में बाइक सवार मदन पुत्र राजिंदर निवासी ग्राम कोडरा थाना पसगवां जो बाइक से उछल कर काफी दूर जा गिरा जिससे उसके ज्यादा गम्भीर चोटें आई व दूसरे के आई मामूली चोटें जो शाहजहांपुर से अपने गांव कोड़रा के लिए जा रहे थे। घायलो में एक मदन पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम कोड़रा थाना पसगवां व दूसरा साजिद पुत्र स्व0 रफीउल्ला निवासी ग्राम जमीरहा थान पसगवां। वही तुरन्त मौके पर पहुंच जनप्रति वेलफेयर फाउंडेशन की टीम ने घायलो को व बाइक को रोड से साइड कर किया जब जनप्रति वेलफ़ेयर फाउंडेशन टीम को पता चला की ऑटो में टक्कर लगी। जिससे जनप्रति वेलफ़ेयर की टीम ने उस आटो को पकड़ने के लिए पीछे से बाइक दौड़ाई, फिर टीम ने उन्हें दौड़ाकर सुनौवा हॉल्ट पर जाकर पकड़ा, सीसीटीवी फुटेज के आधार पर सारी गलती बाइक सवारों की मिली, जिससे फिर ऑटो चालक को छोड़ दिया गया। जनप्रति वेलफ़ेयर की टीम के द्वारा दिए गए फ्री प्राथमिक उपचार के बाद एम्बुलेंस को फोन कर बुलाया व एम्बुलेंस के सहारे सीएचसी पसगवां भेजा, जहां चल रहा उनका इलाज, हादसे में एक का कान कटा। हादसे में गलिमत थी की बाइक चालक ने हेलमेट पहने हुए था।

## यह चुनाव राम मंदिर बनाने वाले और कारसेवकों पर गोली चलाने वाले के बीच का है: ब्रजेश पाठक

**बलिया ब्यूरो चीफ ओम प्रकाश पाण्डेय**




बलिया। सुखपुरा इंटर कॉलेज सुखपुरा में बुधवार को आयोजित विजय संकल्प नामांकन सभा का आयोजन किया गया।जिसको संबोधित करते हुए प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने कहा कि यह संघर्ष राम मंदिर बनाने वाले और कारसेवकों पर गोली चलाने वालों तथा राम मंदिर को बेकार कहने वालों के बीच है।कहा कि आज जहां हम वन जिला वन प्रोडक्ट पर काम कर रहे हैं वहीं सपा ने अपने शासनकाल में वन जिला वन माफिया पैदा किया।

2004 से 2014 तक की यूपीए सरकार का जिक्र करते हुए कहा कि उस सरकार ने भ्रष्टाचार के सारे पैमाने तोड़ने का काम किया था। 2014 में जब आप लोगों ने मोदी जी को देश की बागडोर सौंपी तब दुनिया ने भारत की वास्तविक ताकत को समझा। उन्होंने भारत सरकार और प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं का जिक्र करते हुए कहा कि हम भारत को विकसित राष्ट्र बनाने की तरफ बढ़ रहे हैं तो विपक्ष इसमें तरह-तरह का अड़ंगा पैदा करने का प्रयास कर रहा है।प्रदेश सरकार के अल्पसंख्यक कल्याण व पंचायती राज मंत्री और सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि उत्तर प्रदेश की 80 सीट जीतने की जिम्मेदारी मोदी जी और योगी जी ने हम लोगों को दी है और उसे हम लोगों को पूरा करना है।

आप सभी इसके लिए संकल्प लें।उन्होंने भोजपुरी में लोगों से सीधा संवाद किया और कहा कि प्रभात फेरी निकाले और लोगों को तीसरी बार मोदी सरकार बनाने में सहभागी बने।प्रदेश सरकार के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने कहा कि हम लोग भारत को महान राष्ट्र बनाना चाहते हैं तो विपक्ष का एक ही एजेंडा है कि मोदी को किसी तरह रोकना है ताकि उनके परिवार की राजनीतिक व आर्थिक स्थिति सुदृढ़ हो सके।आज चारा,शराब और जमीन घोटालेबाज परेशान है।

तीसरी बार मोदी की सरकार आएगी तो देश के लोगों की संपत्ति लूटने वाले जेल में होंगे। प्रदेश सरकार की ग्राम विकास राज्य मंत्री विजयलक्ष्मी गौतम ने कहा कि हिंदू-मुसलमान और अगला-पिछला किये बिना आप तीसरी बार मोदी जी की सरकार बनाएं सलेमपुर से लेकर देश तक हैट्रिक लगाने का कार्य करें।सभा को सांसद रविंद्र कुशवाहा,विधायक केतकी सिंह,पूर्व विधायक भगवान पाठक,राजधारी, विधायक हंसु राम,जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष विनोद शंकर दुबे,पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी,देवरिया जिला भाजपा अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह आदि ने संबोधित किया।

## दस वार्डों में बैटरी चालित वाहन घरेलू अपशिष्ट संग्रहण के लिए लगाए गए





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ नगर निगम के जोन-4 में घरों से एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से ठोस अपशिष्ट संग्रहण का कार्य हो रहा है नगर निगम स्वच्छता अभियान संस्था का अनुबंध होने के बाद, जोन-4 के कुल 10 वार्डों में 121 बैटरी चालित वाहन घरेलू अपशिष्ट संग्रहण के लिए लगाए गए है साथ 24 वाहन व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से ठोस अपशिष्ट संग्रहण में लगाए गए हैं तथा संस्था द्वारा 36 पर्यवेक्षक, सुपरवाइजर दो यूनिट प्रभारी तथा एक जोनल अधिकारी इस कार्य के पर्यवेक्षण हेतु लगाए गए हैं। साथ ही जोन के सभी जोनल अधिकारी, जेडएसओ को भी लगाया गया है।

संस्था के कर्मचारियों के कार्य द्वारा सफाई व्यवस्था स्थापित करने हेतु कैलाश कुंज, निशातगंज, पेपर मिल तथा लखनऊ क्लब स्थानों पर अपशिष्ट संग्रहण और परिवहन हेतु पोर्टेबल कम्पेक्टर लगाए गए हैं जिससे कि अपशिष्ट का परिवहन वैज्ञानिक विधि से किया जा सके। साथ ही रिफ्यूज कॉम्पैक्टआर भी लगाया गया है।

संस्था द्वारा वाहनों की निगरानी हेतु सभी पार्किंग यार्ड में आर.एफ.आई. डी रीडर लगे हैं तथा वाहनों को ट्रैक करने के लिए जियो फेंसिंग ट्रैकिंग सिस्टम भी संस्था द्वारा लगाया जा रहा है, साथ ही सभी जोन के जेडओ और जेडएसओ को भी निर्देशित किया गया है जहा जहा अवैध रूप से रिसाइबल कूड़ा लाकर इकट्ठा किया जा रहा है और उसका विक्रय आदि का काम अवैध रूप से किया जा रहा है, ऐसे सभी अवैध स्थानों को चिन्हित कर इन पर भी कार्यवाही की जाएगी ऐसे सभी स्थानों को चिन्हित किया जा रहा है।

## महिला सशक्तिकरण के तहत पहलवान गुरुदीन महिला महाविद्यालय की छात्राओं ने निकाली जागरूकता रैली





**ललितपुर।** पहलवान गुरुदीन स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय में अपराजिता के संयुक्त तत्वाधान में महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत महिला मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एनएसएस एनसीसी रोवर्स रेंजर्स उन्नत भारत के वॉलिंटियर्स एवं महाविद्यालय में अध्यनरत समस्त छात्राएं उपस्थित रही महाविद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सितारा देवी ने बताया कि लोकतंत्र में महिला मतदाता की भूमिका सबसे ज्यादा महत्वपूर्ण होती है। यदि महिलाएं जागरूक हो तो वह अपने पूरे परिवार को मतदान के लिए प्रेरित कर बूथ तक पहुंचने में मदद करती हैं। अध्यक्ष श्रीमती कंचन लता यादव ने बताया कि लोकतंत्र के इस महापर्व में महिलाओं की शत् प्रतिशत भागीदारी के लिए ग्राम पंचायत, वार्ड एवं गली, मोहल्ले में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर महिलाओं को मतदान के महत्व को समझाया जाए। जिसमें महिलाओं की शत् प्रतिशत भागीदारी सुनिश्चित हो सके।महाविद्यालय की प्रबंध निर्देशिका डॉ. पूजा यादव ने बताया कि देश की आधी आबादी सशक्त महिलाएं हैं और उनकी सक्रिय भागीदारी के बिना लोकतंत्र को पूर्णता प्रतिष्ठित नहीं किया जा सकता। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सूफिया ने बताया कि यदि हम महिलाओं के चुनावी भागीदारी पर चर्चा करें तो हमें पता चलता है कि साल 2009 और फिर 2014 के आम चुनाव में महिलाओं के मतदान के माध्यम से जो भागीदारी थी। उसमें 2019 में वृद्धि हुई है। इस चुनाव में महिलाओं ने पहली बार पुरुषों से अधिक मतदान किया। भारत के लोकतांत्रिक इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है कि 67.11 प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मतदान अधिकार का इस्तेमाल किया है। इस अवसर पर कैप्टन डॉक्टर वंदना याज्ञिक, असि0 प्रो0 प्रकाश खरे, असि0 प्रो0 प्रीति शुक्ला, एनएसएस द्वितीय इकाई अधिकारी साधना नागल, असि0 प्रो0 रंजना श्रीवास्तव, असि0 प्रो0 रत्ना याज्ञिक,असि0 प्रो0 सुषमा पटेल,असि0 प्रो0 नेहा याज्ञिक, श्रीमती रजनी यादव, राघवेंद्र सिंह, जगत झा मुस्ताक खान, श्रीमती गेंदा, मालती राज, नेहा अहिरवार, सचिन पटेल,मुजफ्फर अली, राम सहाय, विमला,परमानंद तथा वर्षा, उपस्थित रहे।

# पीत पत्रकारिता से दूर रहे पत्रकार: महेंद्र सिंह


**ग्रापए के बैठक में संगठन के पदाधिकारीयो को वितरण किया गया संगठन का परिचय पत्र।**

**पड़री मीरजापुर।** विकास खण्ड पहाड़ी के पड़री बाजार स्थित श्री ज्ञानानंद इंटर कालेज के बैठक सभागार में बुद्धवार को ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन उत्तर प्रदेश के बैनर तले कार्यक्रम का आयोजन किया गया।आयोजन के मुख्यअतिथि संगठन के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह व खण्ड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी फरहा रईस ने सर्वप्रथम विद्यालय प्रांगण स्थित माँ सरस्वती व ज्ञानानंद महाराज के मूर्ति पर माल्यार्पण व पूजन अर्चन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।उसके बाद आयोजन में मंचासीन मुख्य व विशिष्ट अतिथियों को माला पहनाकर एवं अंगवस्त्रम देकर सम्मानित किया गया।इसके बाद कालजे के बच्चीयों द्वारा स्वागत गीत गाकर सभागार में उपस्थित सभी का स्वागत किया गया।मुख्य अतिथि ग्रापए के प्रदेश महामंत्री महेंद्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा की पत्रकार कलम के सिपाही पित पत्रकारिता से बचे और निष्पक्ष पत्रकारिता पर जोर दे,हम समाज के आईना है एवं सूचनाओं व घटनाओं को लेकर जनता हम पर पुरजोर भरोसा व उम्मीद करती है इसलिए हमें भी अपने कलम का उपयोग सत्यता,निष्पक्षता,व सामाजिकता को देखते हुए करना चाहिए।इसी तरह विशिष्ट अतिथि खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी फरहा रईस ने कहा कि लोकतंत्र के चौथे स्तंभ की समाज में बहुत बड़ी जिम्मेदारी हैं। समाज में व्याप्त कुरितियो को उजागर कर समाज आइना दिखाने का काम करते हैं। उन्होंने कहा कि हम सबको भी कभी कभी अपनी कमियां मिडिया के माध्यम से मालूम होती हैं। मिडिया को निगेटिव के साथ साथ पाज़िटिव खबरें भी लोगों के बीच में लाना चाहिए।तदुपरांत आयोजन में पहाड़ी मंडल,कछवा व मझवां के संगठन पदाधिकारियों को मुख्य व विशिष्ट अतिथि द्वारा परिचय पत्र वितरण किया गया।साथ ही ग्राम सभाओं में उत्कृष्ट कार्य करने वाले ग्राम प्रधानों, चिकित्सा के क्षेत्र में विशेष योगदान के लिए खंड शिक्षा अधिकारी पहाड़ी फरहा रइस व प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ आनंद यादव को भी अंगवस्त्रम व मोमेन्टो देकर संमानित किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के जिलाध्यक्ष अजय कुमार ओझा व संचालन कॉलेज के अध्यापक बृजेश दुबे ने किया।इस मौके पर ग्रामीण पत्रकार एशोसिएशन के मंडल पहाड़ी, व मझवां कछवा के संगठन पदाधिकारी व विकास खण्ड पहाड़ी के प्रधानसंघ अध्यक्ष ब्यासजी बिन्द,पड़री प्रधान रामदेव सरोज,पचोखरा प्रधान अनिल कुमार सिंह,कनौरा प्रधान राकेश यादव,सरैया प्रधान महेश यादव समेत अन्य प्रधानगण, व विद्यालय के समस्त स्टाप उपस्थित रहे।



### सचिवों को आवश्यक निर्देश देते खंड विकास अधिकारी : गणेश कुमार वर्मा

माधौगढ रामपुरा, जालौन ।खंड विकास अधिकारी ने आज सचिवों के साथ एक महत्वपूर्ण साप्ताहिक बैठक कर निर्देश दिए हैं जिन ग्राम पंचायतों में गौशाला है उन ग्राम पंचायत में गौशाला में सीसीटीवी कैमरे दूरस्थ होना अनिवार्य है मनरेगा से चल रहे पुराने कार्य को शीघ्र पूर्ण कर



मास्टर रोल फीड करा लें गौशाला मैं विशेष तौर से भूसा की व्यवस्था पर्याप्त होना चाहिए पेयजल की व्यवस्था भी दुरुस्त होना चाहिए बीडीओ ने सचिवों को निर्देशित करते हुए कहा है सत प्रतिशत मनरेगा से पुराने चल रहे कार्यों में मजदूरों को मजदूरी उपलब्ध करवाई जाए हर ग्राम पंचायत में सफाई की व्यवस्था दुरस्त होनी चाहिए जिन ग्राम पंचायतों में प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री आवास योजना के तहत आवास दिए गए जो आवास अभी तक पूरे नहीं हुए उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करा लें अधूरे पड़े आवासों को पूर्ण न होने पर कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी प्रत्येक ग्राम पंचायत में मनरेगा के तहत चल रहे कार्यों में तेजी लाई जाए अपने-अपने गौशालाओं में भूसा पानी की व्यवस्था दुरुस्त रखें।

दैनिक सिद्धि सरकार के लिए स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक अखिलेश कुमार द्वारा परशुराम एसोसिएट एंड कानन ड्रीम प्रोडेक्शन प्राइवेट लिमिटेड कंपनी नहर रोड, आजादपुरा ललितपुर (उ.प्र.) से छपवाकर 91 मसौरा खुर्द ललितपुर (उ.प्र.) से प्रकाशित।
संपादक अखिलेश कुमार। Email : siddhisarkar94@gmail.com सभी विवादों का न्याय क्षेत्र ललितपुर होगा। मो. 9793444829, 9044133894